Samyak
An Institute For Civil Services

# मासिक समसामयिकी

# करेंट अफेयर्स

## मार्च 2025

### विशेष आकर्षण

- अंतर्राष्ट्रीय घटनाचक्र
- राष्ट्रीय घटनाचक्र
- राजस्थान घटनाचक्र
- रक्षा/विज्ञान प्रौद्योगिकी
- आर्थिक घटनाचक्र
- खेल जगत




सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए समान रूप से उपयोगी




# INDEX


| | | पेज नं. |
|---|---|---|
| 1 | राजस्थान परिदृश्य | 1 – 12 |
| 2 | राष्ट्रीय परिदृश्य | 13 |
| 3 | आर्थिक परिदृश्य | 14 – 18 |
| 4 | अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य | 19 – 22 |
| 5 | अंतरिक्ष एवं रक्षा प्रौद्योगिकी | 23 – 26 |
| 6 | खेल परिदृश्य | 27 – 29 |
| 7 | पुरस्कार एवं सम्मान | 30 – 32 |
| 8 | चर्चित व्यक्तित्व | 33 |
| 9 | चर्चित स्थल | 34 – 39 |
| 10 | रिपोर्ट्स एवं इंडेक्स | 40 – 42 |
| 11 | महत्त्वपूर्ण दिवस | 43 – 44 |


# मासिक करेंट अफेयर्स

## मार्च : 2025

Near Riddhi-Siddhi Circle, Gopalpura Bypass, Jaipur

# 1. राजस्थान परिदृश्य

## राजस्थान स्थापना दिवस 2025

- इस बार परंपरागत 30 मार्च की बजाय चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को मनाया गया।
- 25 मार्च से 1 अप्रैल तक राज्यभर में विभिन्न विषयों पर कार्यक्रम आयोजित हुए।
- पृष्ठभूमि: 1949 में सरदार पटेल द्वारा चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को 'वृहद् राजस्थान' की स्थापना की गई थी।

**राजस्थान दिवस समारोह**

| तारीख | समारोह | स्थान |
|---|---|---|
| 25 मार्च (**शुरुआत**) | 'महिला सम्मेलन' | बाड़मेर |
| 26 मार्च | 'किसान सम्मेलन एवं एफपीओ कार्यक्रम' | बीकानेर |
| 27 मार्च | 'गरीब एवं अन्त्योदय' का कार्यक्रम | भरतपुर |
| 28 मार्च | 'सुशासन समारोह | भीलवाड़ा |
| 29 मार्च | 'युवा एवं रोजगार उत्सव' | कोटा |
| 30 मार्च (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) और 31 मार्च | राज्य स्तरीय 'निवेश उत्सव' | जयपुर |

## राजस्थान कृषक समर्थन योजना

- (रबी 2025-26) गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य ₹2425/क्विंटल + ₹150 बोनस
- कुल समर्थन मूल्य ₹2575/क्विंटल
- ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा (घर/ई-मित्र से)
- खरीद अवधि: 10 मार्च – 30 जून 2025
- राशि सीधे बैंक खाते में जमा

## स्व सशक्तीकरण से राष्ट्रीय सशक्तीकरण अभियान

- प्रारंभ: 16 मार्च 2025, जयपुर (ब्रह्माकुमारीज द्वारा)
- उद्देश्य: सुरक्षा बलों को मानसिक रूप से सशक्त बनाना
- भागीदारी: 100+ स्थानों पर 20,000+ सुरक्षाकर्मी
- समापन: 29 मार्च, माउंट आबू
- भागीदार बल: वायुसेना, नौसेना, सेना, BSF, RPF, CISF, जयपुर पुलिस, NCC

## राजस्थान नागरिक उड्डयन नीति 2024

- जारी: 20 मार्च 2025
- उद्देश्य: हवाई अड्डों, पट्टियों व हेलीपोर्ट्स का आधुनिकीकरण
- पहले चरण में विकास: बाड़मेर (उत्तरलाई) और उदयपुर हवाई अड्डे
- रात्री उड़ानों हेतु: सवाई माधोपुर, नागौर, भीलवाड़ा, आबूरोड, श्रीगंगानगर
- कोटा में नया हवाई अड्डा (AAI सहयोग से)
- झालावाड़ में उड़ान प्रशिक्षण संगठन
- जयपुर में शहर की ओर विकास और नया कार्गो कॉम्प्लेक्स

## सक्षम जयपुर अभियान

- जयपुर जिला प्रशासन द्वारा प्रारंभ किया गया।
- कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण एवं राजकॉप एप की जानकारी दी गई।
- यह अभियान शिक्षा विभाग व महिला सुरक्षा संगठनों के सहयोग से दो चरणों में चलाया गया।

## ऑपरेशन गरिमा

- (1–15 मार्च 2025) जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की पहल।
- स्कूल-कॉलेज, पार्क और मिनी-सिटी बसों में महिलाओं से छेड़छाड़ रोकने हेतु निगरानी।
- महिला-बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण व राजकॉप सिटीजन एप (नीड हेल्प) की जानकारी दी गई।

# मुख्यमंत्री घोषणाएं – वित्त एवं विनियोग विधेयक चर्चा (12 मार्च 2025)

## पेयजल सुधार

- घोषित 1500 हैंडपम्प की बजाय अब 2500 हैंडपम्प लगाए जाएंगे।
- पेयजल समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु हर जिला कलक्टर को 1 करोड़ रुपये का Untied Fund (ग्रीष्मकालीन आकस्मिकता हेतु)।

## सुनियोजित विकास और नागरिक सुविधाएं

- तीन प्रमुख हाइवे पर ZerAccident Zones के पास बड़े वाहनों के लिए 5-5 सुविधा व विश्राम स्थल स्थापित होंगे – नेत्र जांच व चिकित्सा सुविधा सहित।
- सड़क सुरक्षा के लिए निजी सहयोग से 10 ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे।
- जैसलमेर में थीम पार्क का निर्माण होगा।
- ग्रामीण अकृषि भूमि रूपांतरण की समय सीमा 45 से घटाकर 30 दिन की जाएगी।
- **नये शहरी विकास निकाय:**
  - भिवाड़ी विकास प्राधिकरण (BIDA पुनर्निर्धारण)
  - दौसा-बांदीकुई नगर विकास न्यास (DMIC लॉजिस्टिक हब हेतु)
  - बालोतरा नगर विकास न्यास (रिफाइनरी व पेट्रो-केमिकल ज़ोन हेतु)
- स्ट्रीट लाइट्स: पूर्व घोषित 50,000 की संख्या बढ़ाकर अब 1 लाख स्ट्रीट लाइट्स लगाई जाएंगी।

## औद्योगिक विकास

- CNG और PNG पर VAT घटाकर 7.5% किया जाएगा।
- उद्यमियों को GST, VAT, विद्युत शुल्क विवरण ITMS पोर्टल के माध्यम से मिलेगा।
- प्रवासी राजस्थानियों की भागीदारी बढ़ाने हेतु राजस्थान फाउंडेशन के नए चैप्टर गुवाहाटी, पुणे, दिल्ली सहित दुबई, सिंगापुर, टोक्यो, नैरोबी, मेलबर्न आदि शहरों में खोले जाएंगे।
- नवगठित जिलों (ब्यावर, बालोतरा, डीडवाना-कुचामन, डीग आदि) में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (DMFT) की स्थापना होगी।

## पर्यटन, कला एवं संस्कृति

- युवाओं को सांस्कृतिक विरासत से परिचय हेतु 'भारत एवं राजस्थान पहचान भ्रमण कार्यक्रम' शुरू होगा।
- भविष्य में राजस्थान दिवस चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही मनाया जाएगा (ऐतिहासिक रूप से वृहद् राजस्थान की स्थापना इसी दिन हुई थी)।
- गुहड़ा (जैसलमेर) में संत सदाराम जी महाराज पेनोरमा का निर्माण होगा।

## युवा विकास एवं कल्याण

- **मुख्यमंत्री युवा रोजगार प्रोत्साहन योजना**
  - पहली बार संगठित निजी क्षेत्र में नौकरी पाने वाले युवाओं को ₹10,000 की एकबारीय सहायता (यदि वेतन ₹50,000/माह से कम)।
- **कौशल एवं करियर काउंसलिंग**
  - जयपुर, भरतपुर और उदयपुर में Centre for Advanced Skilling & Career Counselling की स्थापना (बजट ₹100 करोड़)।
  - PM Internship / National Apprenticeship Program में शामिल युवाओं को ₹6,000 मासिक स्टाइपंड (बेरोजगारी भत्ते के स्थान पर)।
- **शिक्षा क्षेत्र में पहलें**
- पीपलूंद-भीलवाड़ा और राजसमंद में नए कृषि महाविद्यालय स्थापित होंगे।
- जयपुर कोचिंग हब में IIT जोधपुर का नया कैंपस स्थापित किया जाएगा।
- आगामी सत्र से मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान (MSRA) शुरू होगा – NEP लागू करने व शिक्षा की गुणवत्ता सुधार हेतु।
- राजस्थान राज्य मुक्त विद्यालय में ऑन-डिमांड परीक्षा प्रणाली शुरू होगी – श्रमिक व वंचित वर्गों के बच्चों को लाभ।
- तारातरा मठ (बाड़मेर) और गोमरख धाम में आदर्श वेद आवासीय विद्यालय की स्थापना होगी।
- राजसमंद में निष्क्रमणीय पशुपालक आवासीय विद्यालय खुलेगा।

## खेल सुविधाओं का विकास

- राज्य स्तर पर खेल निदेशालय की स्थापना की जाएगी।
- भीलवाड़ा में मल्टीपर्पज़ स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, श्रीगंगानगर में साइकिल ट्रैक, तथा कुम्हेर-डीग और केशोरायपाटन-बूंदी में खेल स्टेडियम का निर्माण होगा।

## चिकित्सा एवं स्वास्थ्य

- RIMS (जयपुर) में अत्याधुनिक थैलासीमिया सेंटर की स्थापना होगी।
- थैलासीमिया की रोकथाम हेतु बचाव व नियंत्रण कार्यक्रम भी चलाया जाएगा।
- आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को मिलने वाले दूध की मात्रा 15 ग्राम से बढ़ाकर 25 ग्राम प्रति पैकेट की जाएगी।
- 8 मेडिकल कॉलेजों में सम्पूर्ण स्तनपान प्रबंधन केन्द्र (CLMC) व 11 अन्य अस्पतालों में स्तनपान प्रबंधन इकाई (LMU) स्थापित की जाएगी।
- एसएमएस अस्पताल, जयपुर में स्ट्रोक इंटरवेंशनल और रिहैबिलिटेशन यूनिट स्थापित की जाएगी।

## सामाजिक सुरक्षा

- पं. दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गाँव योजना प्रारंभ – प्रथम चरण में 5,000 गाँव, बजट ₹300 करोड़।
- दिव्यांग युवाओं के लिए स्कूटी की संख्या 2,000 से बढ़ाकर 2,500 की जाएगी।
- लखपति दीदी को 1.5% ब्याज दर पर ऋण मिलेगा।
- लाडो प्रोत्साहन योजना की सेविंग बॉन्ड राशि ₹1 लाख से बढ़ाकर ₹1.5 लाख की जाएगी।
- ब्लॉक स्तर पर लखपति दीदी, ड्रोन दीदी, सोलर दीदी, बैंक सखी, कृषि सखी, पशु सखी में से उत्कृष्ट 10 महिलाओं को सम्मान व टैबलेट दिए जाएंगे।
- देवनारायण कोष के अंतर्गत ₹450 करोड़ का प्रावधान – वंचित वर्गों व MBC कल्याण हेतु।

## कृषि एवं पशुपालन

- 60,000 सौर ऊर्जा पंप पर अनुदान उपलब्ध करवाया जाएगा (माइक्रो सिंचाई हेतु)।
- PLDB ऋणों के लिए वन टाइम सेटलमेंट (OTS) योजना शुरू होगी।
- पाली में देशी पशुओं के संरक्षण हेतु राजस्थान का पहला 'Centre of Excellence Indigenous Farm' स्थापित किया जाएगा।

## हरित विकास (Green Growth)

- "कर्मभूमि से मातृभूमि" अभियान के अंतर्गत CSR फंडिंग से 5,000 जल पुनर्भरण संरचनाएं बनाई जाएंगी।
- मोखला पारेवर (जैसलमेर) और बुचारा मेन (जयपुर) में नए कंजर्वेशन रिजर्व स्थापित होंगे।

- भरतपुर में बायोलॉजिकल पार्क का निर्माण होगा।
- राष्ट्रीय मरू उद्यान, जैसलमेर में 2,000 हेक्टेयर क्षेत्र में गोडावण संरक्षण किया जाएगा।

**सुशासन से जुड़ी प्रमुख घोषणाएं**

**कानून-व्यवस्था व नागरिक सुरक्षा**

- 'राजस्थान नागरिक सुरक्षा अधिनियम' लाया जाएगा – आमजन हेतु सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने हेतु।
- 25,000 CCTV कैमरे स्थापित किए जाएंगे।
- 250 अतिरिक्त कालिका पेट्रोलिंग यूनिट्स महिला सुरक्षा हेतु गठित होंगी।
- 70 मोबाइल फोरेंसिक यूनिट्स – नवीन न्याय संहिताओं हेतु फोरेंसिक साक्ष्य संकलन के लिए।

**न्याय व वित्तीय दक्षता हेतु संस्थान**

- **नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, जोधपुर के तहत –**
  - Centre of Excellence for Legal Research and Application स्थापित होगा।
- **राज्य सरकार के अधीन –**
  - Centre for Economic Transformation and Financial Management की स्थापना होगी।
- **डिजिटलीकरण और नीति निर्माण**
- राजस्थान डिजिटल मिशन – ई-गवर्नेंस विस्तार और विशेषज्ञों की भागीदारी हेतु।
- AI/ML (Artificial Intelligence and Machine Learning) Policy लागू की जाएगी।
- OncFacilitation Programme – RGHS के तहत कैंसर पीड़ितों को आसान इलाज उपलब्ध कराने हेतु।

**प्रशासनिक सुधार व सुविधाएं**

- मंत्रालयिक निदेशालय – कार्मिकों की समस्याओं के समाधान व दक्षता बढ़ाने हेतु।
- 25 नवीन नगर पालिकाओं का गठन एवं 4 नगरीय निकायों का क्रमोन्नयन:
- जैतारण (ब्यावर), छबड़ा (बारां), निम्बाहेड़ा (चित्तौड़गढ़), रावतसर (हनुमानगढ़)।
- लोसल (सीकर) को उप तहसील से तहसील में क्रमोन्नत किया जाएगा।
- HCM RIPA, जयपुर में Recreation Centre की स्थापना।
- MLA LAD योजना के अंतर्गत गैर-राजकीय संस्थाओं को दी जाने वाली राशि ₹10 लाख से बढ़ाकर ₹25 लाख की जाएगी।
- राज्य प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन सलाहकार समिति का गठन – उपखण्ड, तहसील आदि की पुनर्संरचना हेतु।
- नवगठित 8 जिलों में मिनी सचिवालय स्थापित किए जाएंगे – समन्वय व सेवा दक्षता के लिए।
- लालकोठी, जयपुर में राज्य स्तरीय ऑफिस कॉम्प्लेक्स की स्थापना (बजट ₹450 करोड़)।

## मंत्रिमण्डल की बैठक: महत्वपूर्ण निर्णय

- राजस्थान मंत्रिमंडल की बैठक 8 मार्च 2025 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई।

**प्रमुख निर्णय**

- राज्य कौशल नीति को मंजूरी – युवाओं को औद्योगिक मांग के अनुसार विशेष कौशल प्रशिक्षण देकर वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया जाएगा।
- RTI संस्थानों को उन्नत कौशल केंद्रों में बदला जाएगा – नए कोर्स, मॉड्यूल व ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग की व्यवस्था।
- संभागीय मुख्यालयों पर मॉडल करियर सेंटर स्थापित होंगे – कौशल प्रशिक्षण, करियर काउंसलिंग, इंटर्नशिप और रोजगार की जानकारी।
- युवाओं को ऑटोमेशन, AI, मशीन लर्निंग, मैन्युफैक्चरिंग और साइबर सुरक्षा में प्रशिक्षित कर Industry 4.0 के लिए तैयार किया जाएगा।

**ऊर्जा व पर्यावरण**

- सौर ऊर्जा परियोजनाओं हेतु भूमि आवंटन: जैसलमेर–नयालूणाकलां
- फलौदी – ग्राम नोख
- बीकानेर – ग्राम केला, कालासर व सवाईसर

**कर्मचारी हित निर्णय**

- राज्य कर्मचारियों को 1 जनवरी 2024 से केन्द्र सरकार के अनुरूप बढ़ी हुई ग्रेच्युटी का लाभ मिलेगा।
- राजस्थान स्वैच्छा ग्रामीण शिक्षा सेवा नियम, 2010 के तहत शिक्षकों के पदनाम अब प्राध्यापक की जगह सहायक आचार्य, सह-आचार्य और आचार्य होंगे।
- राजस्थान जिला गजेटियर्स सेवा नियम, 1980 (वर्ष 2007 में समाप्त विभाग से जुड़ा) को विलोपित किया जाएगा।

**दिव्यांगजन कल्याण**

- समान अवसर नीति को मंजूरी – सभी विभागों, कार्यालयों व स्वायत्त संस्थाओं में लागू।
- विशेष योग्यजनों को रोटेशनल ट्रांसफर से यथासंभव छूट दी जाएगी।
- स्थानांतरण/पदोन्नति में वरीयता: दिव्यांगकार्मिक
- गंभीर विकलांग बच्चों के माता-पिता

**राजस्थान लोकतंत्र के सेनानियों का सम्मान विधेयक 2024**

- विधानसभा में पारित: 21 मार्च 2025 को ध्वनिमत से पारित।
- लागू अवधि: 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 के बीच लोकतंत्र की रक्षा हेतु जेल गए सेनानियों के लिए।

- प्रभावी तिथि: 1 जनवरी 2024 से नियम पुनः प्रभावी (घोषणा – 14 मार्च 2024)।
- लाभार्थी: कुल 1,140 (921 जीवित सेनानी + 219 दिवंगत सेनानियों के आश्रित)।
- **प्रावधान:**
    - ₹20,000 मासिक पेंशन
    - ₹4,000 मासिक चिकित्सा सहायता
    - निःशुल्क परिवहन सुविधा
    - पति/पत्नी को आजीवन सम्मान राशि व चिकित्सा सहायता
- पात्रता: राजस्थान निवासी, जिन्हें मीसा, भारत रक्षा अधिनियम 1971 या सीआरपीसी के तहत निरुद्ध किया गया था।

### राजस्थान भू-जल (संरक्षण और प्रबंधन) प्राधिकरण विधेयक 2025

- विधानसभा में पारित: 19 मार्च 2025
- उद्देश्य: गिरते भू-जल स्तर की रोकथाम और न्यायसंगत जल उपयोग सुनिश्चित करना।
- **मुख्य प्रावधान:**
    - राज्य स्तरीय प्राधिकरण का गठन – भू-जल नियंत्रण व प्रबंधन हेतु
    - जिला समिति – प्रत्येक जिले में स्थानीय योजना निर्माण हेतु
    - सिंचाई छोड़ अन्य जल उपयोग पर शुल्क
    - बिना अनुमति बोरिंग पर 6 माह जेल + ₹50,000 से ₹1 लाख जुर्माना
    - रेनवॉटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य – विशेषकर शहरी निर्माण में
- सदस्यता: प्रमुख अभियंता स्तर का अध्यक्ष, 2 विधायक, 2 भू-जल विशेषज्ञ
- पृष्ठभूमि: 2023 के अध्ययन के अनुसार राज्य के 216 ब्लॉक 'अतिदोहित' श्रेणी में हैं।

### नए गांव घोषित करने के मापदंडों में संशोधन

- घोषणा: राजस्थान सरकार द्वारा पुराने मापदंडों में संशोधन।
- **नए मापदंड:**
    - सामान्य क्षेत्र: 200 की आबादी वाले ढाणी/मजरे को राजस्व गांव घोषित किया जा सकता है।
    - रेगिस्तानी व अनुसूचित जनजाति क्षेत्र: न्यूनतम आबादी 150 निर्धारित।
- शर्त: मूल राजस्व गांव में शेष आबादी सामान्य क्षेत्र में 200 से कम नहीं होनी चाहिए।
- कार्यान्वयन: सभी जिलाधिकारियों को नवीन दिशानिर्देश जारी।

### राजस्थान उच्च न्यायालय में 4 न्यायाधीशों की नियुक्ति

- 28 मार्च 2025 को 4 अधिवक्ताओं को राजस्थान हाईकोर्ट में न्यायाधीश नियुक्त किया गया:

1. आनंद शर्मा – केंद्र सरकार के सीनियर काउंसल (जयपुर)
2. सुनील बेनीवाल – पूर्व चेयरमेन, राजस्थान बार काउंसिल (जोधपुर)
3. मुकेश राजपुरोहित – डिप्टी सॉलिसिटर जनरल (जोधपुर)
4. संदीप शाह – पूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता (जोधपुर)

- कुल जजों की संख्या अब 34 से बढ़कर 38 हुई।
- 7 अधिवक्ताओं की सिफारिश सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम द्वारा की गई थी (1 महिला सहित)।
- 3 नामों की अभी मंजूरी शेष: संदीप तनेजा, बलजिंदर सिंह संधू, शीतल मिर्धा।
- वर्तमान में 3 महिला न्यायाधीश: रेखा बोराणा, शुभा मेहता, डॉ. नूपुर भाटी।

### कुटले खान

- 9 मार्च 2025 को तीसरी बार IIFA अवॉर्ड समारोह में प्रस्तुति दी।
- राजस्थान के पहले लोक कलाकार जिनकी यह उपलब्धि है।
- **पूर्व IIFA प्रस्तुतियाँ:**
    - 2016 – मैड्रिड, स्पेन
    - 2019 – मुंबई
- विशेषता: लोक, बॉलीवुड, सूफी, भक्ति, राष्ट्रभक्ति गायन।

### डॉ. प्रमोद येवले – RSU के कुलपति

- राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (RSU) के कुलपति नियुक्त।
- कार्यकाल: 5 वर्ष या 70 वर्ष की आयु (जो पहले हो)।
- पहली बार नॉन-मेडिकल प्रोफेशनल को यह जिम्मेदारी सौंपी गई।

### एंजिला स्वामी – मिसेज यूनिवर्स 2025

- बीकानेर की एंजिला स्वामी ने थाईलैंड (पटाया) में आयोजित मिसेज यूनिवर्स 2025 प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### निधि सक्सेना – अंतरराष्ट्रीय फिल्म उपलब्धि

- जयपुर की लेखिका-निर्देशक निधि सक्सेना की फिल्म 'Secrets of Mountain Serpent' का वर्ल्ड प्रीमियर
- 27 अगस्त 2025
- 82वें वेनिस इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में।
- यह Biennale College Cinema 2025 की विजेता फिल्म रही।
- एक दशक बाद कोई भारतीय फिल्म इस श्रेणी में चयनित हुई।

### महावीर प्रसाद सैनी – पैरा खेलों में कोच

- द्रोणाचार्य अवॉर्डी सैनी को भारतीय पैराएथलेटिक्स टीम का कोच नियुक्त किया गया।

- वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्रि 2025 – 11 से 13 मार्च, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, नई दिल्ली।
- आयोजन – भारतीय पैरालंपिक समिति के तत्वावधान में।

### डॉ. सौरभ शर्मा – वैश्विक पाक शिक्षा में प्रतिनिधित्व

- राजस्थान के सेलिब्रिटी शेफ डॉ. सौरभ शर्मा को World Association of Chefs' Societies (WACS) की World Chef Education Committee में शामिल किया गया।
- भारत से चयनित चार प्रमुख शेफ में शामिल।
- वे भारतीय पाक परंपरा व सांस्कृतिक विरासत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करेंगे।

### चैतन्य एम सक्सेना – राष्ट्रीय जीव दया पुरस्कार

- जयपुर के चैतन्य एम सक्सेना को पशु कल्याण में उत्कृष्ट सेवाओं हेतु राष्ट्रीय जीव दया पुरस्कार मिला।
- पुरस्कार केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री द्वारा नई दिल्ली में प्रदान किया गया।

### अरविंद सिंह मेवाड़

- उदयपुर के पूर्व राजपरिवार के सदस्य अरविंद सिंह मेवाड़ का 26 मार्च 2025 को निधन।
- उदयपुर की कला, संस्कृति और विरासत के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान।
- डेस्टिनेशन वेडिंग सिटी और होटल इंडस्ट्री में उदयपुर की पहचान स्थापित करने में अग्रणी भूमिका।

### हिम्मत शाह – मूर्तिकला के दिग्गज का निधन

- प्रसिद्ध भारतीय मूर्तिकार हिम्मत शाह का जयपुर में निधन।
- कर्मभूमि – राजस्थान, जन्म – 22 जुलाई 1933, लोथल (गुजरात)।
- प्रमुख कृतियाँ: टेराकोटा हेड्स, बर्न्ट पेपर कोलाज, सिल्वर पेंटिंग्स।
- **प्रमुख सम्मान:**
  - ललित कला अकादमी पुरस्कार – 1956, 1962
  - बॉम्बे आर्ट सोसाइटी अवॉर्ड – 1962
  - साहित्य कला परिषद पुरस्कार – 1988

### कोटा – शाकाहारी वन्यजीवों के लिए पहला फूड बैंक

- मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व के पास 600 हेक्टेयर में ग्रासलैंड का विकास।
- क्षेत्र: दरा से किशोरसागर वन क्षेत्र।
- उद्देश्य: शाकाहारी वन्यजीवों को जंगल में ही पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना।
- यह राजस्थान का पहला स्पेशल जोन होगा जो फूड बैंक की तरह कार्य करेगा।

### राजस्थान का पहला 'भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र'

- RA Podar Institute of Management (राजस्थान विश्वविद्यालय से सम्बद्ध) द्वारा स्थापना।
- शोध सहायता केंद्र – छात्रों को निःशुल्क शोध-संबंधी जानकारी और मार्गदर्शन।
- उद्देश्य: भारतीय ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाना।

### IIT कानपुर – जयपुर के दो स्कूलों को करेगा विकसित

- चयनित स्कूल:
- महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, नवीन विद्याधर नगर
- महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, मानसरोवर
- कार्यक्रम: Centre of Excellence for Innovation in Basic Education
- सुविधाएँ: आधुनिक संसाधन, लैब, स्मार्ट क्लासरूम, कैंटीन, प्ले ग्राउंड, CCTV इत्यादि।

### जयपुर (लांगड़ियावास) – वेस्ट टू एनर्जी प्लांट

- हेरिटेज नगर निगम द्वारा शुरू किया गया प्लांट।
- क्षमता: 288 मेगावाट/दिन, 300 टन/दिन कचरा निस्तारण।
- बिजली दर: ₹7.31 प्रति यूनिट (जयपुर डिस्कॉम को आपूर्ति)।
- सीमेंट कंपनियों को कचरे की आपूर्ति + निर्माण सामग्री (ईंटें, टाइल्स, ब्लॉक्स) का उत्पादन।

### राजस्थान-मध्यप्रदेश – चीता कॉरिडोर क्षेत्र निर्धारण

- भारतीय वन्यजीव संस्थान (WII), देहरादून द्वारा निर्धारण।
- कुल क्षेत्रफल: 17,000 वर्ग किमी
- MP: 10,500 किमी² (61%)
- राजस्थान: 6,500 किमी² (37%)
- शामिल राजस्थान जिले: कोटा, बारां, झालावाड़, बूंदी, सवाई माधोपुर, करौली, चित्तौड़गढ़।
- सबसे अधिक हिस्सा कोटा संभाग का होगा।

### बांसवाड़ा – राजस्थान का पहला सेंसर युक्त हैंगिंग ब्रिज

- माही व अनास नदी के संगम पर निर्माणाधीन।
- कुल लंबाई: 906 मीटर, लागत: ₹105 करोड़।
- राजस्थान का पहला सेंसर टेक्नोलॉजी युक्त पुल, कोटा के बाद दूसरा हैंगिंग ब्रिज।
- **विशेषताएँ:**
  - लोड, गति व कंपन को मॉनिटर करने वाले सेंसर
  - भूकंपरोधी शॉक एब्जॉर्बर व फ्लेक्सिबल जॉइंट्स
  - स्पेशल वाटरप्रूफ कंक्रीट का उपयोग
  - रियल-टाइम अलर्ट प्रणाली

### अंतरराष्ट्रीय AI-रोबोटिक्स संस्थान – NIMS विश्वविद्यालय, जयपुर

- राजस्थान का पहला अंतरराष्ट्रीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-रोबोटिक्स संस्थान NIMS विश्वविद्यालय में शुरू।

- उद्घाटन: 1 अप्रैल 2025
- साझेदारी: राजस्थान सरकार व NIMS के बीच राइजिंग राजस्थान पहल के तहत MOU।
- उद्देश्य: राजस्थान को डिजिटल नवाचार व AI हब बनाना।
- **विशेषताएं:**
  - NVIDIA की कंप्यूटिंग व AI चिप लैब
  - जर्मनी की KUKA रोबोटिक्स, Siemens ऑटोमेशन लैब
  - Captix (कनाडा) की ड्रोन टेक्नोलॉजी लैब
  - 15 अत्याधुनिक लैब्स, 500+ हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटर
  - मान्यता: इंडो-पैसिफिक यूरोपियन हब फॉर डिजिटल पार्टनरशिप (INPES)

## सियागोस कैरेकल का ब्रीडिंग सेंटर – रणथंभौर

- कैरेकल (सियागोश) के संरक्षण हेतु ब्रीडिंग सेंटर की स्थापना।
- कैरेकल – विश्व के दुर्लभ जंगली जानवरों में शामिल, उड़ते पक्षियों का शिकार करने में निपुण।
- प्रमुख आवास क्षेत्र: रणथंभौर (राजस्थान) और कच्छ (गुजरात)।

## रेल रक्षक दल प्रोजेक्ट – उत्तर पश्चिम रेलवे

- देश का पहला पायलट प्रोजेक्ट – उत्तर पश्चिम रेलवे जोन द्वारा शुरू।
- तैनाती स्थान: बांदीकुई, उदयपुर, लालगढ़, मेड़ता रोड।
- विशेष प्रशिक्षण – NDRF के सहयोग से।
- उद्देश्य: रेल दुर्घटनाओं में 60 मिनट में राहत व बचाव कार्य शुरू करना।

## कृत्रिम गर्भाधान तकनीक प्लांट – बस्सी, जयपुर

- राजस्थान का पहला सैक्स सॉर्टेड सीमन लैब प्लांट।
- साझेदारी: केंद्र सरकार, NDDB, RCDF, RLDB।
- उत्पादन क्षमता: 10 लाख डोजेज प्रतिवर्ष।
- राज्य सरकार द्वारा 75% अनुदान प्रति डोज।

## गोबर गैस प्लांट – बस्सी, जयपुर

- राजस्थान कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन द्वारा गुजरात मॉडल पर आधारित प्लांट।
- प्रतिदिन क्षमता: 1500 किग्रा
- लागत: ₹50 करोड़ | साझेदारी: RCDF, NDDB, सुजूकी
- उद्देश्य: किसानों की आय वृद्धि, जैविक खेती व पर्यावरण संरक्षण
- गोबर खरीदी: 100 टन प्रतिदिन आसपास के गांवों से
- संचालन: NDDB व सुजूकी द्वारा

## भारत की सबसे लंबी 8 लेन टनल – कोटा-दरा, राजस्थान

- परियोजना: दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे, भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत।
- लंबाई: 5 किमी – भारत की सबसे लंबी 8-लेन टनल
- निर्माण तकनीक: New Austrian Tunnel Method (NATM)
- **विशेषताएं:**
  - इको-फ्रेंडली सेंसर
  - प्रदूषण बढ़ने पर स्वचालित एक्टिवेशन
  - उद्घाटन: नवंबर 2025

## राजस्थान रॉयल्स स्पोर्ट्स एरीना – जयपुर

- राइजिंग राजस्थान के तहत राजस्थान रॉयल्स ने 10,000 करोड़ रुपए का एमओयू किया।
- चित्तौड़ा (जयपुर) में 500 एकड़ में "ब्लैकबग" नामक मल्टीस्पोर्ट्स एरीना विकसित किया जाएगा।
- विकसित करने वाली इकाई: रॉयल मल्टीस्पोर्ट्स प्रा. लि.
- सुविधाएं: क्रिकेट स्टेडियम, ओलंपिक स्पोर्ट्स, एंटरटेनमेंट एरीना, एकेडमी, क्लब हाउस, कन्वेंशन सेंटर, होटल, मॉल, हॉस्पिटल, ट्रेनिंग स्कूल व कॉलेज।
- टीम का बेस: जयपुर | IPL में वर्ष 2008 से सक्रिय।

## रावतभाटा – 700 मेगावाट परमाणु बिजलीघर इकाई

- 16 मार्च 2025 को 7वीं इकाई से पहली बार बिजली उत्पादन शुरू।
- राजस्थान की पहली 700 मेगावाट क्षमता वाली परमाणु इकाई।
- कुल उत्पादन क्षमता: 1780 मेगावाट (80% वृद्धि)।
- विशेषता: देश की पहली इकाई, जहाँ फ्यूल व बिजली दोनों एक स्थान पर उत्पादित होते हैं।
- 50% बिजली राजस्थान को मिलेगी।

## डेगाना – लिथियम और टंगस्टन का खजाना

- नागौर जिले के रेवंत पहाड़ी (डेगाना) में विशाल खनिज भंडार की पुष्टि।
- **भंडार:**
  - 13.39 मिलियन टन टंगस्टन
  - 6.33 मिलियन टन लिथियम
  - 16.42 मिलियन टन नियोबियम-टैंटलम
- डेगाना का लिथियम भंडार जम्मू-कश्मीर से अधिक – भारत की 80% मांग पूरी कर सकता है।
- लिथियम उपयोग: मोबाइल, लैपटॉप, EV, चार्जेबल बैटरियों में।

## हाई-स्पीड रेलवे टेस्ट ट्रैक – सांभर

- निर्माणाधीन ट्रैक: गुढ़ा-ठठाना मीठड़ी (जयपुर–जोधपुर मार्ग)।
- लंबाई: 64 किमी, लागत: ₹967 करोड़
- रफ्तार परीक्षण: 220 किमी/घंटा
- टेस्टिंग: हाई-स्पीड ट्रेन, रेगुलर कोच, गुड्स वैगन
- विकसित किया जा रहा है अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान की तर्ज पर।

## कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान – जयपुर

- उद्घाटन: 8 मार्च 2025, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा।
- राजस्थान विधानसभा – देश की पहली विधानसभा जिसमें यह क्लब स्थापित।
- दिल्ली के कॉन्स्टीट्यूशन क्लब की तर्ज पर निर्माण।
- सुविधाएं: वेबसाइट, रेस्टोरेंट, कॉफी हाउस, स्विमिंग पूल, ऑडिटोरियम, कॉन्फ्रेंस हॉल, वीआईपी लाउंज, जिम, सैलून, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस, अतिथि कक्ष।

## मानेक शॉ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर नेशनल सिक्योरिटी स्टडीज एंड रिसर्च

- देश का पहला राष्ट्रीय सुरक्षा शोध केंद्र – फील्ड मार्शल सैम मानेक शॉ के नाम पर।
- संयुक्त संस्थान: IIIT दिल्ली, IIT जोधपुर, IIT गुवाहाटी, IIT कानपुर, IIT धारवाड़।
- पहली बैठक: 3 मार्च 2025, IIIT दिल्ली | शामिल: तीनों सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारी।
- उद्देश्य: आत्मनिर्भर भारत के तहत रक्षा क्षमताओं को सुदृढ़ करना और रक्षा प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता बढ़ाना।
- भूमिका: यह नोडल एजेंसी के रूप में रक्षा बलों, सुरक्षा एजेंसियों, शोध संस्थानों व शिक्षाविदों को जोड़ेगा।
- **संस्थानवार विशेषज्ञता:**
  - IIT जोधपुर: इंजन डिजाइन, UAV/RPA, डायरेक्टेड एनर्जी हथियार
  - IIT गुवाहाटी: कम्युनिकेशन, शॉकवेव, कंट्रोल ब्लास्ट रजिस्टेंस, हाइपरसोनिक एप्लिकेशन
  - IIT कानपुर: साइबर सिक्योरिटी, क्वांटम कंप्यूटिंग
  - IIT धारवाड़: IoT, डिजाइन व एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग
  - IIIT दिल्ली: एयरोस्पेस, स्पेस टेक्नोलॉजी, AI
- प्रमुख कार्य: नई टेक्नोलॉजी आधारित पाठ्यक्रम – रक्षा व सुरक्षा बलों के लिए।
- पुनः रोजगार प्रशिक्षण – अधिकारियों, JCOS, ORS व अग्निवीरों के लिए।
- हाइब्रिड युद्ध तकनीक से निपटने हेतु सहायता।

## राजस्थान में 5 रोपवे परियोजनाएं

- केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय से स्वीकृति प्राप्त | DPR निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ।
- उद्देश्य: धार्मिक व पर्यटन स्थलों का विकास व पर्यटकों के आकर्षण में वृद्धि।
- **स्थल**
  1. सवाई माधोपुर: जोगी महल–त्रिनेत्र गणेश मंदिर (1.45 किमी)
  2. जयपुर: आमेर–नारगढ़ वाया जयगढ़ फोर्ट (6.60 किमी)
  3. बूंदी: इंद्रगढ़ – बिजासन माता (600 मीटर)
  4. चित्तौड़गढ़: छतरंग मोरी – चित्तौड़गढ़ किला (1 किमी)
  5. बांसवाड़ा: बंधारिया हनुमान मंदिर – समाई माता मंदिर (850 मीटर)

## जयपुर एयरपोर्ट को डिजिटल पहल हेतु राष्ट्रीय सम्मान

- CII की 10वीं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जयपुर एयरपोर्ट को तीन पुरस्कार प्रदान किए गए।
- उद्देश्य: ऑपरेशनल दक्षता व यात्री अनुभव को बेहतर बनाना।
- **प्राप्त पुरस्कार:**

1. प्लेटिनम पुरस्कार – स्मार्ट मॉनिटरिंग सिस्टम (विमान नेविगेशन सुरक्षा हेतु)
2. स्वर्ण पुरस्कार – अंतरराष्ट्रीय यात्रियों हेतु वाई-फाई डिस्पेंसिंग कियोस्क
3. कांस्य पुरस्कार – मोबाइल आधारित सुगंध प्रणाली

## सुंदर कांति जोशी पुरस्कार – महिला क्रिकेट में उत्कृष्टता

- घोषणा: 24 मार्च 2025, वितरण समारोह: 3 अप्रैल 2025
- आयोजक: राधा निवास क्रिकेट क्लब
- राजस्थान की महिला क्रिकेटर्स को BCCI टूर्नामेंट में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।
- **पुरस्कार विजेता:**
  - सीनियर वर्ग: कौशल्या चौधरी (292 रन, 37 विकेट)
  - जूनियर वर्ग: मैना सियोल (179 रन, 12 विकेट)
  - सब-जूनियर वर्ग: धृति माथुर (350 रन, 7 विकेट)
  - लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड: सोनिया बिजावत (पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी – अजमेर)

## 'अभिमान' पुरस्कार – RCA द्वारा उत्कृष्ट क्रिकेटरों को सम्मान

- राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (RCA) की एडहॉक कमेटी द्वारा 19 मार्च 2025 को नाम घोषित, 25 मार्च को वितरण।
- उद्देश्य: राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले राजस्थान के खिलाड़ियों को सम्मानित करना।

**मुख्य पुरस्कार विजेता (पुरुष/महिला वर्ग):**

| अवॉर्ड | पुरुष वर्ग | महिला वर्ग |
|---|---|---|
| हनुमंत सिंह अवॉर्ड (सीनियर वर्ग) | महिपाल लोमरोर | सुमन मीणा |
| सलीम दुर्रानी अवॉर्ड (अंडर 23 आयु वर्ग) | मोहित चांगरा | उषा परेरिया |
| किशन रूंगटा अवॉर्ड (अंडर 19 आयु वर्ग) | जतिन सैनी | मैना सियोल |
| लक्ष्मण सिंह अवॉर्ड(पुरुष [अंडर-16] व महिला[अंडर-15]) | यथार्थ भारद्वाज | धृति माथुर |
| सर्वश्रेष्ठ इमर्जिंग प्लेयर अवॉर्ड | कार्तिक शर्मा | आयुषी गर्ग |

- **लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार:**कमल मोरारका, अशोक ओहरी, राजेंद्र राठौर, राकेश अग्रवाल (मरणोपरांत)
- **वरिष्ठ खेल पत्रकार:** सुंदर लाल मथुरिया (मरणोपरांत) – 60-80 के दशक में खेल पत्रकारिता में उल्लेखनीय योगदान।
- संयोजक: जयदीप बिहाणी (RCA एडहॉक कमेटी)

## सीकर के आसपुरा की महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय डिजाइन अवॉर्ड

- धापली देवी ने यूरोपियन प्रोडक्ट डिजाइन अवॉर्ड (बेल्जियम) और आईएफ डिजाइन अवॉर्ड (हनोवर, जर्मनी) जीता।
- विमला देवी ने जर्मन डिजाइनर अवॉर्ड और क्रिएशन ग्लोबल अवॉर्ड (डिज़ाइन – "कारपेट कमल") प्राप्त किया।
- सुंदरी देवी को क्राफ्ट काउंसिल ऑफ इंडिया (चेन्नई) से कमला देवी अवॉर्ड मिला।
- तीनों महिलाएं सीकर जिले के आसपुरा गाँव से हैं।

## दिया कुमारी – वीमन टूरिज्म मिनिस्टर ऑफ द ईयर

- राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को ITB बर्लिन (4–6 मार्च 2025) में यह सम्मान मिला।
- पुरस्कार प्रदानकर्ता: पैसिफिक एशिया ट्रैवल राइटर्स एसोसिएशन
- कारण: राजस्थान में पर्यटन संवर्धन हेतु सराहनीय प्रयास।

## राजस्थान रोडवेज को तीन राष्ट्रीय पुरस्कार

- एसोसिएशन ऑफ स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग (नई दिल्ली) द्वारा नेशनल पब्लिक बस ट्रांसपोर्ट अवार्ड श्रेणी में तीन रनर अवॉर्ड।
- **प्राप्त पुरस्कार:**
  1. रोड सेफ्टी अवॉर्ड
  2. नॉन ट्रैफिक रिवेन्यू अवॉर्ड
  3. प्रोडक्टिविटी (ग्रामीण) अवॉर्ड
- पुरस्कार ग्रहणकर्ता: चांदमल वर्मा व रवि सोनी
- अध्यक्ष: शुभ्रा सिंह

## जयपुर डेयरी को प्रथम पुरस्कार

- आयोजन: RCDF मुख्यालय, सरस संकुल – 12 मार्च 2025
- की-परफॉर्मेंस इंडिकेटर्स के आधार पर जयपुर सरस डेयरी (एमडी मनीष फौजदार) को प्रथम पुरस्कार।
- भीलवाड़ा डेयरी (वीके पाठक) – द्वितीय पुरस्कार
- श्रीगंगानगर डेयरी (उग्रसेन सहारण) – तृतीय पुरस्कार
- नवाचार पुरस्कार: जयपुर, अजमेर, हनुमानगढ़, जोधपुर, भीलवाड़ा डेयरियों को सम्मानित किया गया।

## राज्य क्रीड़ा परिषद और SAI के बीच समझौता

- 20 मार्च 2025: राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद और भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) के बीच समझौता।
- खेलो इंडिया योजना के तहत जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में एथलेटिक्स, बॉक्सिंग और आर्चरी के स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित होंगे।
- खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण व अन्य खेल सुविधाएं मिलेंगी।

## RVUNL और सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड के बीच समझौता

- 3 फरवरी 2025: एमओयू के तहत तेलंगाना में 1600 मेगावाट क्षमता के दो थर्मल पावर प्लांट स्थापित होंगे – राजस्थान व तेलंगाना को 800-800 मेगावाट बिजली मिलेगी।
- राजस्थान में 1500 मेगावाट का सोलर पार्क भी स्थापित होगा, जिसमें ₹6000 करोड़ का निवेश।

## राजस्थान सरकार और दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के बीच समझौता

- 3 मार्च 2025: AWIC (ऑस्ट्रेलिया-भारत जल केंद्र) के माध्यम से जल क्षेत्र में तकनीकी सहयोग हेतु समझौता।
- राजस्थान की पेयजल समस्याओं के समाधान हेतु साझा तकनीकी प्रयास किए जाएंगे।

## नेशनल पिकलबॉल चैंपियनशिप – राजस्थान ओवरऑल चैम्पियन

- इंदौर में आयोजित पिकलबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान ने 11 स्वर्ण, 7 रजत और 8 कांस्य पदक सहित 26 पदक जीते।
- राजस्थान ने ओवरऑल चैम्पियन का खिताब प्राप्त किया।
- पिकलबॉल संघ अध्यक्ष: कर्ण सिंह
- **प्रमुख स्वर्ण पदक विजेता:**
  - आदित्य चंद्रावत, अयान व अथर्व, नेहा, रिपुदमन सिंह, नवपुनीत, वीर दिग्वेन्द्र राणा, नीतू शर्मा, विनय लोयल, साधना शर्मा, अश्विनी वधवा, करण सिंह।
- **प्रमुख रजत और कांस्य विजेता:**
- हर्षवर्धन, ईशिता, श्रियुत, वैभवी, जिज्ञासा, अर्चना सिंह, नितेश, सत्यम, निखिल, भारती चौहान, साधना व रवि आदि।

## खेलो इंडिया पैरा शूटिंग – राजस्थान चैम्पियन ऑफ चैम्पियंस

- नई दिल्ली में आयोजित खेलो इंडिया पैरा गेम्स में निशानेबाजी स्पर्धा में राजस्थान ने 9 पदक जीते (4 गोल्ड, 2 सिल्वर, 3 ब्रॉन्ज)
- राजस्थान को चैम्पियन ऑफ चैम्पियंस का खिताब प्राप्त।
- दूसरे स्थान पर उत्तर प्रदेश (4 पदक) और तीसरे पर महाराष्ट्र (3 पदक)।
- राजस्थान दल के शेफ डि मिशन: शमीम अहमद
- **प्रमुख पदक विजेता:**
  - अवनी लेखरा: गोल्ड
  - मोना अग्रवाल: 1 गोल्ड, 2 सिल्वर
  - निहाल सिंह: गोल्ड
  - रुद्रांश खंडेलवाल: 1 गोल्ड, 1 ब्रॉन्ज
  - विजय सिंह कुंतल, राहुल शर्मा: ब्रॉन्ज

## 18वीं सीनियर राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता (पुरुष/महिला)

- आयोजन स्थल: पुष्कर | आयोजक: राजस्थान वुशू संघ व अजमेर वुशू संघ
- ओवरऑल विजेता: जयपुर (10 स्वर्ण, 7 रजत, 2 कांस्य | 73 अंक)
- **सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी:**
  - पुरुष वर्ग: वैभव शर्मा
  - महिला वर्ग: मेघा जोशी
- द्वितीय स्थान: कोटा (5 स्वर्ण, 4 रजत | 37 अंक)
- तृतीय स्थान: जोधपुर (2 स्वर्ण, 6 रजत, 5 कांस्य | 33 अंक)
- संघ अध्यक्ष: हीरानन्द कटारिया

## डेफ नेशनल चैम्पियनशिप – टेबल टेनिस, लॉन टेनिस, बैडमिंटन, एयर राइफल

- आयोजन: अहमदाबाद, गुजरात
- राजस्थान की डेफ टीम: कुल 10 पदक – 3 स्वर्ण, 4 रजत, 3 कांस्य
- **मुख्य पदक विजेता:**
- अभिनव शर्मा: बैडमिंटन एकल – स्वर्ण
- पीयूष: बैडमिंटन एकल – रजत, युगल में अभिनव के साथ – रजत
- अनंत–गोविंद: अंडर-16 युगल – रजत
- कविता–अनंत: अंडर-16 मिक्स्ड डबल्स – स्वर्ण
- सुब्रत: अंडर-18 एकल – स्वर्ण
- राखी: टेबल टेनिस एकल – कांस्य
- रेनू सैनी: डबल्स – रजत व टीम कांस्य
- पुरुष टीम (आशिब, अमित, विक्रम, चेतन): कांस्य
- संघ अध्यक्ष: विनोद मित्तल

## राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता – बेंगलुरु

- आयोजन: 4–9 मार्च, साई व श्रीकांतिरावा स्टेडियम
- राजस्थान का प्रदर्शन: कुल 16 पदक (8 स्वर्ण, 4 रजत, 4 कांस्य)
- **प्रमुख पदक विजेता:**
  - पानी देवी (90+): 3 स्वर्ण– शॉटपुट, डिस्कस, 100 मीटर
  - अनिल कुमार (35+): 3 स्वर्ण – 5000 मी. वॉक, 5000 मी. दौड़, 10000 मी.
  - माया सैनी (45+): 1 स्वर्ण (डिस्कस), 1 रजत (शॉटपुट), 1 कांस्य (जैवलिन)
  - अनूप यादव (45+): 1 स्वर्ण (10000 मी.), 1 कांस्य (3000 मी. स्टीपलचेज)
  - सलीम बेग (75+): लंबी कूद – रजत
  - रिजा बंशीवाल (55+): 5000 मी. वॉक – रजत
  - दिलवर सिंह (50+): पोल वॉल्ट – रजत
  - जगजीत कौर (60+): 100 मी. – कांस्य
  - महेन्द्र स्वामी (50+): 3000 मी. स्टीपलचेज – कांस्य

## वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्रि – नई दिल्ली

- आयोजन: 11–13 मार्च 2025 | संयोजन: भारतीय पैरालंपिक समिति
- **राजस्थान के प्रतिभागी:**
  - खुशबू गिल (हनुमानगढ़): गोला फेंक
  - शालिनी चौधरी (सीकर): 400 व 1500 मीटर
  - विक्रम मीणा (जयपुर): 400 व 1500 मीटर
  - जनक सिंह हर्षाना (भरतपुर): गोला व तस्तरी फेंक
  - महेंद्र गुर्जर (जयपुर): लंबी कूद

## अनीता चौधरी – पैरा रोइंग में स्वर्ण पदक

- आयोजन: 42वीं पैरा रोइंग राष्ट्रीय चैंपियनशिप, भोपाल
- उपलब्धि: स्वर्ण पदक | स्थान: नवलगढ़ (झुंझुनूं)

## कृष्णा नागर – स्पेनिश पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2025

- स्वर्ण: मिक्स्ड डबल्स
- रजत: मेंस डबल्स
- कांस्य: मेंस सिंगल्स
- सम्मान: टोक्यो पैरालंपिक 2020 स्वर्ण विजेता, खेल रत्न प्राप्तकर्ता

## सुनीता धोबी – पैरा पावरलिफ्टिंग में कांस्य पदक

- आयोजन: 22वीं सीनियर पैरा पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप, ग्रेटर नोएडा
- वर्ग: 79 किग्रा | कुल उपलब्धियाँ: 3 स्वर्ण, 2 रजत, 1 कांस्य

## अवनि लेखरा – खेलों इंडिया पैरा गेम्स में स्वर्ण पदक

- आयोजन: डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज, नई दिल्ली
- स्पर्धा: 10 मीटर एयर राइफल SH1
- रजत विजेता: मोना अग्रवाल (राजस्थान)

## अनीता कुमारी – खेलो इंडिया में कांस्य पदक

- स्पर्धा: 10 मीटर एयर पिस्टल (महिला पैरा वर्ग)

## 34वीं सीनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता

- आयोजन: 14–19 जून 2025, सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर
- आयोजक: भारतीय वुशू संघ व राजस्थान वुशू संघ
- भागीदारी: सभी राज्य, सेना, CRPF, BSF, ITBP, ऑल इंडिया पुलिस

## अमित गोदारा – भारतीय बीच सॉकर टीम में चयन

- आयोजन: AFC बीच सॉकर एशियन कप, थाईलैंड
- उपलब्धि: राज्य स्तरीय बेस्ट प्लेयर

## WTT यूथ कंटेंडर टेबल टेनिस टूर्नामेंट (वडोदरा)

- आयोजन: 26 फरवरी – 1 मार्च 2025

- **आरव आचार्य (राजस्थान):**अंडर-15 एकल – कांस्यऔर मिक्स्ड डबल्स – कांस्य
- **राधिका सोनी (राजस्थान):**मिक्स्ड डबल्स – कांस्य

**अखिल भारतीय विश्वविद्यालय वुशू प्रतियोगिता (चंडीगढ़)**

- राजस्थान विश्वविद्यालय की टीम: कुल 8 पदक (2 स्वर्ण, 1 रजत, 5 कांस्य)
- स्वर्ण: मनोज चित्तोड़िया, ईश्वर सिंह
- रजत: छवि कंवर
- कांस्य: भानु प्रताप, चारू शर्मा, किशन, प्रेम सिंह, पूजा सारण

**पानी देवी गोदारा – एशियन मास्टर एथलेटिक्स हेतु चयन**

- स्थान: चूरू, राजस्थान
- आयु: 90 वर्ष
- आयोजन: सितंबर 2025, इंडोनेशिया
- प्रतिनिधित्व: भारत

**हरेंद्र सिंह गहलोत**

- मुएथाई एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के चुनाव 16 मार्च 2025 को हुए।
- मुएथाई एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के चेयरमैन पद पर निर्वाचित हुए।
- इनका कार्यकाल 2029 तक रहेगा।
- **अध्यक्ष:** सुदर्शन सिंह राठौड़
- जनरल सेक्रेटरी: श्रीराम चौधरी
- ‘कोषाध्यक्ष: खुशी शर्मा

**HIV पीड़ित महिलाओं के लिए VIA तकनीक से इलाज की सुविधा:**

- राजस्थान HIV संक्रमित महिलाओं की VIA तकनीक से स्क्रीनिंग और इलाज की सुविधा देने वाला देश का पहला राज्य बना।
- यह सुविधा राज्य के 36 एंटी रिट्रोवायरल थैरेपी (ART) केंद्रों पर शुरू की गई।

**अंतरराष्ट्रीय वन दिवस राज्य स्तरीय समारोह (21 मार्च 2025):**

- आयोजन स्थल: राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर।
- मुख्य अतिथि: मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा।
- प्रमुख घोषणाएं: वानिकी एवं वन्यजीव प्रशिक्षण संस्थान की आधारशिला। सीता माता अभ्यारण्य में नई इको-टूरिज्म सुविधाएं शुरू। फॉरेस्ट सॉयल हेल्थ कार्ड का विमोचन। केवलादेव और नाहरगढ़ जैविक उद्यान में गोल्फ कार्ट्स का लोकार्पण। CRESEP लोगो का अनावरण। महिला वनरक्षकों को उत्कृष्ट सेवा सम्मान।

**सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़ा (16–31 मार्च 2025):**

- आयोजनकर्ता: राजस्थान पुलिस।
- उद्देश्य: महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा कानूनों की जानकारी देना और पुलिस से संवाद बढ़ाना।
- गतिविधियां: 3 सुरक्षा सखियों को SHद्वारा प्रशिक्षण। घर-घर जाकर महिलाओं को व्यक्तिगत रूप से जागरूक किया गया।

**रन फॉर फिट राजस्थान (राजस्थान दिवस के अवसर पर):**

- आयोजन स्थल: सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर।
- भागीदारी: ट्रांसजेंडर सहित लगभग 15,000 धावक।
- आर्थिक सहायता: हर जिले को ₹2 लाख व संभाग को ₹4 लाख।
- राष्ट्रीय खेलों के पदक विजेताओं का सम्मान: राजस्थान ने कुल 43 पदक (9 स्वर्ण, 11 रजत, 23 कांस्य) जीते।

**अमृत 2.0 प्रोजेक्ट – 24x7 पेयजल आपूर्ति:**

- 183 शहरों/कस्बों में एक-एक ज़ोन में 24 घंटे पेयजल आपूर्ति का लक्ष्य।
- पायलट प्रोजेक्ट: जयपुर, कोटा, उदयपुर आदि में।
- कुल लागत: ₹5440 करोड़ (केंद्र से ₹1831 करोड़ की सहायता)।
- 20% अतिरिक्त प्रोत्साहन की पात्रता केंद्र से।

**‘तेरे मेरे सपने’ विवाह पूर्व परामर्श केंद्र:**

- प्रारंभ: राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा 8 मार्च 2025 को।
- उद्देश्य: युवाओं को मानसिक व भावनात्मक रूप से विवाह के लिए तैयार करना।
- शुरुआत: राजस्थान (बीकानेर, उदयपुर), मध्यप्रदेश (भोपाल) सहित 9 राज्यों के 21 केंद्रों से।

**श्री दादू महाराज का 481वाँ प्रकाशोत्सव (7 मार्च 2025):**

- आयोजन स्थल: नरेना धाम (दादू पंथ की मुख्य पीठ)
- देश-विदेश से हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया

**कॉमनवेल्थ पुलिस स्पोर्ट्स यूनियन का गठन (जयपुर):**

- उद्देश्य: राष्ट्रमंडल देशों के पुलिस बलों के बीच खेलों को बढ़ावा
- प्रमुख अतिथि: पुर्तगाल, यूएन, स्पेन व यूएई के प्रतिनिधि
- अध्यक्ष: डॉ. विनोद कुमार मल | सचिव: सुनील कुमार
- अगला सम्मेलन: कुआलालम्पुर, मलेशिया

**5वाँ टाई-यू सीजन (टाई राजस्थान की पहल):**

- उद्देश्य: यूनिवर्सिटी स्तर पर इनोवेशन और स्टार्टअप्स को बढ़ावा
- विजेता को ₹5.21 लाख की इक्विटी-फ्री ग्रांट
- 16 यूनिवर्सिटीज के साथ एमओयू
- मेंटोरशिप व इंडस्ट्री से जुड़ाव की सुविधा

**तहसील स्तर पर शहीद स्मारक:**

- प्रत्येक तहसील में सभी स्थानीय शहीदों के नामों के साथ स्मारक निर्माण
- नाम, बटालियन आदि की जानकारी वृत्ताकार शिलापट्टों पर अंकित की जाएगी

**3R सर्कुलर इकोनॉमी फोरम के दौरान केंद्र-राज्य एमओयू (3 मार्च 2025):**

- प्रोजेक्ट: सिटीज़ 2.0 (CITIIS 2.0)
- राजस्थान के जयपुर व उदयपुर सहित 18 शहरों का चयन
- प्रत्येक शहर को ₹100 करोड़ की सहायता
- कचरा प्रोसेसिंग क्षमता 21 लाख से बढ़ाकर 45 लाख मैट्रिक टन करने का लक्ष्य
- जयपुर डिक्लेरेशन – वैश्विक 3R सिद्धांतों पर आधारित

**12वाँ क्षेत्रीय 3R और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम (3-5 मार्च 2025, जयपुर):**

- विषय: "Circular Societies towards SDG & Carbon Neutrality in Asia-Pacific"
- भारत में दूसरी बार आयोजन
- मंच पर शहरी कचरा प्रबंधन पर व्यापक चर्चा और घोषणाएं
- शहरी कचरा प्रबंधन हेतु CSIR और आवासन मंत्रालय में एमओयू:
- अनुसंधान-आधारित तकनीकों व समाधान के माध्यम से अपशिष्ट प्रबंधन को मजबूत करना

**बेस्ट प्रैक्टिसेज, रिपोर्ट्स व तकनीकी समझौते किए गए**

- IFC डॉक्यूमेंट गाइड का विमोचन:
- म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट (MSW) प्रोजेक्ट्स हेतु विभिन्न व्यावसायिक मॉडलों पर जानकारी
- बायोमेथेनेशन, बायोरेमेडिएशन और अपशिष्ट से ऊर्जा उत्पादन पर फोकस

**अंतरराष्ट्रीय होली महोत्सव (13–14 मार्च 2025, पुष्कर):**

- सांस्कृतिक कार्यक्रम में पद्मश्री गुलाबो सपेरा सहित 145 लोक कलाकारों की प्रस्तुति
- विदेशी सैलानियों ने नगरवासियों के साथ होली खेली

**डोलची मार होली (बीकानेर):**

- विशेष परंपरा: पुष्करणा समाज की हर्ष और व्यास जातियों के बीच पानी से खेली जाने वाली होली
- समाज की अन्य जातियाँ भी इस अनोखे पर्व में भाग लेती हैं

**आरोग्यम् – 2025 (1–4 मार्च, शिल्पग्राम, जवाहर कला केंद्र, जयपुर):**

- थीम: "आओ बनाए आरोग्य राजस्थान"
- मुख्य अतिथि: डॉ. प्रेम चंद बैरवा (उपमुख्यमंत्री व आयुष मंत्री)
- आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्धा, होम्योपैथी आधारित चिकित्सा परामर्श और प्रदर्शनियां
- औषधीय पौधों, प्रकृति परीक्षण, नाड़ी परीक्षण और आयुष कैरियर काउंसलिंग की सुविधाएं

**थ्रेड्स ऑफ इंडिया (8–12 मार्च 2025, शिल्पग्राम, जयपुर):**

- आयोजनकर्ता: उद्योग एवं वाणिज्य विभाग + कलर्स ऑफ फ्यूजन
- उद्देश्य: हैंडलूम के प्रति जागरूकता
- थीम: "मेरा हैंडलूम – मेरा अभिमान"
- कार्यक्रम हैंडलूम (उत्पादन के लिए वस्तुओं का आरक्षण) अधिनियम 1985 के अंतर्गत आयोजित

**ब्रज होली महोत्सव 2025:**

- आयोजनकर्ता: पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन, भरतपुर व डीग
- आयोजन स्थल एवं तिथियाँ:

| | |
|---|---|
| 9 मार्च | डीग |
| 10 मार्च | कामां |
| 11 मार्च | भरतपुर |

**अंतरराष्ट्रीय सतरंगी महोत्सव (7 मार्च 2025, पुष्कर):**

- देसी-विदेशी कलाकारों द्वारा संगीत, सुर और नृत्य की प्रस्तुति
- विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**राष्ट्रीय किसान और गौ पालक सम्मेलन (26–28 मार्च 2025, सांगानेर, जयपुर):**

- **आयोजक संस्थाएं:**
    - अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद
    - लोक भारती
    - जैविक किसान उत्पादक संघ
    - हैनिमन चेरिटेबल मिशन सोसायटी
- **प्रमुख विषय:**
    - गौ आधारित प्राकृतिक कृषि
    - गौशालाओं को कृषि विज्ञान केंद्रों में रूपांतरित करने का प्रस्ताव
    - गाय के दूध से बने उत्पादों की प्रदर्शनी

**गणगौर उत्सव (31 मार्च – 1 अप्रैल 2025, जयपुर):**

- आयोजनकर्ता: पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन, जयपुर
- पारंपरिक गणगौर झांकी, गीत-संगीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम

**मेवाड़ महोत्सव (31 मार्च – 2 अप्रैल 2025, उदयपुर):**

- आयोजनकर्ता: पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन, उदयपुर
- उदयपुर की पारंपरिक संस्कृति व विरासत पर आधारित उत्सव

### सकल जिला घरेलू उत्पाद (GDDP) और प्रति व्यक्ति आय में अग्रणी जिले:

| प्रचलित कीमत पर प्रति व्यक्ति आय (रुपये में) | | | स्थिर कीमत पर प्रति व्यक्ति आय (रुपये में) | | |
|---|---|---|---|---|---|
| जिला | 2023-24 | वृद्धि | जिला | 2023-24 | वृद्धि% |
| अलवर | 2,40,808 | 13.96% | अलवर | 1,47,849 | 12.32% |
| भीलवाड़ा | 2,37,076 | 12.47% | जयपुर | 1,34,241 | 9.77% |
| जयपुर | 2,36,666 | 12.61% | राजसमंद | 1,13,514 | 6.05% |
| अजमेर | 2,05,326 | 12.94% | भीलवाड़ा | 1,12,743 | 9.11% |
| जैसलमेर | 2,01,054 | 13.06% | जैसलमेर | 1,09,364 | 2.99% |

| प्रचलित कीमत पर सकल जिला घरेलू उत्पाद (करोड़ रुपये में) | | | स्थिर कीमत पर सकल जिला घरेलू उत्पाद (करोड़ रुपये में) | | |
|---|---|---|---|---|---|
| जिला | 2023-24 | वृद्धि | जिला | 2023-24 | वृद्धि |
| जयपुर | 2,12,335 | 13.63% | जयपुर | 1,23,421 | 10.77% |
| अलवर | 1,19,820 | 15.16% | अलवर | 74,782 | 13.47% |
| जोधपुर | 83,191 | 11.46% | जोधपुर | 44,974 | 7.55% |
| भीलवाड़ा | 76,716 | 13.69% | अजमेर | 37,792 | 8.95% |
| अजमेर | 70,283 | 14.03% | भीलवाड़ा | 37,016 | 10.29% |

- जयपुर: सकल जिला घरेलू उत्पाद में राज्य में प्रथम स्थान
  - प्रति व्यक्ति आय (प्रचलित कीमत पर): ₹2,36,666 (तीसरा स्थान)
  - स्थिर कीमत पर प्रति व्यक्ति आय: ₹1,34,241 (दूसरा स्थान)
- अलवर: प्रति व्यक्ति आय में शीर्ष स्थान (प्रचलित कीमत पर): ₹2,40,808 (13.96% वृद्धि)

### अमृत सरोवर निर्माण में राजस्थान

- राष्ट्रीय रैंक: चौथा स्थान
- निर्मित सरोवरों की संख्या: 3,138
- शीर्ष जिले (राजस्थान में): बाँसवाड़ा, भीलवाड़ा, पाली, उदयपुर
- देश में सर्वाधिक सरोवर: उत्तरप्रदेश (16,630)
- उद्देश्य: सतही और भू-जल स्तर की वृद्धि हेतु जल स्रोतों का निर्माण

### दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में राजस्थान के 3 शहर शामिल (IQAir रिपोर्ट 2024):

- रिपोर्ट जारीकर्ता: IQAir, स्विट्ज़रलैंड स्थित वायु गुणवत्ता तकनीकी कंपनी
- दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में भारत के 13 शहर
- भारत: दुनिया का 5वाँ सबसे प्रदूषित देश
- **राजस्थान के शहर:**
  - श्रीगंगानगर – 8वाँ स्थान
  - भिवाड़ी – 10वाँ स्थान
  - हनुमानगढ़ – 12वाँ स्थान
- शीर्ष प्रदूषित शहर: बर्नीहाट (असम)

### विज्ञान ज्योति कार्यक्रम में राजस्थान

- राष्ट्रीय रैंक: चौथा स्थान
- बालिकाओं की संख्या (पिछले 3 वर्ष): 3,895
- **शीर्ष 3 राज्य:**

1. उत्तर प्रदेश – 5,353
2. महाराष्ट्र – 4,206
3. गुजरात – 4,055

### विज्ञान ज्योति कार्यक्रम

- शुरुआत: 2019–20
- मंत्रालय: विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय
- उद्देश्य: मेधावी लड़कियों को STEAM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित) क्षेत्रों में प्रोत्साहन
- इसमें 250+ राष्ट्रीय संस्थान, CSIR लैब्स, विश्वविद्यालय भागीदार है।

### डिजी-वन-फॉरेस्ट स्टेक ऐप (21 मार्च 2025):

- शुभारंभ: मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा विश्व वानिकी दिवस पर
- **देश का पहला डिजिटल फॉरेस्ट स्टेक**
- उद्देश्य: वन विभाग के कार्यों की निगरानी और डेटा प्रबंधन को त्वरित और पारदर्शी बनाना
- आने वाली पहलें: कृषि वानिकी नीति, अरावली में सीड बॉल परियोजना, गोडावण संरक्षण परियोजना

### SBM वेस्ट टू वैल्थ PMS पोर्टल (4 मार्च 2025):

- उद्देश्य: स्वच्छ भारत मिशन के तहत परियोजनाओं की मॉनिटरिंग, डेटा प्रबंधन और संसाधन साझाकरण
- उपयोग: शहरी निकायों की प्रभावी निगरानी और योजना क्रियान्वयन में सहायक

# 2. राष्ट्रीय परिदृश्य

**सांसदों के वेतन, भत्ते और पेंशन में 24% वृद्धि (1 अप्रैल 2023 से प्रभावी) :**

- अधिसूचना: 24 मार्च 2025 को संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा जारी
- सांसद वेतन: ₹ 1,00,000 → ₹ 1,24,000 प्रति माह
- दैनिक भत्ता: ₹ 2,000 → ₹ 2,500 प्रति दिन (सत्र अवधि में)
- पूर्व सांसदों की पेंशन: ₹ 25,000 → ₹ 31,000 प्रति माह
- अतिरिक्त पेंशन: ₹ 2,000 → ₹ 2,500 (5 वर्ष से अधिक सेवा पर प्रति वर्ष)
- अन्य भत्ते: निर्वाचन क्षेत्र भत्ता ₹70,000, कार्यालय व्यय ₹60,000, सरकारी आवास व नि:शुल्क यात्रा सुविधा
- आधार: सांसद वेतन, भत्ता और पेंशन अधिनियम व आयकर अधिनियम 1961 का लागत मुद्रास्फीति सूचकांक (CII)

**JKIM और AAC संगठनों पर प्रतिबंध (11 मार्च 2025):**

- संगठन: जम्मू और कश्मीर इत्तिहादुल मुस्लिमीन (JKIM) व अवामी एक्शन कमेटी (AAC)
- अधिनियम: गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम – UAPA, 1967 की धारा 3(1)
- अवधि: 5 वर्षों के लिए प्रतिबंधित
- कारण: आतंकवाद को समर्थन, सरकार विरोधी प्रचार, राष्ट्र-विरोधी गतिविधियाँ
- UAPA संशोधन (2019) के अनुसार:
- आतंकवादी कार्रवाई की भागीदारी, योजना, प्रचार, या सहयोग पर आतंकवादी घोषित किया जा सकता है
- गृह सचिव के समक्ष 45 दिनों में अपील का प्रावधान
- इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल 2025 (27 मार्च को लोकसभा में पारित):
- **उद्देश्य:**
    - इमिग्रेशन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना
    - अवैध प्रवास पर नियंत्रण
    - राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ बनाना
    - वैध आगंतुकों व शरणार्थियों के अधिकारों की रक्षा
- **दंड प्रावधान:**
    - अवैध प्रवासी को आश्रय देने या बसाने पर – 3 वर्ष तक कारावास, ₹2–5 लाख जुर्माना या दोनों

**UCC लागू करने वाला दूसरा राज्यगुजरात बनेगा**

- पहले राज्य: उत्तराखंड
- घोषणा: गुजरात विधानसभा में विधि मंत्री ऋषिकेश पटेल द्वारा
- समिति अध्यक्ष: न्यायमूर्ति रंजना देसाई
- उद्देश्य: समान नागरिक संहिता का मसौदा व मूल्यांकन

**त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक 2025 पारित:**

- स्वीकृति: लोकसभा द्वारा
- संस्थान: ग्रामीण प्रबंधन संस्थान, आणंद को विश्वविद्यालय का दर्जा
- नया नाम: त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय
- दर्जा: राष्ट्रीय महत्व का संस्थान

**आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2024 (25 मार्च 2025 को राज्यसभा से पारित)**

- पहले लोकसभा से दिसंबर 2024 में पारित
- अधिनियम: आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 में संशोधन
- **प्रमुख प्रावधान:**
    - NDMA और SDMA के अधिकार और कार्यक्षमता में वृद्धि
    - राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर आपदा योजनाएँ तैयार करने का प्रावधान
    - शहरी क्षेत्रों हेतु पृथक शहरी आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के गठन की अनुमति
    - राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय आपदा डेटाबेस निर्माण का प्रावधान
    - सरकारी प्रतिक्रिया से आगे बढ़कर बहु-स्तरीय समन्वय की दिशा में सुधार

**आव्रजन एवं विदेशी विषयक विधेयक, 2025 (11 मार्च को लोकसभा में प्रस्तुत):**

- कुल 6 अध्याय व 35 खंड
- उद्देश्य: भारत में विदेशियों के प्रवेश, प्रवास और आव्रजन को नियमित करना
- निरस्त किए गए पुराने अधिनियम:
    - पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम, 1920
    - विदेशियों का पंजीकरण अधिनियम, 1939
    - विदेशी नागरिक अधिनियम, 1946
    - अप्रवास (वाहक दायित्व) अधिनियम, 2000
- **प्रमुख प्रावधान:**
    - वैध पासपोर्ट/वीज़ा अनिवार्य
    - दस्तावेज़ों की जाँच का अधिकार आव्रजन अधिकारियों को
    - आव्रजन ब्यूरो की स्थापना – एक आयुक्त नियुक्त किया जाएगा
    - केंद्र सरकार द्वारा आव्रजन चौकियों की अधिसूचना का अधिकार
- **राष्ट्रीय सुरक्षा आधारित निषेध प्रावधान:**
    - भारत की संप्रभुता, सुरक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य या विदेश नीति को खतरा होने पर विदेशी को प्रवेश/प्रवास की अनुमति नहीं
    - निर्णय का अंतिम अधिकार आव्रजन अधिकारी के पास
- **पंजीकरण प्रावधान:**
    - त्येक विदेशी आगमन पर पंजीकरण अधिकारी के समक्ष पंजीकरण करेगा

**झारखंड में जाति आधारित जनगणना की योजना:**

- घोषणा: झारखंड सरकार द्वारा आगामी वित्तीय वर्ष में
- स्वीकृति: फरवरी 2024 में राज्य सरकार से प्राप्त
- उद्देश्य: राज्य स्तर पर सामाजिक-आर्थिक डाटा का संकलन

# 3. आर्थिक परिदृश्य

**MSME वर्गीकरण मानदंडों में संशोधन (1 अप्रैल 2025 से लागू):**

- घोषणा: केंद्रीय बजट भाषण में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा
- उद्देश्य: MSME के विस्तार और अधिक उद्यमों को शामिल करना
- संशोधन:
- निवेश सीमा में 2.5 गुना वृद्धि
- टर्नओवर सीमा में 2 गुना वृद्धि

| मानदंडों में प्रमुख संशोधन | | | | |
|---|---|---|---|---|
| उद्यम | संयंत्र एवं मशीनरी में निवेश | | वार्षिक टर्नओवर | |
| | पूर्व मानदंड | संशोधित मानदंड | पूर्व मानदंड | संशोधित मानदंड |
| सूक्ष्म (Micro) | 1 करोड़ रुपए | 2.5 करोड़ रुपए | 5 करोड़ रुपए | 10 करोड़ रुपए |
| लघु (Small) | 10 करोड़ रुपए | 25 करोड़ रुपए | 50 करोड़ रुपए | 100 करोड़ रुपए |
| मध्यम (Medium) | 50 करोड़ रुपए | 125 करोड़ रुपए | 250 करोड़ रुपए | 500 करोड़ रुपए |

**सहकार टैक्सी सेवा – नई सहकारी पहल:**

- उद्देश्य: ड्राइवरों को सीधे कमाई का लाभ देना, पारदर्शी किराया व्यवस्था
- **मुख्य विशेषताएँ:**
  - टू/थ्री/फोर-व्हीलर चालकों का सहकारी समितियों के माध्यम से पंजीकरण
  - डिजिटल प्लेटफॉर्म आधारित सेवा – बिना छिपे शुल्क के
  - ओला/उबर मॉडल जैसा लेकिन ड्राइवर-केंद्रित
  - मनमाने किराए और उच्च कमीशन की समस्या का समाधान

**IRCTC और IRFC को 'नवरत्न' दर्जा (3 मार्च 2025):**

- अब कुल नवरत्न CPSEs: 26
- **लाभ:**
  - केंद्र की अनुमति के बिना ₹1,000 करोड़ तक निवेश
  - कुल संपत्ति का 30% तक निवेश संभव
- **नवरत्न पात्रता:**
  - मिनीरत्न श्रेणी।
  - सीपीएसई की अनुसूची A में सूचीबद्ध

**सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान (4 मार्च 2025):**

- आयोजक: पंचायती राज मंत्रालय
- उद्देश्य: पंचायतों में महिलाओं की निर्णय लेने की क्षमता सशक्त करना
- भागीदारी: 1,200+ महिला प्रतिनिधि (राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों से)
- मुख्य विषय: स्थानीय शासन, नेतृत्व, महिला अधिकार

**भारत का 'परमाणु मिशन' – 2047 तक 100 GW लक्ष्य:**

- घोषणा: केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में
- उद्देश्य: कुल ऊर्जा मांग का 10% परमाणु ऊर्जा से पूरा करना
- **विशेष पहल:**
  - पहली बार निजी कंपनियों को परमाणु क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति
  - नवाचार, तकनीकी प्रगति और निवेश को प्रोत्साहन
  - स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा स्रोत की दिशा में बड़ा कदम

**परमाणु मिशन और SMR योजना**

- **SMR (Small Modular Reactors) की भूमिका:**
  - क्षमता: 16–300 मेगावाट
  - उपयोग: दूरस्थ व औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति
  - विशेषताएँ: तेज, सुरक्षित, पर्यावरण-अनुकूल, कम लागत व कम स्थान की आवश्यकता
- **वित्तीय प्रावधान व लक्ष्य:**
  - केंद्र सरकार द्वारा ₹20,000 करोड़ का प्रावधान (2024–25 के बजट में)
  - प्रारंभ में 5 SMR की स्थापना
- 2014 के बाद परमाणु ऊर्जा बजट में 170% वृद्धि
- थोरियम भंडार (भारत के पास वैश्विक 21%) का उपयोग
- लक्ष्य: 2047 तक 100 GW परमाणु ऊर्जा उत्पादन (10% कुल ऊर्जा)
- **लाभ:**
  - तकनीकी आत्मनिर्भरता
  - जलवायु संकल्पों और 2070 तक नेट ज़ीरो लक्ष्य में योगदान

## यूनिफाइड पेंशन स्कीम (UPS) – लागू: 1 अप्रैल 2025

- प्रस्तावना व दिशा-निर्देश: PFRDA द्वारा 19 मार्च 2025 को जारी
- **लागू कर्मचारी वर्ग:**
    - मौजूदा NPS सदस्य, 1 अप्रैल 2025 के बाद नियुक्त नए कर्मचारी, विशिष्ट सेवानिवृत्त
- **मुख्य विशेषताएँ:**
    - ऑनलाइन नामांकन उपलब्ध
    - कर्मचारी योगदान: मूल वेतन + DA का 10%
    - सरकारी योगदान: 10% + अतिरिक्त 8.5% (कुल 18.5%)
    - गारंटी: 10 वर्ष की सेवा पर ₹10,000 मासिक न्यूनतम पेंशन
    - UPS में एक बार चयन के बाद बदलाव संभव नहीं

## डिजिटल मृदा उर्वरता मानचित्रण (SLUSI द्वारा):

- आरंभ: 11 मार्च 2025
- प्रणाली: भू-स्थानिक तकनीक + मृदा स्वास्थ्य कार्ड डेटा
- अब तक का कार्य: महाराष्ट्र के 34 जिलों के 351 गांवों का मानचित्रण
- उद्देश्य: मिट्टी की पोषकता और स्वास्थ्य की डिजिटल निगरानी
- तकनीक: रिमोट सेंसिंग व AI आधारित भू-स्थानिक विश्लेषण

## डिजिटल फसल सर्वेक्षण (DCS):

- **उद्देश्य:**
    - खेत स्तर पर वास्तविक समय में फसल डेटा एकत्र करना
    - सटीक फसल क्षेत्र और उत्पादन अनुमान सुनिश्चित करना
- **तकनीकी ढांचा: एग्री स्टैक**
    - डेटा सुरक्षा: डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 के अनुरूप
    - किसानों की सहमति आधारित डेटा साझेदारी
    - केवल अधिकृत संस्थाओं को विशिष्ट उद्देश्य के लिए डेटा उपलब्ध

## प्रधानमंत्री युवा लेखक मेंटरशिप योजना (PM-YUVA 3.0)

- **लॉन्च:** 11 मार्च 2025
- आयोजक: शिक्षा मंत्रालय का उच्च शिक्षा विभाग
- क्रियान्वयन: नेशनल बुक ट्रस्ट (NBT)
- **उद्देश्य:**
    - 30 वर्ष से कम आयु के युवा लेखकों को प्रशिक्षण
    - भारत में पुस्तक संस्कृति और पठन-पाठन को बढ़ावा
    - भारतीय साहित्य को वैश्विक मंच पर ले जाना
- भाषाएं: पूर्ववर्ती दो संस्करणों में 22 भारतीय भाषाएं और अंग्रेजी शामिल

## बिहार की दो अवसंरचना परियोजनाओं को CCEA की मंजूरी:

- **पटना-आरा-सासाराम कॉरिडोर:**
    - लंबाई: 120.10 किमी, 4-लेन नियंत्रित प्रवेश राजमार्ग
    - लागत: ₹3,712.40 करोड़ (हाइब्रिड एन्युटी मोड)
    - रोजगार: ~48 लाख मानव-दिवस
    - ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड विकास शामिल
- **कोसी-मेची लिंक योजना:**
    - कुल लागत: ₹3,652.56 करोड़
    - केंद्र से ₹1,000 करोड़ का समर्थन
    - लक्ष्य: मार्च 2029 तक पूर्णता
    - उद्देश्य: कोसी नदी से महानंदा बेसिन तक सिंचाई हेतु जल हस्तांतरण

## भारत – वर्ष 2024 में दूसरा सबसे बड़ा चाय निर्यातक देश

- श्रीलंका को पछाड़कर दूसरा स्थान (पहला – केन्या)
- निर्यात: 255 मिलियन किलोग्राम (2023 से 10% वृद्धि)
- प्रसिद्ध किस्में: असम, दार्जिलिंग, नीलगिरी की चाय

## बालपन की कविता पहल – प्रारंभिक शिक्षा में नवाचार

- आयोजक: शिक्षा मंत्रालय (स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग)
- **उद्देश्य:**
    - भारतीय भाषाओं में बाल साहित्य व कविताओं का विकास
    - NEP-2020 के अनुरूप प्रासंगिक, आनंददायक शिक्षण सामग्री
- सहयोग: MyGov प्लेटफॉर्म के माध्यम से नागरिक भागीदारी
- विषय: लोकगीतों से प्रेरित मौजूदा या नई रचनाएँ आमंत्रित

## भारत की GDP में 10 वर्षों में 105% वृद्धि (2015–2025):

- 2015: $2.1 लाख करोड़
- 2025: $4.3 लाख करोड़
    - वृद्धि: 105%
- भारत की वैश्विक आर्थिक स्थिति और अधिक मजबूत व प्रभावशाली बनी।

## संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन (RGM) – 19 मार्च 2025 को कैबिनेट की मंजूरी

- अवधि: 15वां वित्त आयोग चक्र (2021–22 से 2025–26)
- कुल परिव्यय: ₹3,400 करोड़ (₹1,000 करोड़ अतिरिक्त आवंटन सहित)
- प्रमुख उद्देश्य: पशुधन विकास, दुग्ध उत्पादन, नस्ल सुधार और किसानों की आय वृद्धि

**नई प्रमुख गतिविधियाँ:**

- **बछिया पालन केंद्र:**
    - 15,000 बछियों हेतु 30 आवासीय केंद्र
    - पूंजीगत लागत पर 35% अनुदान

- **IVF बछियों की खरीद हेतु प्रोत्साहन:**
    - उच्च आनुवंशिक योग्यता वाली बछियों की खरीद पर 3% ब्याज सब्सिडी
- **अन्य घटक:**
- वीर्य केंद्र सुदृढ़ीकरण, कृत्रिम गर्भाधान, बैल प्रजनन, लिंग-विशिष्ट वीर्य, कौशल विकास, उत्कृष्टता केंद्र, प्रजनन फार्म सुदृढ़ीकरण
- **उपलब्धियाँ:**
    - दूध उत्पादन में 63.55% वृद्धि
    - प्रति व्यक्ति दूध उपलब्धता (2013–14: 307 ग्राम/दिन →2023–24: 471 ग्राम/दिन)
    - पशु उत्पादकता में 26.34% वृद्धि

**संशोधित राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (NPDD):**

- स्वीकृति: कैबिनेट द्वारा 19 मार्च 2025
- कुल बजट: ₹2,790 करोड़ (₹1,000 करोड़ अतिरिक्त)
- अवधि: 2021–22 से 2025–26
- उद्देश्य: डेयरी इंफ्रास्ट्रक्चर का आधुनिकीकरण, संग्रह, प्रसंस्करण व गुणवत्ता नियंत्रण में सुधार

**'बियॉन्ड स्क्रीन्स' – भारत की पहली उद्योग-संचालित डिजिटल डिटॉक्स पहल**

- स्थान: कर्नाटक
- शुभारंभ: कर्नाटक के IT मंत्री प्रियांक खड़गे द्वारा
- **सहयोगी संगठन:**
    - कर्नाटक सरकार (IT, BT, S&T विभाग)
    - अखिल भारतीय गेमिंग महासंघ (AIGF)
    - कहमाइंड हेल्थकेयर प्रा. लि.
- **उद्देश्य:**
    - डिजिटल लत से बचाव
    - संतुलित तकनीकी उपयोग को बढ़ावा
    - स्वास्थ्य सेवाओं में डिजिटल डिटॉक्स रणनीतियों का समावेश

**वित्तीय साक्षरता राष्ट्रव्यापी अभियान:**

- **संचालक संस्थाएं:**
    - भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)
    - राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केंद्र (NCFE)
- **प्रमुख पहलें:**
    - FLC (Financial Literacy Centres): बैंकों द्वारा लक्षित समूहों के लिए वित्तीय जागरूकता कैंप
    - "RBI कहता है" अभियान: बहुभाषी मल्टीमीडिया संदेश
    - FAME पुस्तिका: वरिष्ठ नागरिकों हेतु बैंकिंग ज्ञान
    - NCFE और CFL कार्यक्रम: 18 वर्ष से कम और 60+ आयु वर्ग के लिए वित्तीय शिक्षा
    - NSFE (राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा रणनीति): नियामकों के परामर्श से नीति निर्माण व क्रियान्वयन

**सामाजिक सुरक्षा डेटा पूलिंग अभ्यास**

- शुभारंभ: श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, राज्य सरकारें और ILO के सहयोग से
- उद्देश्य: देश में समग्र सामाजिक सुरक्षा कवरेज की स्पष्ट तस्वीर तैयार करना
- पहला चरण: 10 राज्य – जैसे उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, ओडिशा आदि
- विश्लेषण: 34 योजनाएं (जैसे मनरेगा, EPFO, ESIC, APY) के 200 करोड़+ रिकॉर्ड
- प्रमुख तकनीक: एन्क्रिप्टेड आधार से लाभार्थी पहचान
- **उपयोगिता:**
    - लाभार्थी लक्षित योजना निर्माण में सहायता
    - कल्याणकारी व्यय अनुकूलन और टिकाऊ वित्तीय मॉडल
- ILO आँकड़े: सामाजिक सुरक्षा कवरेज – 2021 में 24.4% → 2024 में 48.8%

**राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम – पर्वतमाला परियोजना**

- मंजूरी तिथि: केंद्रीय कैबिनेट द्वारा
- स्थान: उत्तराखंड
- गोविंदघाट – हेमकुंड साहिब (12.4 किमी)
- सोनप्रयाग – केदारनाथ (12.9 किमी)
    - लागत: ₹6,811 करोड़
- मॉडल: DBFOT (Design, Build, Finance, Operate, Transfer) – PPP आधारित
- **यात्रा समय:**
    - केदारनाथ – 8-9 घंटे से घटकर 36 मिनट
    - हेमकुंड साहिब – घटकर 42 मिनट
- घोषणा: बजट 2022–23
- क्रियान्वयन मंत्रालय: सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय
- प्रमुख राज्य: उत्तराखंड, हिमाचल, मणिपुर, J&K, पूर्वोत्तर राज्य
- विशेष: शिमला का तारादेवी रोपवे (14 किमी) – भारत का सबसे लंबा, विश्व में दूसरा

**संशोधित पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम (LH&DCP)**

- कैबिनेट मंजूरी: मार्च 2025
- कुल बजट: ₹3,880 करोड़ (2024–25 व 2025–26 के लिए)
- **उद्देश्य:** पशुधन रोगों की रोकथाम, इलाज और पशु औषधि पहुंच
- **मुख्य घटक:**
    - NADCP – राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम
    - LH&DC – स्वास्थ्य सेवा विस्तार, अस्पताल/औषधालय सुदृढ़ीकरण

- ₹75 करोड़ की जेनेरिक पशु दवाओं की सुविधा
- दवा बिक्री व वितरण प्रोत्साहन
- **LH&DC उप-घटक:**
    - CADCP – गंभीर रोग नियंत्रण
    - ESVHD-MVU – मोबाइल इकाइयों सहित अस्पताल सुदृढ़ीकरण
    - ASCAD – राज्यों को सहायता
- लक्ष्य बीमारियाँ: FMD, ब्रुसेलोसिस, PPR, CSF, लंपी स्किन डिज़ीज़

### भीम 3.0 – BHIM ऐप का नया संस्करण (लॉन्च: अप्रैल 2025)

- विकासकर्ता: NPCI की सहायक कंपनी – भीम सर्विसेज लिमिटेड (NBSL)
- मूल BHIM ऐप लॉन्च: 2016
- **प्रमुख विशेषताएँ:**
    - 15+ भारतीय भाषाओं में उपलब्ध
    - कम इंटरनेट स्पीड पर भी सुचारु कार्य
    - यूज़र डैशबोर्ड से मासिक व्यय और श्रेणीबद्ध खर्च ट्रैकिंग
    - UPI अकाउंट से परिवार के सदस्य जोड़ने की सुविधा

**BHIM Vega:**

- व्यापारियों के लिए विशेष इन-ऐप पेमेंट सॉल्यूशन
- थर्ड-पार्टी ऐप की आवश्यकता नहीं – सीधे मर्चेंट साइट पर भुगतान संभव

**NPCI भीम सर्विसेज लिमिटेड (NBSL):**

- स्थापना: अगस्त 2024
- उद्देश्य: सुरक्षित, नवाचारी और प्रभावी UPI आधारित डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देना

### पारंपरिक गोली सोडा का अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में पुनः लॉन्च

- लॉन्चर: APEDA (कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण)
- ब्रांड नाम: 'गोली पॉप सोडा'
- नवाचार: नई पैकेजिंग व आधुनिक ब्रांडिंग
- बाजार: अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप, खाड़ी देश
- प्रदर्शन स्थल: International Food & Drink Event (IFE) 2025, लंदन (17–19 मार्च)

### जल शक्ति अभियान: कैच द रेन – 2025

- शुभारंभ: 22 मार्च 2025 (विश्व जल दिवस)
- स्थान: पंचकूला, हरियाणा
- उद्घाटनकर्ता: केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल व हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी
- थीम: 'जल संचयन जन भागीदारी: जन जागरूकता की ओर'
- **लक्ष्य:**
    - 148 जिलों में सामुदायिक नेतृत्व से जल संरक्षण
    - जन सहयोग और नवीन रणनीतियों के ज़रिए जल प्रबंधन
    - सहयोगी मंत्रालय: जल शक्ति मंत्रालय, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, हरियाणा सरकार

### UPI लेनदेन प्रोत्साहन योजना (2024–25)

- स्वीकृति: प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट द्वारा
- अवधि: 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025
- बजट: ₹1,500 करोड़
- लक्ष्य: P2M (Person to Merchant) रूप में ₹2,000 तक के भीम-UPI लेनदेन को बढ़ावा देना
- लाभार्थी: केवल छोटे व्यापारी
- **प्रोत्साहन का स्वरूप:**
    - श्रेणी ₹ 2,000 तक के लेनदेन ₹ 2,000 से अधिक
    - छोटे व्यापारी 0.15% प्रोत्साहन + शून्य MDR कोई प्रोत्साहन नहीं
    - बड़े व्यापारी शून्य MDR, कोई प्रोत्साहन नहीं कोई प्रोत्साहन नहीं
- **तकनीकी प्रदर्शन शर्तें (20% राशि के लिए):**
    - 10% – यदि तकनीकी विफलता < 0.75%
    - 10% – यदि सिस्टम अपटाइम > 99.5%
- **मुख्य लाभ:**
    - डिजिटल भुगतान व कैशलेस इकोनॉमी को प्रोत्साहन
    - व्यापारियों को तुरंत भुगतान
    - पारदर्शिता और तकनीकी स्थिरता में सुधार

### दुबई में भारत बना शीर्ष FDI स्रोत (2024)

- रिपोर्ट स्रोत: दुबई FDI मॉनिटर रिपोर्ट
- भारत का योगदान: दुबई के कुल FDI में 21.5% (शीर्ष स्थान)
- अन्य देश: अमेरिका – 13.7%, फ्रांस – 11%, UK – 10%, स्विट्ज़रलैंड – 6.9%
- फोकस क्षेत्र: ग्रीनफील्ड परियोजनाएं
- मान्यता: फाइनेंशियल टाइम्स की FDI मार्केट्स रिपोर्ट में दुबई लगातार चौथे वर्ष शीर्ष गंतव्य

### सोशल स्टॉक एक्सचेंज (SSE) – निवेश सीमा में बदलाव

- नियम में संशोधन: SEBI द्वारा
- नया निवेश मानदंड: न्यूनतम राशि ₹10,000 → ₹1,000
- लाभ: खुदरा निवेशकों की बढ़ती भागीदारी
- उपकरण: ZCZP (Zero Coupon Zero Principal Instruments)
- प्रभाव: सामाजिक परियोजनाओं के लिए आसान फंडिंग
- विशेषताएँ: पारदर्शिता, प्रभावी रिपोर्टिंग और सामाजिक प्रभाव ट्रैकिंग

### स्वावलंबिनी पहल – महिला उद्यमिता को बढ़ावा

- शुभारंभ: जयंत चौधरी (राज्य शिक्षा मंत्री)
- स्थान: चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
- सहयोगी संस्थान: नीति आयोग व राष्ट्रीय उद्यमिता व लघु व्यवसाय विकास संस्थान
- लक्ष्य समूह: पूर्वी भारत की महिला छात्राएं
- **मुख्य कार्यक्रम:**
    - 600 छात्राओं हेतु उद्यमिता जागरूकता सत्र
    - 300 चयनित छात्राओं को 40 घंटे का गहन प्रशिक्षण
    - विषय: व्यवसाय विकास, वित्तीय पहुंच, बाजार जुड़ाव, कानूनी अनुपालन

- लक्ष्य: 10% प्रतिभागियों को उद्यम स्थापित करते देखना

## आदर्श महिला-हितैषी ग्राम पंचायत (MWFGP) पहल

- शुभारंभकर्ता: पंचायती राज मंत्रालय
- लक्ष्य: प्रत्येक जिले में कम से कम एक महिला-अनुकूल ग्राम पंचायत
- विजन: "विकसित पंचायत से विकसित भारत"
- **उद्देश्य:**
  - महिलाओं व बालिकाओं के लिए सुरक्षित, समावेशी और न्यायसंगत पंचायत
  - पंचायतों में महिला समानता और सहभागिता को सशक्त बनाना
- **प्रमुख गतिविधियाँ:**
  - प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण (वर्चुअल उद्घाटन)
  - समर्पित डैशबोर्ड लॉन्च
  - सर्वोत्तम प्रथाओं पर प्रस्तुतियाँ
  - सूचनात्मक वीडियो का प्रदर्शन
  - 8 मार्च 2025 को महिला ग्राम सभाओं का आयोजन पूरे देश में

## 'समर्थ' – C-DOT का नवाचार आधारित इनक्यूबेशन कार्यक्रम

- लॉन्च: 19 मार्च 2025
- आयोजक: C-DOT (दूरसंचार विभाग के अधीन)
- **उद्देश्य:**
  - स्टार्टअप्स को विचार से व्यावसायीकरण तक मार्गदर्शन
  - तकनीकी नवाचार को टिकाऊ व स्केलेबल व्यवसायों में बदलना
- **फोकस क्षेत्र:**
  - टेलीकॉम सॉफ्टवेयर, साइबर सुरक्षा, 5G/6G, AI, IoT, क्वांटम टेक्नोलॉजी
- प्रत्येक बैच में अधिकतम 18 स्टार्टअप शामिल
- कार्यन्वयन भागीदार: सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (STPI)
- परिदृश्य: टेलीकॉम और IT क्षेत्र में नवाचार को गति देने वाला अनुकूल वातावरण

## नामरूप-IV अमोनिया-यूरिया संयंत्र को मंजूरी

- मंजूरी: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट द्वारा
- स्थान: ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइज़र कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BVFCL), नामरूप, असम
- लागत: ₹ 10,601.40 करोड़ (ऋण-इक्विटी अनुपात 70:30)
- समाप्ति अवधि: 48 महीने
- उत्पादन क्षमता: 12.7 LMT यूरिया/वर्ष
- **लाभ:**
  - पूर्वोत्तर व पूर्वी भारत की उर्वरक आवश्यकताओं की पूर्ति
  - ऊर्जा दक्ष संयंत्र
  - प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार
  - कृषि उत्पादकता में वृद्धि
- **संयुक्त उद्यम (JV) इक्विटी भागीदारी:**
  - असम सरकार – 40%
  - BVFCL – 11%
  - HURL – 13%
  - NFL – 18%
  - OIL – 18%

## राष्ट्रीय कर्मयोगी जन सेवा कार्यक्रम 2025

- आयोजन अवधि: 5 से 11 मार्च 2025
- स्थान: डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र, नई दिल्ली
- आयोजक: सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय
- **उद्देश्य:**
  - लोक सेवकों में समाधान-उन्मुख, दयालु व नागरिक-केंद्रित सेवा भावना का विकास
  - अधिकारियों के कौशल व दक्षता को बढ़ाना
  - नागरिकों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव सुनिश्चित करना

## इंडियाएआई कंप्यूट पोर्टल और एआईकोशा का शुभारंभ

- लॉन्च: केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा
- **इंडियाएआई कंप्यूट पोर्टल:**
  - 18,000+ GPU, क्लाउड स्टोरेज और AI संसाधन
  - उपयोगकर्ता: छात्र, स्टार्टअप्स, शोधकर्ता, शिक्षाविद, सरकारी संस्थान
    - उद्देश्य: भारत में मूल AI मॉडल निर्माण को गति देना
- **एआईकोशा डेटासेट प्लेटफ़ॉर्म:**
    - गैर-व्यक्तिगत डेटा, टूल्स और मेंटरशिप उपलब्ध
    - AI नवाचार को समर्थन

## इंडियाएआई मिशन (मार्च 2024):

- बजट: ₹10,371.92 करोड़
- मॉडल: सार्वजनिक-निजी साझेदारी
- उद्देश्य: भारत को वैश्विक AI नवाचार केंद्र बनाना
- संचालन: डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन के IndiAAI Business Division द्वारा

## एसबीआई अस्मिता – महिला उद्यमियों के लिए डिजिटल ऋण योजना

- लॉन्च: भारतीय स्टेट बैंक (SBI) द्वारा
- उद्देश्य: महिलाओं को व्यवसाय विस्तार और आर्थिक आत्मनिर्भरता में सहायता
- **प्रमुख विशेषताएँ:**
    - गारंटी-मुक्त (संपार्श्विक रहित) SME ऋण
    - कम ब्याज दर
    - डिजिटल दस्तावेज़ सत्यापन (GSTIN, बैंक स्टेटमेंट, CIC डेटा आदि)
    - शीर्ष महिला ऋणधारकों को उद्यमिता व प्रबंधन प्रशिक्षण
    - 'नारी शक्ति' प्लैटिनम डेबिट कार्ड भी लॉन्च किया गया

# 4. अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य

## ऑपरेशन ब्रह्मा – म्यांमार भूकंप राहत मिशन

- तिथि: 28 मार्च 2025 को भूकंप के बाद शुरू
- आयोजक: भारतीय सेना
- कमांड: लेफ्टिनेंट कर्नल जगनीत गिल, 118 सदस्यीय मेडिकल टीम (शत्रुजीत ब्रिगेड)
- **प्रमुख कार्य:**
  - 60-बेड वाला मेडिकल सेंटर
  - 50 (I) पैरा ब्रिगेड की विशेषज्ञ बचाव इकाई की तैनाती
  - त्वरित मानवीय सहायता और चिकित्सा राहत

## इंडोनेशिया – न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) का 9वां सदस्य

- घोषणा: 25 मार्च 2025
- ब्रिक्स सदस्यता: इंडोनेशिया 6 जनवरी 2025 को ब्रिक्स का 10वां पूर्ण सदस्य बना
- विशेष: दक्षिण-पूर्व एशिया से पहला ब्रिक्स सदस्य

**NDB**
- स्थापना: 2015 | मुख्यालय: शंघाई
- उद्देश्य: बुनियादी ढांचे और सतत विकास परियोजनाओं को फंडिंग
- वर्तमान अध्यक्ष: डिल्मा रूसेफ (ब्राज़ील)
- क्षेत्रीय कार्यालय: गुजरात (भारत), साओ पाउलो, जोहान्सबर्ग, मास्को

## भारत-सिंगापुर: हरित और डिजिटल शिपिंग कॉरिडोर (GDSC) समझौता

- स्थान: सिंगापुर समुद्री सप्ताह (24–28 मार्च 2025)
- हस्ताक्षरकर्ता: भारत व सिंगापुर
- **उद्देश्य:**
  - शून्य या न्यूनतम GHG उत्सर्जन वाली तकनीक को अपनाना
  - शिपिंग में डिजिटलीकरण व डीकार्बोनाइजेशन को बढ़ावा
  - प्रतिनिधित्व: केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मॉरीशस यात्रा (11–12 मार्च 2025)

- उद्देश्य: द्विपक्षीय संबंधों को "उन्नत रणनीतिक साझेदारी" स्तर तक ले जाना
- **प्रमुख समझौते:**
  - भारत-मॉरीशस उपग्रह का विकास व प्रक्षेपण (ISRO सहयोग से)
  - वेव राइडर बॉय और मल्टी-हैजर्ड सिस्टम का कार्यान्वयन
  - जलवायु निगरानी हेतु इंटरैक्टिव सिस्टम की स्थापना
- राष्ट्रीय दिवस समारोह: 12 मार्च 2025 को पीएम मोदी मुख्य अतिथि
- पीएम मोदी दूसरी बार मुख्य अतिथि बने

## अटल बिहारी वाजपेयी लोक सेवा संस्थान

- उद्घाटन: 12 मार्च 2025 – भारत और मॉरीशस प्रधानमंत्रियों द्वारा
- स्थान: रेडुइट, मॉरीशस
- लागत: $4.74 मिलियन (भारत सरकार का अनुदान)
- **उद्देश्य:**
  - मॉरीशस के लोक सेवकों का प्रशिक्षण
  - नवाचार, नेतृत्व विकास और प्रशासनिक शोध को बढ़ावा

## भारत और न्यूजीलैंड के बीच बहु-क्षेत्रीय समझौते

- न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन भारत की पाँच दिवसीय यात्रा पर
- रक्षा, शिक्षा, खेल, बागवानी और वानिकी सहित पाँच समझौतों पर हस्ताक्षर
- आर्थिक पारस्परिक मान्यता (Mutual Recognition Agreements) का आदान-प्रदान
- आतंकवाद, अलगाववाद और कट्टरपंथ से निपटने में सहयोग
- स्वतंत्र, समृद्ध और खुले इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की साझी प्रतिबद्धता

## हिंद-प्रशांत महासागर पहल (IPOI) में न्यूजीलैंड की भागीदारी

- IPOI की शुरुआत 2019 में PM मोदी द्वारा थाईलैंड में
- उद्देश्य: स्वतंत्र, समावेशी और नियम आधारित व्यवस्था का समर्थन
- न्यूजीलैंड इस स्वैच्छिक बहुपक्षीय मंच का हिस्सा बना

## आपदा रोधी अवसंरचना गठबंधन (CDRI) में न्यूजीलैंड की सदस्यता

- स्थापना: 2019, संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन (न्यूयॉर्क)
- उद्देश्य: आपदा व जलवायु जोखिमों के प्रति लचीले बुनियादी ढांचे को बढ़ावा
- न्यूजीलैंड ने CDRI में सदस्यता ग्रहण की

## भारत की संयुक्त समुद्री बल (CMF) में भागीदारी

- CMF: बहुपक्षीय समुद्री साझेदारी बल
- उद्देश्य: तस्करी, अवैध व्यापार, समुद्री डकैती व समुद्री सुरक्षा
- वर्तमान सदस्य: 46 देश (भारत सहित)
- नेतृत्व: अमेरिकी नौसेना के वाइस एडमिरल के अधीन

## फ्रांस: विश्व का सबसे बड़ा सफेद हाइड्रोजन भंडार खोजा गया

- स्थान: मोसेल क्षेत्र, फ्रांस
- भंडार: 46 मिलियन टन | अनुमानित मूल्य: $92 ट्रिलियन
- खोजकर्ता: जैक्स पिरोनन और फिलिप डी डोनाटो
- **सफेद हाइड्रोजन की विशेषताएँ:**

- प्राकृतिक स्रोत, बिना $CO_2$ उत्सर्जन
- मानवीय/औद्योगिक प्रक्रिया की आवश्यकता नहीं
- हाइड्रोजन का सबसे स्वच्छ और हरित रूप
- संभावित उपयोग: विमानन, नौपरिवहन, इस्पात उत्पादन
- ऊर्जा आत्मनिर्भरता में योगदान और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता में कमी

### अरब लीग आपातकालीन शिखर सम्मेलन

- तिथि: 4 मार्च 2025
- स्थान: काहिरा, मिस्र
- उद्देश्य: गाज़ा पट्टी के पुनर्निर्माण हेतु $53 अरब की योजना
- पृष्ठभूमि: अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की गाज़ा पर कब्ज़े की योजना के प्रतिउत्तर में

**अरब लीग**

- स्थापना: 22 मार्च 1945
- मुख्यालय: काहिरा
- सदस्य देश: 22 (सीरिया की सदस्यता निलंबित)
- उद्देश्य: अरब देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना

### लंदन सुरक्षा सम्मेलन 2025 (यूरोपीय सुरक्षा सम्मेलन)

- आयोजन स्थल: लैंकेस्टर हाउस, लंदन
- तिथि: 2 मार्च 2025
- प्रमुख नेता: इमैनुएल मैक्रों (फ्रांस), कीर स्टारमर (ब्रिटेन), वोलोदिमिर जेलेंस्की (यूक्रेन)
- मुख्य चर्चा: यूरोप की सुरक्षा चिंताएं, यूक्रेन-रूस युद्धविराम
- प्रतिभागी: फ्रांस, जर्मनी, इटली, डेनमार्क, पोलैंड, कनाडा, नाटो, यूरोपीय आयोग आदि

### ऑस्ट्रेलिया-भारत खेल उत्कृष्टता फोरम

- स्थान: GIFT सिटी, गांधीनगर (गुजरात)
- आयोजन तिथि: 5–6 मार्च 2025
- उद्घाटन: केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे
- **उद्देश्य:**
  - ओलंपिक/पैरा ओलंपिक सहयोग
  - खेल विज्ञान, प्रतिभा विकास, इवेंट प्रबंधन में साझेदारी

### G20 व्यापार और निवेश कार्य समूह बैठक – दक्षिण अफ्रीका

- मेजबान: दक्षिण अफ्रीका (18–20 मार्च 2025)
- प्रतिभागी: G20 सदस्य, EU, AU, WTO, UNCTAD, OECD
- थीम: "एकजुटता, समानता, स्थिरता"
- बैठक: 2025 में दक्षिण अफ्रीका की पहली TWGW बैठक

### भारत की भागीदारी – UN-CSW का 69वां सत्र

- **मंच**: संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (ECOSOC)
- स्थान: न्यूयॉर्क
- अवधि: 10–21 मार्च 2025
- भारत का प्रतिनिधित्व: अन्नपूर्णा देवी (महिला एवं बाल विकास मंत्री)
- **फोकस:**
  - लैंगिक समानता, महिलाओं के अधिकार और सशक्तिकरण
  - भारतीय योजनाओं व प्रगति का प्रस्तुतीकरण

### रूस-यूक्रेन काला सागर युद्धविराम सहमति

- मध्यस्थ: सऊदी अरब में वार्ता
- **समझौता:**
  - नौसैनिक युद्धविराम (काला सागर में सुरक्षित नौवहन सुनिश्चित)
  - ऊर्जा प्रणाली पर हमलों पर रोक
- रूस की शर्त: खाद्य-उर्वरक व्यापार प्रतिबंध हटना चाहिए
- पहल: अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा

### आर्मेनिया-अज़रबैजान शांति समझौता

- विवाद क्षेत्र: नागोर्नो-करबाख
- पृष्ठभूमि: 1980 के दशक से चले आ रहे संघर्ष का अंत
- **हालिया घटनाक्रम:**
  - सितंबर 2023 में अज़रबैजान ने करबाख पर सैन्य नियंत्रण स्थापित किया
  - मसौदा समझौते पर सहमति, दो विवादित अनुच्छेदों पर समाधान
  - तीसरे देशों की सैन्य तैनाती को रोकने पर सहमति

### 'ऑपरेशन स्काई शील्ड' – यूरोपीय संघ द्वारा यूक्रेन को सैन्य सहायता

- लॉन्च: यूरोपीय संघ द्वारा यूक्रेन के लिए
- **उद्देश्य:**
  - यूक्रेन के पश्चिमी क्षेत्र को रूसी क्रूज मिसाइलों से बचाना
  - एयर डिफेंस में यूक्रेनी वायुसेना को समर्थन
  - प्रमुख शहरों (ओडेसा, लविव) व तीन परमाणु संयंत्रों की सुरक्षा
- **रणनीति:**
  - 120 लड़ाकू विमानों की तैनाती प्रस्तावित
  - यूरोपीय एयरबेस से EU के विमान उड़ान भरेंगे
  - स्काई शील्ड – NATO से स्वतंत्र, EU-नियंत्रित हवाई सुरक्षा ज़ोन
  - रडार, टोही, ईंधन भरने और इलेक्ट्रॉनिक युद्धक विमानों का भी प्रयोग

### सीरिया में कार्यवाहक सरकार का गठन

- तिथि: 29 मार्च 2025
- पृष्ठभूमि: पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद की सत्ता से हटाए जाने के चार माह बाद
- नेतृत्व: अंतरिम राष्ट्रपति अल जुलानी
- **विशेषताएं:**
  - प्रधानमंत्री का पद नहीं शामिल
  - कुल 23 मंत्रियों की नियुक्ति

- हिंद काबावत – सामाजिक एवं श्रम मंत्री
- ईसाई महिला को मंत्रिमंडल में स्थान
- अनस खत्ताब – नए गृह मंत्री (पूर्व खुफिया प्रमुख)
- कार्यकाल: 5 वर्ष (अंतरिम शासन)

### अमेरिका द्वारा 41 देशों के नागरिकों पर प्रवेश प्रतिबंध

- तिथि: 15 मार्च 2025
- निर्णय: अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा
- कारण: अवैध प्रवास पर नियंत्रण नीति
- शामिल देश: पाकिस्तान, अफगानिस्तान, म्यांमार सहित 41 देश
- प्रकृति: अमेरिकी भूमि में प्रवेश पर रोक

### तांगानिका झील बेसिन – जैव विविधता संरक्षण परियोजना

- सहभागी देश: बुरुंडी, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, तंजानिया, जाम्बिया
- परियोजना अवधि: 2025–2030
- संचालन: संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)
- वित्तपोषण: ग्लोबल एनवायरनमेंट फैसिलिटी (GEF)
- **उद्देश्य:**
  - सीमा पार खतरों की पहचान
  - जैव विविधता और पारिस्थितिकी की सुरक्षा
- **तांगानिका झील:**
  - अफ्रीका की सबसे लंबी और दूसरी सबसे गहरी मीठे पानी की झील
  - आयतन के अनुसार विश्व की छठी सबसे बड़ी झील
  - चार देशों की सीमाओं से घिरी हुई (बुरुंडी, DR कांगो, तंजानिया, जाम्बिया)

### मिशन 300 – उप-सहारा अफ्रीका के लिए ऊर्जा पहल

- उद्देश्य: वर्ष 2030 तक 300 मिलियन लोगों को बिजली उपलब्ध कराना
- साझेदार: विश्व बैंक, अफ्रीकी विकास बैंक, अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं
- वर्तमान स्थिति: क्षेत्र में 600 मिलियन लोग बिजली से वंचित (वैश्विक गैर-विद्युतीकृत जनसंख्या का 83%)
- महत्व: यह केवल विद्युतीकरण नहीं, अफ्रीका के भविष्य को पुनर्परिभाषित करने की दिशा में कदम है

### 10वां रायसीना डायलॉग 2025

- तिथि: 17–19 मार्च, स्थान: नई दिल्ली
- मुख्य अतिथि: न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन
- आयोजक: भारत का विदेश मंत्रालय और ORF
- थीम: "कालचक्र – पीपुल, पीस एंड प्लानेट"
- प्रतिनिधि: 125 देशों से 3,500+ प्रतिभागी
- भागीदार देश: यूक्रेन, क्यूबा, स्वीडन, स्लोवेनिया, लक्ज़मबर्ग आदि
- विशेष उपस्थिति: तुलसी गबार्ड (अमेरिका), रणनीतिक विशेषज्ञ और शिक्षाविद
- परिचय: यह भू-राजनीति और वैश्विक मुद्दों पर भारत का प्रमुख वार्षिक संवाद मंच है

### मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस (MWC) 2025 – बार्सिलोना, स्पेन

- तिथि: 3–6 मार्च 2025
- भागीदारी: भारत के संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया
- भारत पवेलियन: 38 भारतीय दूरसंचार कंपनियाँ (हार्डवेयर + सॉफ्टवेयर समाधान)
- **फोकस:**
  - इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 का उद्घाटन
  - भारत के स्टार्टअप्स और तकनीकी नवाचारों का प्रदर्शन

### C-3: सिटीज कोलिशन फॉर सर्कुलरिटी

- लॉन्च: 3 मार्च 2025
- उद्देश्य: सतत शहरी विकास और कचरा प्रबंधन में सहयोग
- भागीदार: नीति-निर्माता, उद्योग, शोधकर्ता
- **लाभ:**
  - 14 राज्यों के 18 शहरों को 1,800 करोड़ के समझौतों से लाभ
  - शहरों के बीच ज्ञान साझाकरण और संसाधन दक्षता
- पृष्ठभूमि: जयपुर में आयोजित 12वां एशिया-प्रशांत 3R मंच

### सिंगापुर मैरिटाइम वीक 2025

- तिथि: 24–28 मार्च 2025
- भागीदार देश: भारत, सिंगापुर, फ्रांस, नीदरलैंड, नॉर्वे, पुर्तगाल
- भारतीय प्रतिनिधि: केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल
- उद्देश्य: वैश्विक समुद्री इकोसिस्टम को मजबूत और लचीला बनाना

### भारत – तीसरे मध्य एशियाई युवा प्रतिनिधिमंडल का मेजबान

- तिथि: 22–28 मार्च 2025
- आयोजन: युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय (IYEP के तहत)
- प्रतिनिधिमंडल: कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, उज्बेकिस्तान
- उद्देश्य: सांस्कृतिक संबंध और युवा सहयोग को सुदृढ़ करना
- पृष्ठभूमि: भारत-मध्य एशिया शिखर सम्मेलन 2022 की घोषणा के अनुरूप

### 14वीं ADMM-प्लस आतंकवाद विरोधी बैठक

- आयोजन: 19–20 मार्च, नई दिल्ली
- सह-अध्यक्षता: भारत और मलेशिया
- **भागीदारी:**
  - 10 आसियान देश
  - 8 संवाद भागीदार (जैसे अमेरिका, रूस, जापान)

- उद्देश्य: आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ रणनीति साझा करना, रक्षा सहयोग को मजबूत बनाना
- विशेष: भारत की पहली सह-अध्यक्षता, 2024–2027 चक्र की पहली गतिविधि

### एयरटेल और स्टारलिंक की भारत में साझेदारी

- समझौता: 11 मार्च 2025 को
- उद्देश्य: भारत के ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों को हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड से जोड़ना
- माध्यम: एयरटेल रिटेल नेटवर्क द्वारा स्टारलिंक उपकरण की आपूर्ति
- अन्य सहयोगी: रिलायंस जियो ने भी स्टारलिंक से अलग समझौता किया है
- **स्टारलिंक**
  - स्पेसएक्स की सहायक कंपनी
  - अब तक 7000+ उपग्रह
  - विश्व का सबसे बड़ा LEO उपग्रह नेटवर्क

### कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन का नया नाम – कॉमनवेल्थ स्पोर्ट

- घोषणा: राष्ट्रमंडल दिवस (10 मार्च 2025)
- उद्देश्य: पहचान को और स्पष्ट और समावेशी बनाना
- कानूनी नाम: पूर्ववत रहेगा – कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन (CGF)
- बैटन रिले: कॉमनवेल्थ स्पोर्ट किंग्स बैटन रिले का शुभारंभ
- **CGF:**
  - स्थापना: 1930
  - मुख्यालय: लंदन
  - कार्य: राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन
  - आयोजन चक्र: हर 4 वर्ष

### ऑस्ट्रेलिया में चक्रवात 'अल्फ्रेड'

- तिथि: 9 मार्च 2025
- प्रभावित राज्य: क्वींसलैंड, न्यू साउथ वेल्स
- प्रमुख प्रभाव: भारी वर्षा, बाढ़, भू-स्खलन
- सर्वाधिक प्रभावित शहर: गोल्ड कोस्ट

### विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन (WSDS) 2025

- आयोजन: TERI (द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट) द्वारा आयोजित
- उद्घाटन: केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा
- थीम: "सतत विकास और जलवायु समाधानों में तेजी लाने के लिए साझेदारी"
- **भारत के दीर्घकालिक जलवायु लक्ष्य:**
  - 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य
  - 2070 तक नेट-जीरो (शुद्ध-शून्य) उत्सर्जन
  - 2005–2020 के बीच GDP की उत्सर्जन तीव्रता में 36% की कमी
  - 2030 तक उत्सर्जन तीव्रता में 45% कमी का लक्ष्य
- 2025 के केंद्रीय बजट में ऊर्जा सुरक्षा, हरित प्रौद्योगिकी और स्वच्छ ऊर्जा पर विशेष बल

**WSDS**

- वैश्विक वार्षिक मंच
- सतत विकास, पर्यावरणीय नीति, और जलवायु परिवर्तन पर अंतरराष्ट्रीय विमर्श को प्रोत्साहन

# 5. अन्तरिक्ष एवं रक्षा प्रौद्योगिकी

## अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी

### चंद्रयान-5 मिशन: भारत की अगली चंद्र उपलब्धि

- मंजूरी: केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत
- संचालन: ISRO और जापान के सहयोग से
- उद्देश्य: 250 किलो वजनी रोवर को चंद्रमा पर भेजना; बड़ा लैंडर शामिल
- **महत्व:**
  - भविष्य के मानव चंद्र मिशनों का पूर्वाभ्यास
  - 2040 तक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को चंद्रमा पर भेजने के लक्ष्य की दिशा में कदम

**भारत के चंद्रयान मिशन**

| मिशन | प्रक्षेपण वर्ष | प्रमुख उद्देश्य |
|---|---|---|
| चंद्रयान-1 | 2008 | रासायनिक, खनिज, फोटो-भूगर्भिक डेटा संग्रह |
| चंद्रयान-2 | 2019 | चंद्रमा की स्थलाकृति व खनिज संरचना अध्ययन |
| चंद्रयान-3 | 2023 | दक्षिणी ध्रुव पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग |
| चंद्रयान-4 | 2027 (प्रस्तावित) | चंद्र नमूना संग्रह और पृथ्वी वापसी तकनीक का परीक्षण |
| चंद्रयान-5 | (स्वीकृत) | जापान के सहयोग से बड़ा लैंडर और 250 किलो रोवर भेजना |

### ISRO के स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसर

- **विक्रम 3201:**
  - पहला पूरी तरह स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर
  - लॉन्च वाहनों हेतु डिज़ाइन किया गया
  - फ्लोटिंग पॉइंट संगतता, उच्च स्तरीय प्रोग्रामिंग सपोर्ट
- **कल्पना 3201:**
  - SPARC V8 आधारित RISC माइक्रोप्रोसेसर
  - IEEE 1754 ISA पर आधारित
  - ओपन-सोर्स टूलसेट संगत

### सेमी-क्रायोजेनिक इंजन (SE2000) की सफलता

- परीक्षण तिथि: 6 मार्च 2025
- परीक्षण: पावर हेड टेस्ट आर्टिकल (PHTA) सफल
- **उद्देश्य:**
  - गैस जनरेटर, टर्बो पंप, प्री-बर्नर आदि का एकीकृत मूल्यांकन
  - थ्रस्ट चैम्बर के बिना परीक्षण
- **इंजन की विशेषताएँ:**
  - तरल ऑक्सीजन (ऑक्सीडाइज़र) + केरोसिन (ईंधन)
  - पारंपरिक इंजनों से ठंडा लेकिन क्रायोजेनिक इंजनों से गर्म
  - भारी उपग्रह प्रक्षेपण क्षमता में वृद्धि

### स्पेसएक्स फ्रैम-2 मिशन

- लॉन्च तिथि: 31 मार्च 2025
- प्रक्षेपण स्थल: कैनेडी स्पेस सेंटर, फ्लोरिडा (NASA)
- रॉकेट: फाल्कन 9
- कैप्सूल: क्रू ड्रैगन "रेजिलिएंस"
- प्रमुख: चुन वांग (माल्टा, क्रिप्टो निवेशक)
- **प्रमुख विशेषताएँ:**
  - 4 निजी अंतरिक्ष यात्री पहली बार ध्रुवीय कक्षा में
  - 3–5 दिन का अभियान, 22 वैज्ञानिक प्रयोग
  - मानव स्वास्थ्य पर सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव का अध्ययन
  - पृथ्वी के एक ध्रुव से दूसरे की परिक्रमा – ऐतिहासिक मिशन

### सुनीता विलियम्स की ISS से वापसी

- वापसी तिथि: 19 मार्च 2025
- ISS पर प्रवास: 9 महीने (जून 2024 – मार्च 2025)
- मूल योजना: 9 दिन का मिशन
- विलंब कारण: थ्रस्टर विफलता और हीलियम लीक
- वापसी यान: स्पेसएक्स ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट
- साथी यात्री: बुच विल्मोर, निक हेग, अलेक्सांद्र गोरबुनोव

### स्पेसएक्स-नासा क्रू-10 मिशन

- संयुक्त मिशन: NASA + SpaceX
- रॉकेट: फाल्कन 9

- उद्देश्य: ISS पर फंसे यात्रियों की सुरक्षित वापसी और क्रू परिवर्तन
- **नई टीम:**
  - ऐनी मैकक्लेन, निकोल एयर्स (NASA)
  - ताकुया ओनिशी (JAXA, जापान)
  - किरिल पेसकोव (रॉस्कोस्मोस, रूस)
- महत्त्व: स्पेसएक्स की मानव अंतरिक्ष मिशन श्रृंखला का 10वाँ क्रू रोटेशन मिशन

## ESA का 'Gaia' अंतरिक्ष मिशन समाप्त

- अधिकारिक समापन: 27 मार्च 2025
- प्रक्षेपण: 19 दिसंबर 2013
- स्थान: लैग्रेंज बिंदु L2
- उद्देश्य: ब्रह्मांड की 3D मैपिंग, तारों की स्थिति और गति माप
- **उपकरण:**
  - एस्ट्रोमीटर
  - फोटोमीटर
  - स्पेक्ट्रोमीटर
- **उपलब्धियाँ:**
  - मिल्की वे का सबसे सटीक मानचित्र
  - नए प्रकार के ब्लैक होल की खोज
  - क्षुद्रग्रहों की पहचान, स्टारक्वेक्स (तारों में कंपन) का विश्लेषण

## ISRO द्वारा स्पैडेक्स मिशन में 'रोलिंग प्रयोग' सफल

- मिशन: स्पैडेक्स (SPADEX)
- प्रयोग: एक उपग्रह को घुमा कर 'रोटेटिंग' नियंत्रण प्रणाली की जाँच
- **उद्देश्य:**
  - उपग्रह की गतिविधियों पर नियंत्रण विधि का परीक्षण
  - विभिन्न दिशाओं से लक्षित स्थान पर लाने के उपायों का मूल्यांकन
- **उपयोगिता:**
  - द्रयान-4 जैसे भविष्य के मिशनों के लिए सॉफ्टवेयर व नियंत्रण प्रणालियों की पुष्टि
- पृष्ठभूमि: 13 मार्च को दो उपग्रहों की अनडॉकिंग भी सफलतापूर्वक की गई थी

## असम सरकार का 'असमसैट' उपग्रह

- घोषणा: असम बना भारत का पहला राज्य जो स्वयं का उपग्रह लॉन्च करेगा
- सहयोग: IN-SPACeव ISRO
- **उपयोग:**
  - सीमा निगरानी, कृषि, आपदा प्रबंधन, पुलिस व बुनियादी ढाँचा विकास
  - छात्रों को प्रायोगिक उपग्रह निर्माण में शामिल कर वैज्ञानिक रुचि को बढ़ावा

## NASA के दो महत्त्वपूर्ण मिशन लॉन्च

- लॉन्च तिथि: 11 मार्च 2025
- स्थान: वैंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस, कैलिफोर्निया

### SPHEREx मिशन

- पूरा नाम: Spectro-Photometer for the History of the Universe, Epoch of Reionization and Ices Explorer
- लागत: $488 मिलियन
- कक्षा: पृथ्वी से 650 किमी की ध्रुवीय कक्षा
- अवधि: 2 वर्ष (6 माह में आकाश का एक पूर्ण सर्वेक्षण)
- **उद्देश्य:**आकाशगंगाओं के विकास, कॉस्मिक इन्फ्लेशन और जीवन तत्वों की खोज
- **विशेषताएँ:**
  - 102 इन्फ्रारेड रंगों में आकाशीय अवलोकन
  - -210°C तक टेलिस्कोप का तापमान नियंत्रित

### PUNCH मिशन

- पूरा नाम: Polarimeter to Unify the Corona and Heliosphere
- **उद्देश्य:**
  - सूर्य के कोरोना और हेलियोस्फीयर का 3D विश्लेषण
  - CME और सौर हवाओं की उत्पत्ति और प्रसार का अध्ययन
- **संरचना:**
  - 4 कॉम्पैक्ट उपग्रह (प्रत्येक 64 किग्रा) – पृथ्वी की निचली कक्षा में
  - 3D एकीकृत छवि हेतु ऑनबोर्ड कैमरा
- **महत्त्व:**
  - अंतरिक्ष मौसम की सटीक भविष्यवाणी
  - पृथ्वी एवं अंतरिक्ष अभियानों की सुरक्षा में सहायक

# रक्षा प्रौद्योगिकी

## INS तवस्या: नई स्टील्थ फ्रिगेट का जलावतरण

- तिथि: 22 मार्च 2025
- स्थल: गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (GSL)
- नाम प्रेरणा: महाभारत के भीम की गदा 'तवस्या'
- परियोजना: प्रोजेक्ट 1135.6 (भारत-रूस रक्षा सहयोग)
- **विशेषताएँ:**
  - लंबाई: 124.8 मीटर, चौड़ाई: 15.2 मीटर
  - अधिकतम गति: 28 नॉट्स (≈52 किमी/घंटा)
  - विस्थापन: 3600 टन से अधिक
- **युद्ध क्षमता:**
  - सतह, पनडुब्बी, वायु अभियानों में दक्ष
  - स्टील्थ तकनीक और उन्नत प्लेटफॉर्म प्रबंधन प्रणाली
- **पृष्ठभूमि:**
- चार फ्रिगेट समझौते (2016), दो रूस में, दो भारत में
- INS त्रिपुत: पहला भारतीय फ्रिगेट (23 जुलाई 2024)

## भारत का रिकॉर्ड रक्षा उत्पादन

- 2023-24 में घरेलू उत्पादन: ₹1.27 लाख करोड़
- 2014-15 की तुलना में वृद्धि: 174%
- घरेलू निर्माण: अब 65% रक्षा उपकरण स्वदेशी
- **रक्षा निर्यात:**
  - 013-14: ₹686 करोड़ →2023-24: ₹21,083 करोड़
- उद्देश्य: 2029 तक ₹3 लाख करोड़ रक्षा उत्पादन

## FPV 'कामिकाजे' ड्रोन का सफल परीक्षण

- तिथि: 28 मार्च 2025
- परीक्षण स्थल: पठानकोट, पंजाब
- संवर्द्धन: DRDO-TBRL व राइजिंग स्टार ड्रोन बैटल स्कूल
- प्रयोगकर्ता: भारतीय सेना की फ्लेर-डी-लीस ब्रिगेड
- **विशेषताएँ:**
  - एंटी-टैंक हथियार प्रणाली से लैस
  - आत्मघाती हमले की क्षमता, दोहरा सुरक्षा तंत्र
- इतिहास: 'कामिकाजे' शब्द WWII जापान से प्रेरित

## तेजस से एस्ट्रा मिसाइल का सफल परीक्षण

- संस्थान: एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (ADA)
- तिथि/स्थान: चांदीपुर तट, ओडिशा
- **विशेषताएँ:**
  - स्वदेशी बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल (BVRAAM)
  - 100+ किमी मारक क्षमता, उन्नत मार्गदर्शन और नेविगेशन प्रणाली
  - तेजस LCA Mk1 के साथ सफल परीक्षण
  - DRDO, ADA और HAL का संयुक्त प्रयास

## नाग मिसाइल प्रणाली (NAMIS-TR) सौदा

- स्वीकृति: ₹2,500 करोड़ (रक्षा मंत्रालय, 27 मार्च)
- प्रमुख संस्थाएं: आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड (AVNL), DRDO-DRDL
- **NAMIS-TR विशेषताएँ:**
  - ट्रैक्ड एंटी-टैंक मिसाइल सिस्टम
  - "फायर एंड फॉरगेट" तकनीक, उच्च सटीकता
  - यंत्रीकृत पैदल सेना की टैंक रोधी क्षमता में वृद्धि
  - साथ में: 5,000 हल्के सैन्य वाहन (800 किग्रा भार वहन क्षमता), फोर्स मोटर्स व महिंद्रा द्वारा

## INS तमाल: बहु-भूमिका स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट

- निर्माण स्थल: यंतर शिपयार्ड, रूस
- शामिल होने की तिथि: जून 2025 (भारतीय नौसेना में)
- तलवार श्रेणी – बैच 3
- **विशेषताएँ:**
  - अधिकतम गति: 30 नॉट (≈55 किमी/घंटा)
  - भार: 3,900 टन
  - रेंज: 3,000 किमी मिशन क्षमता
  - ब्रह्मोस मिसाइल, पनडुब्बी रोधी रॉकेट, टॉरपीडो से सुसज्जित

## अस्त्र मिसाइल का तेजस से परीक्षण

- तिथि: 12 मार्च 2025
- परीक्षण स्थल: चांदीपुर, ओडिशा
- प्रकार: दृश्य-सीमा से परे हवा-से-हवा में मार करने वाली मिसाइल
- डिज़ाइन: DRDO
- **विशेषताएँ:**
  - 100+ किमी सटीक मारक क्षमता
  - तेजस LCA व नौसेना के मिग-29 से एकीकरण की प्रक्रिया में

## वर्टिकल लॉन्च शॉर्ट रेंज सरफेस-टू-एयर मिसाइल (VL-SRSAM) का सफल परीक्षण

- परीक्षण स्थल: एकीकृत परीक्षण रेंज (ITR), चांदीपुर, ओडिशा
- संस्थान: DRDO और भारतीय नौसेना
- **विशेषताएँ:**
  - पूरी तरह स्वदेशी तकनीक पर आधारित मिसाइल
  - भारतीय नौसेना के युद्धपोतों से लॉन्च के लिए डिज़ाइन
  - वर्टिकल लॉन्च प्रणाली — बहु-दिशात्मक प्रतिक्रिया में सक्षम
- लक्ष्य: कम ऊँचाई पर उच्च गति वाले हवाई लक्ष्यों (फाइटर, ड्रोन, हेलीकॉप्टर) को नष्ट करने की क्षमता
- 360° हवाई सुरक्षा, सक्रिय रडार होमिंग तकनीक से युक्त

## ₹6,900 करोड़ के दो प्रमुख रक्षा अनुबंध

- तिथि: 26 मार्च 2025
- कुल मूल्य: ₹6,900 करोड़
- अनुबंध 1: भारत फोर्ज लिमिटेड से
- उपकरण: 155 मिमी/52 कैलिबर एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम (ATAGS)
- उद्देश्य: भारतीय सेना की पुरानी तोपों की जगह लेना
- फायदे: उच्च मारक क्षमता, लंबी दूरी, बेहतर सटीकता
- अनुबंध 2: टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड से
- उपकरण: 6x6 हाई मोबिलिटी गन टोइंग व्हीकल्स
- उपयोग: तोपों को उच्च गतिशीलता के साथ रणनीतिक रूप से तैनात करना

## अभ्यास

**14वां भारत-रूस 'इंद्र' नौसैनिक अभ्यास**

- तिथि: 28 मार्च – 2 अप्रैल 2025
- स्थान: चेन्नई बंदरगाह और बंगाल की खाड़ी
- स्वरूप: दो चरणों में —
- हार्बर चरण: 28–30 मार्च (समन्वय व योजना)
- सी फेज़: 31 मार्च–2 अप्रैल (संचालनिक अभ्यास)
- उद्देश्य: समुद्री सहयोग, मित्रता और इंटरऑपरेबिलिटी को बढ़ावा देना

**AIKEYME 2025: भारत-अफ्रीका नौसेना अभ्यास (प्रथम संस्करण)**

- तिथि: 13–18 अप्रैल 2025
- आयोजक: भारतीय नौसेना और तंजानिया पीपुल्स डिफेंस फोर्स
- स्थान: दार एस सलाम बंदरगाह, तंजानिया
- भागीदार देश: भारत + 8 अफ्रीकी नौसेनाएँ

**वरुण-2025: भारत–फ्रांस नौसैनिक अभ्यास (23वां संस्करण)**

- तिथि: 19–22 मार्च 2025
- स्थान: हिंद महासागर क्षेत्र
- मुख्य अभ्यास क्षेत्र:
    - सतह, जलमग्न और वायु क्षेत्रीय संचालन
    - बहु-आयामी युद्धाभ्यास

**खंजर-XII अभ्यास: भारत-किर्गिस्तान विशेष बल**

- तिथि: 10–23 मार्च 2025
- स्थान: किर्गिस्तान
- भारतीय प्रतिनिधित्व: पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल)
- किर्गिज प्रतिनिधित्व: स्कॉर्पियन ब्रिगेड

**INIOCHOS-25: बहुराष्ट्रीय वायु अभ्यास (ग्रीस)**

- तिथि: 31 मार्च – 11 अप्रैल 2025
- आयोजक: हेलेनिक वायु सेना (ग्रीस)
- प्रकृति: द्विवार्षिक अभ्यास
- भागीदार देश: भारत समेत 15 देश
- अन्य प्रमुख देश: USA, फ्रांस, इज़राइल, इटली, UAE आदि

**अभ्यास बोंगोसागर-2025 (BONGOSAGAR)**

- तिथि: 10–12 मार्च 2025
- स्थान: बंगाल की खाड़ी, भारत-बांग्लादेश समुद्री सीमा
- प्रकृति: भारत-बांग्लादेश द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास (चौथा संस्करण)
- **उद्देश्य:**समुद्री सुरक्षा और समन्वय, समुद्री अपराध नियंत्रण और सैन्य साझेदारी को बढ़ावा

**अभ्यास सी ड्रैगन 2025 (Sea Dragon)**

- तिथि: 4–19 मार्च 2025
- स्थान: गुआम तट, पश्चिमी प्रशांत महासागर
- प्रकृति: बहुपक्षीय पनडुब्बी रोधी नौसैनिक अभ्यास
- आयोजक: अमेरिकी नौसेना का 7वां बेड़ा
- भागीदार देश: भारत, अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया

**अभ्यास डेजर्ट हंट 2025**

- तिथि: 24–28 फरवरी 2025
- स्थान: वायु सेना स्टेशन जोधपुर
- प्रकृति: एकीकृत त्रि-सेवा विशेष बल अभ्यास
- **शामिल बल:**
    - सेना – पैरा (SF)
    - नौसेना – मरीन कमांडो
    - वायु सेना – गरुड़ (SF)
- उद्देश्य: संयुक्त अभियान योजना, रेगिस्तानी संचालन, इंटर-सर्विस समन्वय

**युद्ध अभ्यास ट्रोपेक्स 2025 (TROPEX)**

- अवधि: जनवरी – मार्च 2025 (तीन माह)
- प्रकृति: नौसेना का कैपस्टोन थिएटर लेवल ऑपरेशनल अभ्यास
- स्थान: हिंद महासागर क्षेत्र
- अभ्यास क्षेत्र: होर्मुज जलडमरूमध्य से सुंडा व लोम्बोक जलडमरूमध्य तक ~5000 NM
- उद्देश्य: युद्ध तैयारी, परिचालन लचीलापन, युद्धक सहयोग

**अभ्यास प्रचंड प्रहार**

- तिथि: 25–27 मार्च 2025
- स्थान: अरुणाचल प्रदेश – चीन सीमा से सटा हिमालयी क्षेत्र
- प्रकृति: एकीकृत थल, वायु और नौसेना संयुक्त अभ्यास
- मेजबानी: भारतीय सेना की पूर्वी कमान

# 6. खेल परिदृश्य

## ICC चैंपियंस ट्रॉफी 2025 – भारत चैंपियन

- तिथि: 9 मार्च 2025
- स्थान: दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम
- फाइनल: भारत ने न्यूज़ीलैंड को 4 विकेट से हराया
- रोहित शर्मा – प्लेयर ऑफ द मैच
- रचिन रविंद्र (NZ) – प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट
- **उपलब्धियाँ:**
  - तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी (2002, 2013, 2025)
  - कुल 7वां ICC खिताब
  - ऑस्ट्रेलिया को पीछे छोड़ सबसे सफल टीम

## सेपकटकरा विश्व कप 2025 – भारत का पहला स्वर्ण

- स्थान: पटना, बिहार
- तिथि: 20–25 मार्च 2025
- फाइनल: भारत ने जापान को 2-1 से हराया (पुरुष रेगु टीम)
- पदक: 1 स्वर्ण, 1 रजत, 5 कांस्य – कुल 7
- कुल रैंकिंग: 4वाँ स्थान
- मेजबानी: भारतीय सेपकटकरा महासंघ, ISTAF
- खेल प्रकृति: दक्षिण-पूर्व एशिया में लोकप्रिय, 'किक वॉलीबॉल' शैली

## प्राग मास्टर्स 2025 – शतरंज में भारत की जीत

- विजेता: जीएम अरविंद चितंबरम (6 अंक)
- महत्वपूर्ण मोड़: अनीश गिरी द्वारा प्रज्ञानानंद पर जीत
- प्रज्ञानानंद: कुल 5 अंक (9 में से)

## खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025

- स्थान: नई दिल्ली (JLN स्टेडियम, KD जाधव हॉल)
- तिथि: 20–27 मार्च 2025
- प्रतिभागी: 1300+ पैरा एथलीट
- **खेल विधाएँ (6):**पैरा एथलेटिक्स, पैरा बैडमिंटन, पैरा पावरलिफ्टिंग, पैरा शूटिंग, पैरा टेबल टेनिस, पैरा तीरंदाजी
- **पदक तालिका:**
  - हरियाणा – 34 स्वर्ण (1st)
  - तमिलनाडु – 28 स्वर्ण (2nd)
  - उत्तर प्रदेश – 23 स्वर्ण (3rd)

## कबड्डी विश्व कप 2025 – पुरुष और महिला दोनों खिताब भारत को

- स्थान: वेस्ट मिडलैंड्स, इंग्लैंड
- पुरुष फाइनल: भारत 44 – इंग्लैंड 41
- महिला फाइनल: भारत 57 – इंग्लैंड 34
- नोट:पहली बार एशिया के बाहर आयोजन हुआ।
- भारत ने 2019 (मलेशिया) में भी दोनों वर्ग जीते थे

## एशियाई महिला कबड्डी चैंपियनशिप 2025

- तिथि: 6–8 मार्च 2025
- स्थान: तेहरान, ईरान
- फाइनल: भारत 32 – ईरान 25
- उपलब्धि: 6 संस्करणों में 5 बार भारत विजेता
- विशेष तथ्य: तेहरान – पहली बार दो बार मेजबान शहर

## SRFI इंडियन टूर 2025 – स्क्वैश में दोहरी भारतीय जीत

- स्थान: भारतीय स्क्वैश व ट्रायथलॉन अकादमी, चेन्नई
- तिथि: 17–21 मार्च 2025
- महिला वर्ग विजेता:
  - अनाहत सिंह ने आकांक्षा सालुंखे को 3-1 से हराया
  - 10वां PSA खिताब
  - जनवरी2025 में ब्रिटिश जूनियर ओपन U-17 विजेता और फरवरी 2025 में एशियाई जूनियर टीम कांस्य
- **पुरुष वर्ग विजेता:**
  - वीर चोटरानी ने फ्रांस के मेलविल साइनीमैनिको को 3-1 से हराया
  - यह उनका पहला भारतीय PSA खिताब | कुल छठा PSA खिताब

## ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025

- स्थान: बर्मिंघम, इंग्लैंड
- तिथि: 11–16 मार्च 2025
- **पुरुष एकल विजेता:**
  - शि यू क्यू (चीन) – ली चिया-हाओ (चीनी ताइपे) को हराकर।
- **महिला एकल विजेता:**
  - एन से-यंग (दक्षिण कोरिया) – वांग झीई (चीन) को हराकर
- **भारत की स्थिति:**
- लक्ष्य सेन क्वार्टर फाइनल में बाहर (2022 – फाइनलिस्ट, 2023 – सेमीफाइनलिस्ट)
- **ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारतीय विजेता:**
  - प्रकाश पादुकोण (1980)
  - पुलेला गोपीचंद (2001)

### महिला प्रीमियर लीग (WPL) 2025 – मुंबई इंडियंस दूसरी बार चैंपियन

- फाइनल: मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 8 रन से हराया
- स्थान: ब्रेबोर्न स्टेडियम

**विजेता सूची:**

- MVP: नेट साइवर-ब्राउन
- ऑरेंज कैप: नेट साइवर-ब्राउन
- पर्पल कैप: अमेलिया केर
- इमर्जिंग प्लेयर: अमनजोत कौर
- फेयर प्ले अवार्ड: गुजरात जायंट्स

### स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स 2025 – भारत का शानदार प्रदर्शन

- स्थान: ट्यूरिन, इटली (पीडमोंट क्षेत्र)
- तिथि: 8–15 मार्च 2025
- **भारत के पदक:**
  - कुल: 33 पदक
  - स्वर्ण – 8 | रजत – 18 | कांस्य – 7
- **खेलवार प्रदर्शन:**
  - स्नोशूइंग – 10
  - अल्पाइन स्कीइंग – 10
  - स्नोबोर्डिंग – 6
  - शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग – 4
  - क्रॉस कंट्री स्कीइंग – 2
  - फ्लोरबॉल – 1
- प्रतिभागी: 1,500 एथलीट, 100+ देश
- अगली मेज़बानी (2027): सैंटियागो, चिली

### खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2025

- पहला चरण: 23–27 जनवरी, लद्दाख
- दूसरा चरण: 9–12 मार्च, गुलमर्ग, जम्मू-कश्मीर
- प्रतिभागी: 19 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और संस्थानों से 400+ खिलाड़ी
- **पदक तालिका:**
  - 1st – भारतीय सेना: 7 स्वर्ण, 5 रजत, 6 कांस्य (कुल 18)
  - 2nd – हिमाचल प्रदेश: 6 स्वर्ण, 5 रजत, 7 कांस्य (कुल 18)
  - 3rd – लद्दाख: 4 स्वर्ण, 2 रजत, 1 कांस्य (कुल 7)
- समापन समारोह: 12 मार्च, गुलमर्ग

### जिमनास्ट प्रणति नायक – विश्व कप में ऐतिहासिक कांस्य

- इवेंट: महिला वॉल्ट स्पर्धा
- स्थान: अंताल्या, तुर्किए
- स्कोर: 13.417
- विश्व कप में पहला पदक
- स्वर्ण: जयला हैंग (अमेरिका) | रजत: क्लेयर पीज़ (अमेरिका)

### एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2025

- स्थान: अम्मान, जॉर्डन
- तिथि: 25–30 मार्च 2025
- **महिला वर्ग:** मनीषा भानवाला (62 किग्रा): स्वर्ण पदक
  - कोरिया की ओक जे किम को 8-7 से हराया
  - पहले 3 बार कांस्य (2022–24)
- **अंकित पंघाल (53 किग्रा): कांस्य पदक**
  - पुरुष वर्ग – ग्रीको-रोमन
- सुनील कुमार (87 किग्रा): कांस्य पदक

### इंटरनेशनल मास्टर्स टी20 लीग 2025

- विजेता: इंडिया मास्टर्स (कप्तान – सचिन तेंदुलकर)
- फाइनल: इंडिया मास्टर्स ने वेस्टइंडीज मास्टर्स को 6 विकेट से हराया
- स्थान: रायपुर, छत्तीसगढ़
- **व्यक्तिगत पुरस्कार:**
  - Player of the Match: अंबाती रायुडू
  - Most Sixes: शेन वॉटसन
  - Masterstroke Award: कुमार संगकारा
- विशेष: पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की वैश्विक टी-20 लीग
  - पहला संस्करण

### रणजी ट्रॉफी 2025 – विदर्भ की तीसरी जीत

- फाइनल मुकाबला: विदर्भ बनाम केरल – निर्णायक पहली पारी बढ़त
- स्थान: नागपुर
- कुल खिताब: तीसरा (पहले: 2017–18, 2018–19)
- **रणजी ट्रॉफी**
  - भारत की सबसे प्रतिष्ठित प्रथम श्रेणी क्रिकेट प्रतियोगिता
  - मुंबई: सर्वाधिक 41 बार विजेता

### ऋत्विक बोलिपल्ली – चिली ओपन 2025 युगल चैंपियन

- जोड़ीदार: निकोलस बैरिएंटोस (कोलंबिया)
- विजय: अर्जेंटीना के मैक्सिमो गोंजालेज व एंड्रेस मोल्टेनी को 6-3, 6-2 से हराया
- स्थान: चिली

### ऋत्विक का 14वां युगल खिताब

- टूर्नामेंट: 2025 चिली ओपन – 27वां संस्करण

### कृष्णा जयशंकर – इनडोर शॉट पुट में ऐतिहासिक उपलब्धि

- पहली भारतीय महिला, जिन्होंने 16 मीटर से अधिक (16.03m) थ्रो किया
- मंच: माउंटेन वेस्ट इंडोर ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप, USA

### भारत की राष्ट्रमंडल खेल 2030 मेजबानी की आधिकारिक बोली

- शहर प्रस्तावित: अहमदाबाद, गुजरात

- बोली नेतृत्व: पीटी उषा (अध्यक्ष, भारतीय राष्ट्रमंडल खेल संघ)
- उद्देश्य: भारत की ओलंपिक 2036 की दावेदारी को सशक्त बनाना
- स्वीकृति: राष्ट्रमंडल खेल महासंघ द्वारा भारत के प्रस्ताव को मंजूरी

**हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025**

- आयोजन स्थल: ताऊ देवी लाल कॉम्प्लेक्स, पंचकूला, हरियाणा
- तिथि: 1–12 मार्च 2025
- विजेता: हॉकी झारखंड – पहली बार चैंपियन
- उपविजेता: हॉकी हरियाणा
- तीसरा स्थान: हॉकी मिजोरम
- इतिहास में सर्वाधिक विजेता: भारतीय रेलवे (8 बार)

**हीरो एशिया कप हॉकी 2025**

- मेज़बान: बिहार (राजगीर)
- तिथि: 29 अगस्त – 7 सितंबर 2025
- स्थान: राजगीर हॉकी स्टेडियम
- प्रतिभागी टीमें: भारत, पाकिस्तान, जापान, कोरिया, चीन, मलेशिया + 2 AHF कप क्वालीफायर
- **इतिहास:**
  - कोरिया – 5 बार विजेता
  - भारत, पाकिस्तान – 3 बार विजेता

**बिली जीन किंग कप 2025 – एशिया-ओशिनिया ग्रुप-1 टूर्नामेंट**

- स्थान: पुणे, महाराष्ट्र
- तिथि: 8–12 अप्रैल 2025
- प्रतिभागी देश: भारत, न्यूजीलैंड, कोरिया, थाईलैंड, हांगकांग, चीनी ताइपे
- प्रारूप: राउंड-रॉबिन (2 एकल + 1 युगल)
- भारतीय टीम: अंकिता रैना, प्रार्थना थोम्बरे के नेतृत्व में

**महाराष्ट्र: 25 वर्षों बाद किसी अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट की मेज़बानी**

- 11वीं एशियाई तैराकी चैंपियनशिप 2025 – भारत में मेज़बानी
- स्थान: नारनपुरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, अहमदाबाद
- तिथि: 1–15 अक्टूबर 2025
- प्रतिस्पर्धाएं: तैराकी, गोताखोरी, कलात्मक तैराकी, वाटर पोलो
- सहयोग: भारतीय तैराकी महासंघ + गुजरात सरकार + एशिया एक्वेटिक्स
- भारत की पिछली मेज़बानी: 2019, 10वीं एशियाई आयु वर्ग चैंपियनशिप

**अचंता शरत कमल – टेबल टेनिस से संन्यास**

- घोषणा: मार्च 2025 में संन्यास की घोषणा की
- अंतिम टूर्नामेंट: WTT स्टार कंटेंडर, चेन्नई (25–30 मार्च 2025)
- **प्रमुख उपलब्धियाँ:**
  - 7 राष्ट्रमंडल स्वर्ण पदक
  - 2 एशियाई खेलों में कांस्य
  - 5 ओलंपिक भागीदारी
- 2024 पेरिस ओलंपिक में भारत के संयुक्त ध्वजवाहक
- वर्तमान पद: भारतीय ओलंपिक संघ के एथलीट आयोग के उपाध्यक्ष

**हॉकी इंडिया अवार्ड्स 2024**

- पुरस्कार विजेता
- बलबीर सिंह सीनियर प्लेयर ऑफ द ईयर (पुरुष) हरमनप्रीत सिंह
- बलबीर सिंह सीनियर प्लेयर ऑफ द ईयर (महिला) सविता पुनिया
- बलजीत सिंह गोलकीपर ऑफ द ईयर सविता पुनिया
- लाइफटाइम अचीवमेंट (मेजर ध्यानचंद अवार्ड) 1975 विश्व कप विजेता पुरुष टीम
- फॉरवर्ड ऑफ द ईयर अभिषेक
- मिडफील्डर ऑफ द ईयर हार्दिक सिंह
- डिफेंडर ऑफ द ईयर अमित रोहिदास
- जुगराज सिंह U-21 प्लेयर ऑफ द ईयर (पुरुष) अराजित सिंह हुंडल
- U-21 प्लेयर ऑफ द ईयर (महिला) दीपिका

# 7. पुरस्कार एवं सम्मान

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विदेशी सर्वोच्च नागरिक सम्मान

- **मॉरीशस का सम्मान:**
  - नाम: ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन (GCSK)
  - तिथि: 12 मार्च 2025
  - प्रदाता: राष्ट्रपति धर्मबीर गोखूल
  - उपलब्धि: इस सम्मान को पाने वाले पहले भारतीय राजनेता
  - अवसर: मॉरीशस के 57वें राष्ट्रीय दिवस के मुख्य अतिथि
- **बारबाडोस का सम्मान:**
  - नाम: ऑनरेरी ऑर्डर ऑफ फ्रीडम ऑफ बारबाडोस
  - तिथि: 6 मार्च 2025 (सम्मान समारोह)
  - घोषणा: 20 नवंबर 2024, भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन, गुयाना
  - प्रदाता की ओर से ग्रहण: केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा
  - कारण: कोविड-19 महामारी के दौरान वैश्विक नेतृत्व और सहयोग के लिए

## 59वां ज्ञानपीठ पुरस्कार (2024)

- प्राप्तकर्ता: विनोद कुमार शुक्ल (हिंदी साहित्यकार)
- घोषणा तिथि: 22 मार्च 2025
- हिंदी भाषा के 12वें साहित्यकार जिन्हें यह सम्मान मिला
- छत्तीसगढ़ राज्य से पहले प्राप्तकर्ता
- 1999 में "दीवार में एक खिड़की रहती थी" के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार
- 58वाँ ज्ञानपीठ: गुलज़ार (उर्दू) और जगद्गुरु रामभद्राचार्य (संस्कृत)

**ज्ञानपीठ पुरस्कार:**

- प्रारंभ: 1965
- प्रथम विजेता: जी. शंकर कुरुप (मलयालम)
- प्रथम महिला: आशापूर्णा देवी (बांग्ला), 1976
- सम्मान: ₹11 लाख नकद, प्रशस्ति पत्र, वाग्देवी की मूर्ति
- प्रदाता संस्था: भारतीय ज्ञानपीठ ट्रस्ट

## RBI – डिजिटल परिवर्तन पुरस्कार 2025

- प्रदाता: लंदन स्थित Central Banking संस्था
- पुरस्कार: Digital Transformation Award 2025
- कारण: RBI की दो प्रमुख डिजिटल पहलों की सफलता

**प्रमुख पहलें:**

| **सारथी:** | **प्रवाह** (Regulatory Application, Verification and Authorization Hub) |
|---|---|
| • प्रारंभ: जनवरी 2023<br>• उद्देश्य: RBI कर्मचारियों के लिए सुरक्षित दस्तावेज़ भंडारण और साझाकरण<br>• परिणाम: संचालन प्रक्रिया का स्वचालन एवं दक्षता में वृद्धि | • प्रारंभ: मई 2024<br>• उद्देश्य: व्यक्तियों और संस्थाओं द्वारा ऑनलाइन विनियामक आवेदन<br>• विशेषता: केंद्रीकृत, वेब-आधारित और सुरक्षित डिजिटल पोर्टल |

## एबेल पुरस्कार 2025

- प्राप्तकर्ता: मासाकी काशीवारा (जापान)
- योगदान: बीजगणितीय विश्लेषण और प्रतिनिधित्व सिद्धांत में मौलिक कार्य
- **उपलब्धि:**
  - पहले जापानी गणितज्ञ जिन्हें यह पुरस्कार मिला
  - जटिल अंतर समीकरणों हेतु शक्तिशाली बीजगणितीय विधियाँ विकसित कीं
  - महत्त्वपूर्ण सहयोगी: फ्रांसीसी गणितज्ञ पियरे शापिरा
- पुरस्कार राशि: 7.5 मिलियन नॉर्वेजियन क्रोनर (~$714,000)
- प्रदाता: नॉर्वेजियन एकेडमी ऑफ साइंस एंड लेटर्स

## प्रित्जकर पुरस्कार 2025 (वास्तुकला का नोबेल)

- प्राप्तकर्ता: लियू जियाकुन (चीन)
- **कार्यक्षेत्र:**
  - सार्वजनिक स्थल, संग्रहालय, अकादमिक संस्थानों के डिज़ाइन
  - घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्रों में खुली जगहों का वास्तु समाधान
- संस्था: Jiakun Architects (30+ परियोजनाएँ)
- प्रायोजक: हयात फाउंडेशन और प्रित्जकर परिवार

## 97वें ऑस्कर पुरस्कार (Academy Awards 2025)

- तिथि: 2 मार्च 2025
- स्थान: डॉल्बी थिएटर, लॉस एंजिल्स
- सर्वाधिक पुरस्कार प्राप्त फिल्म: अनोरा (5 पुरस्कार)

**प्रमुख श्रेणियाँ:**

- सर्वश्रेष्ठ फिल्म: अनोरा
- सर्वश्रेष्ठ निर्देशक: सीन बेकर (अनोरा)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता: एंड्रिअन ब्रॉडी (द ब्रुटलिस्ट)

- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री: माइकी मेडिसन (अनोरा)
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता: कीरन कल्किन (ए रियल पेन)
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री: जो सलदाना (एमिलिया पेरेज)

**अन्य मुख्य विजेता:**

- बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म: आई एम स्टिल हियर (ब्राजील)
- बेस्ट एनिमेटेड फीचर फिल्म: फ्लो
- बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग: El MAI (एमिलिया पेरेज)
- बेस्ट डॉक्यूमेंट्री फीचर: नो अदर लैंड
- बेस्ट एडाप्टेड स्क्रीनप्ले: कॉन्क्लेव
- बेस्ट कॉस्ट्यूम डिज़ाइन: पॉल टाजवेल (पहले ब्लैक डिज़ाइनर)

### IIFA पुरस्कार 2025 (25वाँ संस्करण)

- आयोजन स्थल: जयपुर
- तिथि: 8–9 मार्च 2025
- सर्वश्रेष्ठ फिल्म: लापता लेडीज
- सर्वश्रेष्ठ निर्देशक: किरण राव (लापता लेडीज)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता: कार्तिक आर्यन (भूल भुलैया 3)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री: नितांशी गोयल (लापता लेडीज)
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता: रवि किशन (लापता लेडीज)
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री: जानकी बोड़ीवाला (शैतान)
- सर्वश्रेष्ठ नवोदित अभिनेता: लक्ष्य लालवानी (किल)
- सर्वश्रेष्ठ नवोदित अभिनेत्री: प्रतिभा रांटा (लापता लेडीज)
- सर्वश्रेष्ठ नवोदित निर्देशक: कुणाल खेमू (मडगांव एक्सप्रेस)
- सर्वश्रेष्ठ खलनायक: राघव जुयाल (किल)
- सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशक/गीतकार/संपादन/कहानी/पटकथा: लापता लेडीज को सभी श्रेणियों में पुरस्कार
- आउटस्टैंडिंग अचीवमेंट इन इंडियन सिनेमा: राकेश रोशन

### स्टॉकहोम जल पुरस्कार 2025

- प्राप्तकर्ता: गुंटर ब्लोस्चल (ऑस्ट्रिया)
- **उपलब्धि:**
    - जल संसाधन प्रबंधन व बाढ़ जोखिम विश्लेषण हेतु उत्कृष्ट डेटाबेस व मॉडल
    - जलवायु परिवर्तन से जुड़े जल खतरों के प्रति वैश्विक जागरूकता बढ़ाई
- संस्था: वियना प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
- प्रदाता संस्था: स्टॉकहोम वाटर फाउंडेशन, रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज के सहयोग से
- सम्मान समारोह: अगस्त 2025, स्टॉकहोम जल सप्ताह (राजा कार्ल XVI गुस्ताफ द्वारा)

### रामसर पुरस्कार 2025 – 'वेटलैंड वाइज यूज' श्रेणी

- प्राप्तकर्ता: डॉ. जयश्री वेंकटेसन
- **उपलब्धियाँ:**
    - रामसर पुरस्कार प्राप्त करने वाली पहली भारतीय महिला
    - 'वेटलैंड की दुनिया की 12 महिला परिवर्तनकर्ता' सूची में शामिल
    - संस्था: सह-संस्थापक, Care Earth Trust, चेन्नई
    - ट्रस्ट कार्यक्षेत्र: जैव विविधता संरक्षण, नीति निर्माण, शोध, जागरूकता
- रामसर सम्मेलन: अंतरराष्ट्रीय संधि, मुख्यालय – ग्लैंड (IUCN), स्विट्ज़रलैंड

### होलबर्ग पुरस्कार 2025

- प्राप्तकर्ता: गायत्री चक्रवर्ती स्पिवाक
- **कारण:**सत्ता और ज्ञान की असमान संरचनाओं की आलोचनात्मक पड़ताल और ग्रामीण समुदायों में निरक्षरता के विरुद्ध कार्य और उत्तर-औपनिवेशिक अध्ययन, नारीवाद और उपनिवेशवाद पर प्रभावशाली शोध।
- प्रदाता संस्था: नॉर्वे सरकार द्वारा स्थापित होलबर्ग समिति
- नकद राशि: $5,40,000
- विशेष तथ्य: इस पुरस्कार को अकादमिक क्षेत्र का नोबेल माना जाता है
- स्थान: कोलकाता (पश्चिम बंगाल), भारत

### यूके हाउस ऑफ कॉमन्स में चिरंजीवी का सम्मान

- सम्मान: लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड
- प्रदाता संस्था: ब्रिज इंडिया (Bridge India)
- कारण: सांस्कृतिक नेतृत्व के माध्यम से सार्वजनिक सेवा
- **विशेष तथ्य:**पहली बार यह पुरस्कार किसी व्यक्ति को दिया गया।
- चिरंजीवी आई एंड ब्लड बैंक, हैदराबाद के संस्थापक
    - पद्म विभूषण (2024) से सम्मानित

### स्कॉच अवार्ड्स 2025 – मुथूट माइक्रोफिन

- संस्था: मुथूट माइक्रोफिन
- पुरस्कार: दोहरी स्वर्ण जीत
- प्रदाता: स्कॉच ग्रुप
- **प्रमुख पहलकदमियाँ:**
- **महिला मित्र एप्लीकेशन (1.73 मिलियन डाउनलोड)**
    - श्रेणी: डिजिटल वित्तीय समावेशन
- **गृह रक्षा बीमा योजना**
    - श्रेणी: BFSI में सर्वश्रेष्ठ बीमा योजना
    - लाभार्थी: 2.66 मिलियन

- उद्देश्य: महिला सशक्तिकरण, वित्तीय सुरक्षा, समावेशी विकास

## ईवाई एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर इंडिया 2024

- प्रमुख विजेता: नितिन कामथ (CEO, ज़ेरोधा लिमिटेड)
- भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे EY World Entrepreneur Awards, मोंटे कार्लो (जून 2025)
- **अन्य सम्मानित व्यक्ति:**
- लाइफटाइम अचीवमेंट: के. वी. कामथ (जियो फाइनेंशियल)
- विशेष जूरी पुरस्कार: डॉ. एस. सोमनाथ (पूर्व ISRO अध्यक्ष)

**ज़ेरोधा:**

- स्थापना: 2010
- 2020 में विदेशी निवेश के बिना यूनिकॉर्न बना
- प्रदाता संस्था: Ernst & Young (EY) इंडिया

## अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार 2025 – कन्नड़ भाषा का ऐतिहासिक चयन

- घोषणा तिथि: 25 फरवरी 2025
- घोषणाकर्ता: बुकर पुरस्कार फाउंडेशन
- चयनित पुस्तकें: कुल 13 पुस्तकें
- **महत्वपूर्ण चयन:**
    - पुस्तक: हार्ट लैंप (लघु कथा संग्रह)
    - लेखिका: बानू मुश्ताक (कन्नड़ भाषा)
    - अनुवादक: दीपा भास्थी (अंग्रेज़ी में)
- पहली बार किसी कन्नड़ भाषा की पुस्तक को अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार की लंबी सूची में स्थान मिला।

## महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार 2025

- सम्मानित व्यक्ति: राम सुतार (प्रख्यात मूर्तिकार)
- प्रदाता: महाराष्ट्र सरकार
- **प्रमुख कलाकृतियाँ:**
    - स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (सरदार पटेल)
    - अयोध्या में भगवान राम की 251 मीटर ऊँची मूर्ति
    - संसद भवन, दिल्ली में महात्मा गांधी की बैठी हुई प्रतिमा
    - वर्तमान में इंदु मिल्स, मुंबई में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर कार्यरत
- **पूर्व सम्मान:**पद्म श्री – 1999, पद्म भूषण – 2016

# 8. चर्चित व्यक्तित्व

### राजीव गौबा – नीति आयोग के पूर्णकालिक सदस्य

- पूर्व कैबिनेट सचिव (2019–2024)
- 1982 बैच, झारखंड कैडर के IAS अधिकारी

### न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची – सुप्रीम कोर्ट के नवीन न्यायाधीश

- कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रहे
- संभावित CJI: मई 2031 से 2 अक्टूबर 2031 तक

### संजय कुमार मिश्रा – EAC-PM के पूर्णकालिक सदस्य

- पूर्व प्रमुख, प्रवर्तन निदेशालय (ED)
- 1984 बैच, भारतीय राजस्व सेवा (IRS)

### अंजू राठी राणा – भारत की पहली महिला केंद्रीय कानून सचिव

- भारतीय विधि सेवा की वरिष्ठ अधिकारी
- केंद्र और दिल्ली सरकार में 20+ वर्ष का अनुभव

### अजय सेठ – नए वित्त सचिव

- 1987 बैच, कर्नाटक कैडर IAS अधिकारी
- पूर्व राजस्व सचिव और PM उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्तकर्ता

### निधि तिवारी

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई प्राइवेट सेक्रेटरी
- 2014 बैच, IFS अधिकारी
- पूर्वतः PMO में डिप्टी सेक्रेटरी
- डॉ. अजीत रत्नाकर जोशी – RBI के कार्यकारी निदेशक
- पूर्व प्रधान सलाहकार, सांख्यिकी एवं सूचना प्रबंधन विभाग
- 30 वर्षों का अनुभव (IT, साइबर जोखिम, सांख्यिकी)

### अजय भादू

- GeM (Government e-Marketplace) के नए CEO
- IAS, 1999 बैच, गुजरात कैडर

### डॉ. मयंक शर्मा

- रक्षा लेखा महानियंत्रक (CGDA)
- 1989 बैच, भारतीय रक्षा लेखा सेवा (IDAS)

### अशोक सिंह ठाकुर

- INTACH के अध्यक्ष, कार्यकाल 3 वर्ष
- संस्था: भारतीय राष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक विरासत न्यास (स्थापना: 1984)

### प्रमुख अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक नियुक्तियाँ

**मार्क कार्नी**

- कनाडा के 24वें प्रधानमंत्री
- पूर्व केंद्रीय बैंकर, बिना राजनीतिक अनुभव वाले पहले प्रधानमंत्री
- जस्टिन ट्रूडो के उत्तराधिकारी

**क्रिस्टी कोवेंट्री**

- IOC (International Olympic Committee) की पहली महिला अध्यक्ष
- मूलतः ज़िम्बाब्वे की है।
- 2 बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता

**यामांडू ओर्सी**

- उरुग्वे के नए राष्ट्रपति
- कार्यकाल: 5 वर्ष
- राजधानी: मोंटेवीडियो

**स्टुअर्ट यंग**

- त्रिनिदाद और टोबैगो के नए प्रधानमंत्री
- पूर्व ऊर्जा मंत्री
- राजधानी: पोर्ट ऑफ स्पेन

**क्रिश्चियन स्टॉकर**

- ऑस्ट्रिया के नए चांसलर
- त्रिपक्षीय गठबंधन (ÖVP-SPÖ-Neos) का नेतृत्व
- द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पहली बार ऐसा गठबंधन

## निधन

### पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. देवेंद्र प्रधान का निधन

- निधन: 17 मार्च 2025, नई दिल्ली
- राजनीतिक दल: भारतीय जनता पार्टी (BJP)
- संबंध: राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के आजीवन सदस्य
- **राजनीतिक करियर:**
  - 1998 और 1999 में ओडिशा के देवगढ़ लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित सांसद
  - 1998 में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में भूतल परिवहन राज्य मंत्री
  - 1999–2001: भूतल परिवहन और कृषि राज्य मंत्री
  - 2001: भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त

### प्रसिद्ध ओडिया कवि रमाकांत रथ का निधन

- निधन: 16 मार्च 2025, भुवनेश्वर
- सेवा पृष्ठभूमि: 1957 बैच IAS अधिकारी, ओडिशा के मुख्य सचिव
- **साहित्यिक योगदान:**
  - प्रमुख रचना: 'श्री राधा' कविता संग्रह
  - भाषा: ओड़िया
- साहित्य अकादमी अध्यक्ष: 1998–2003
- सम्मान: पद्म भूषण (2006)

# 9. चर्चित स्थल

## भारत की यूनेस्को अस्थायी सूची में 6 नए स्थल शामिल

- तिथि: 7 मार्च 2025
- **नए स्थल:**

1. कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान – छत्तीसगढ़
2. मुदुमल मेगालिथिक मेनहिर – तेलंगाना
3. अशोकन शिलालेख स्थल – विभिन्न राज्य
4. चौसठ योगिनी मंदिर – मध्य प्रदेश और ओडिशा
5. गुप्त मंदिर – विभिन्न राज्य
6. बुंदेलों के महल-किले – म.प्र. और उत्तर प्रदेश

- भारत की अस्थायी सूची में कुल स्थल: 62
- विश्व धरोहर सूची में भारत के कुल स्थल: 43 (सांस्कृतिक: 35, प्राकृतिक: 7, मिश्रित: 1)
- महत्वपूर्ण तथ्य: भारत ने 2024 में पहली बार विश्व धरोहर समिति की बैठक की मेज़बानी की।

## मध्यप्रदेश के माधव राष्ट्रीय उद्यान को टाइगर रिजर्व का दर्जा

- घोषणा: 9 मार्च 2025
- स्थान: शिवपुरी जिला, म.प्र. (विंध्यन पर्वतमाला)
- नया दर्जा: भारत का 58वाँ टाइगर रिजर्व; म.प्र. का 9वाँ
- क्षेत्रफल: 355 वर्ग किमी

## देश का पहला स्थाई कलाग्राम – प्रयागराज

- घोषणा: 11 मार्च 2025
- स्थल: प्रयागराज, उत्तर प्रदेश
- निर्माण एजेंसी: उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र
- सहयोग: भारत सरकार का संस्कृति मंत्रालय
- उद्देश्य: प्रत्येक सांस्कृतिक केंद्र में एक स्थायी कलाग्राम का निर्माण

## भारत का पहला PPP ग्रीन वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट

- परियोजना: स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के तहत
- स्थान: इंदौर
- साझेदारी: इंदौर नगर निगम (IMC) + एस्ट्रोनॉमिकल इंडस्ट्रीज प्रा. लि.
- उद्देश्य: लकड़ी, पत्तियाँ, फूल आदि ग्रीन वेस्ट को उपयोगी उत्पादों में बदलना

## भारत का पहला ग्रीन हाइड्रोजन व 2G इथेनॉल संयंत्र

- घोषणा: 5 मार्च 2025, शिमला
- स्थान: बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ (बीबीएन) क्षेत्र, सोलन जिला
- साझेदारी: हिमाचल सरकार + स्प्रे इंजीनियरिंग डिवाइसेज लि.
- उत्पादन: API + ग्रीन हाइड्रोजन + 2G इथेनॉल (एकीकृत संयंत्र)
- राज्य लक्ष्य: मार्च 2026 तक "हरित ऊर्जा राज्य"
- राष्ट्रीय योजना: PM JI-VAN योजना (इथेनॉल मिश्रण लक्ष्य – 20% तक)

## बलिया में बनेगा चित्तू पांडेय स्मारक

- घोषणा: उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा
- व्यक्तित्व: चित्तू पांडेय – "बलिया के शेर", भारत छोड़ो आंदोलन के अग्रणी नेता
- 19 अगस्त 1942 को बलिया को स्वतंत्र घोषित किया गया और चित्तू पांडेय को अंतरिम प्रशासक नियुक्त किया गया।

## भारत का पहला विश्व शांति केंद्र

- उद्घाटन: पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद
- स्थल: सेक्टर-39, गुरुग्राम
- संस्थापक: आचार्य लोकेश मुनि (अहिंसा विश्व भारती)
- उद्देश्य: शांति शिक्षा, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण

## वरिष्ठ नागरिक आयोग स्थापित करने वाला पहला राज्य – केरल

- कानूनी आधार: केरल राज्य वरिष्ठ नागरिक आयोग अधिनियम, 2025
- उद्देश्य: बुजुर्गों के अधिकारों की रक्षा, पुनर्वास, नीति निर्माण में भागीदारी
- विशेषता: भारत का पहला वैधानिक वरिष्ठ नागरिक आयोग

## पहला भारतीय बाइसन महोत्सव – देबरीगढ़, ओडिशा

- तिथि: 27 मार्च 2025
- स्थान: देबरीगढ़ वन्यजीव अभयारण्य (बरगढ़ जिला, हीराकुंड बाँध के पास)
- उद्देश्य: गौर/गयाल (भारतीय बाइसन) संरक्षण हेतु जनजागरूकता
- जनगणना: नवंबर 2024 में कुल 669 बाइसन दर्ज

## भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट रेल पुल – नया पंबन पुल

- उद्घाटन: 6 अप्रैल 2025 – पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा
- लंबाई: 2.5 किमी
- स्थान: मुख्य भूमि ↔रामेश्वरमद्वीप
- निर्माण: ₹535 करोड़ की लागत से RVNL द्वारा
- विशेषता: इलेक्ट्रोमैकेनिकल प्रणाली द्वारा लिफ्टिंग
- लाभ: ट्रेन यात्रा समय – 25–30 मिनट से घटकर 5 मिनट से भी कम

## भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन – जींद-सोनीपत मार्ग

- आरंभ: 31 मार्च 2025 (नियोजित)
- ईंधन: हाइड्रोजन फ्यूल सेल
- उत्सर्जन: केवल पानी और गर्मी
- **लाभ:**
  - शून्य कार्बन उत्सर्जन
  - ऊर्जा दक्षता
  - ध्वनि प्रदूषण में कमी

- परियोजना का उद्देश्य: रेलवे को 2030 तक Net-Zero बनाना

### केरल के पलक्कड़ में मेगालिथिक दफन स्थल

- स्थान: मलमपुझा बाँध के निकट, पलक्कड़ (केरल)
- संख्या: 110+ मेगालिथिक संरचनाएँ, 45 हेक्टेयर क्षेत्र में फैलीं
- महत्व: केरल में अब तक का सबसे बड़ा मेगालिथिक दफन स्थल

### भारत की पहली AI-संचालित सौर विनिर्माण लाइन

- स्थल: कोसाम्बा, सूरत (गुजरात) – गोल्डी सोलर द्वारा
- उद्घाटन: प्रह्लाद जोशी (नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री)
- क्षमता: 14 GW संयुक्त उत्पादन (पिपोदरा, नवसारी, कोसाम्बा)
- **तकनीक:**
    - प्रति घंटे 10,000 सोलर सेल
    - AI-आधारित EL और विज़ुअल इंस्पेक्शन
    - ऑटोमेटेड ईवीए लेइंग रोबोट

### वाराणसी में मल्टी-मोडल लॉजिस्टिक्स पार्क (MMLP)

- संयुक्त भागीदारी: NHLML + IWAI
- स्थान: NH-7 से सटे, जियोनाथपुर रेलवे स्टेशन के पास
- आकार: 150 एकड़
- संपर्क: राष्ट्रीय जलमार्ग-1, ईस्टर्न फ्रेट कॉरिडोर, वाराणसी एयरपोर्ट
- लाभ: व्यापार दक्षता, निवेश, स्थानीय रोज़गार में वृद्धि

### छत्रपति शिवाजी महाराज का पहला मंदिर – भिवंडी, महाराष्ट्र

- उद्घाटन: सीएम देवेंद्र फडणवीस द्वारा
- डिज़ाइन: किलों की वास्तुकला पर आधारित
- **मुख्य विशेषताएँ:**
    - क्षेत्रफल: 2,500 वर्ग फीट (मंदिर), 5,000 वर्ग फीट (चारदीवारी)
    - सभा मंडप: 42 फीट लंबा
    - प्रतिमा: 6.5 फीट ऊँची (निर्माता – अरुण योगीराज)

### एलिमको का सहायक उत्पादन केंद्र – त्रिपुरा

- स्थान: पुरबा लक्ष्मीबिल, सिपाहीजाला जिला
- शिलान्यास: 1 मार्च 2025
- **उद्देश्य:**
    - पूर्वोत्तर में सहायक उपकरणों का निर्माण
    - क्षेत्रीय सेवा, वितरण, और सुलभता सुनिश्चित करना

## विविध

### नीति आयोग – फ्रंटियर टेक हब (NITI-FTH)

- घोषणा: 5 मार्च 2025
- कार्य: फ्रंटियर टेक एक्शन टैंक के रूप में
- उद्देश्य: तकनीकी नवाचारों के माध्यम से आर्थिक व सामाजिक विकास को गति देना
- विशेषता: उद्योग, शिक्षा और सरकार के विशेषज्ञों के साथ साझेदारी

### भारत का पहला AI-संचालित खनिज अन्वेषण हैकाथॉन 2025

- स्थान: गोवा | तिथि: 13 मार्च 2025
- उद्घाटन: जी. किशन रेड्डी व प्रमोद सावंत
- उद्देश्य: AI की मदद से खनिज संसाधनों की गहन खोज और अन्वेषण
- महत्त्व: खनिज उत्खनन प्रक्रिया को उन्नत और कुशल बनाना

### ICMR की ड्रोन-बेस्ड कॉर्निया ट्रांसफर पहल

- आरंभ: 24 मार्च 2025
- प्रथम रूट: सोनीपत →AIIMS झज्जर →AIIMS दिल्ली
- सहयोगी संस्थान: ICMR, AIIMS दिल्ली, AIIMS झज्जर, नागरिक उड्डयन मंत्रालय
- महत्त्व: ऑर्गन ट्रांसपोर्ट में समय की बचत और चिकित्सा नवाचार

### इंडिगो एयरलाइंस – वैश्विक रैंकिंग में उपलब्धि

- 2024 में सीट क्षमता वृद्धि: 10.1% → 134.9 मिलियन
- उड़ान आवृत्ति वृद्धि: 9.7% → 7,49,156 उड़ानें
- **ग्लोबल रैंक:**
- दूसरा स्थान: तेजी से बढ़ती एयरलाइन (OAG डेटा)
- पहला स्थान: उड़ानों की संख्या में
- विमान ऑर्डर: 900+ (2024 में 58 नए एयरबस विमानों की डिलीवरी)

### राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (NBWL) – 7वीं बैठक

- तिथि: 3 मार्च 2025 | अध्यक्षता: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (गिर)
- **प्रमुख घोषणाएँ:**
- **नदी डॉल्फिन गणना रिपोर्ट:**
    - कुल: 6,327 | प्रमुख राज्य: यूपी >बिहार >बंगाल >असम
    - 8 राज्यों की 28 नदियों में सर्वे
- वन्यजीव स्वास्थ्य केंद्र: जूनागढ़ में राष्ट्रीय रेफरल सेंटर
- मानव-वन्यजीव संघर्ष समाधान केंद्र: कोयंबटूर (SACON)
- चीता पुनर्वास: गांधीसागर (MP), बन्नी ग्रासलैंड (गुजरात)
- NBWL गठन: 2003
    - भारत का सर्वोच्च वैधानिक वन्यजीव संरक्षण निकाय

## महिला समृद्धि योजना – दिल्ली सरकार

- घोषणा: 8 मार्च 2025 (अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस)
- घोषणाकर्ता: दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता
- लाभार्थी: BPL वर्ग की महिलाएँ
- वित्तीय सहायता: ₹2,500 प्रति माह
- कुल बजट: ₹5,100 करोड़
- उद्देश्य: आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना

## प्रोजेक्ट हिफाजत – पंजाब सरकार

- घोषणा: 7 मार्च 2025
- उद्देश्य: लैंगिक हिंसा के विरुद्ध त्वरित व प्रभावी सहायता
- **सुविधा:**महिलाओं के लिए हेल्पलाइन – 181, बच्चों के लिए बाल हेल्पलाइन – 1098
- दोनों हेल्पलाइन 24x7 सक्रिय
- प्रभाव: एकीकृत सरकारी एजेंसियों के माध्यम से निर्बाध सहायता

## 5G इनोवेशन हैकाथॉन 2025 – दूरसंचार विभाग

- घोषणा: 17 मार्च 2025
- अवधि: 6 महीने
- लाभार्थी: छात्र, स्टार्टअप्स, प्रोफेशनल्स
- **पुरस्कार:**
  - प्रथम – ₹5,00,000
  - द्वितीय – ₹3,00,000
  - तृतीय – ₹1,50,000
- **प्रमुख क्षेत्रों पर फोकस:**
  - नेटवर्क रखरखाव, स्मार्ट हेल्थ, कृषि, D2M, V2X, IoT, क्वांटम कम्युनिकेशन
- प्रारंभिक अनुदान: प्रत्येक टीम को ₹1 लाख
- विजेता घोषणा: 1 अक्टूबर 2025

## भारत की पहली स्वदेशी MRI मशीन

- स्थापना: AIIMS, नई दिल्ली (अक्टूबर 2025 तक)
- तकनीक: 1.5 टेस्ला MRI
- विकासकर्ता: SAMEER संस्था (Society for Applied Microwave Electronic Engineering and Research)
- महत्त्व: मेड-इन-इंडिया चिकित्सा प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता

## प्रोजेक्ट HAKK – HDFC बैंक द्वारा रक्षा कल्याण

- लॉन्च: मार्च 2025
- संबंध: भारतीय वायुसेना के सेवानिवृत्त कर्मियों व परिवारों को सेवा
- सहयोग: वायुसेना का सहायक वायुसेनाध्यक्ष कार्यालय + CSC अकादमी
- केंद्रों की संख्या: 25 सहायता केंद्र
- स्थान: दिल्ली, पुणे, जोधपुर, चंडीगढ़, बेंगलुरु, गुवाहाटी, गुड़गाँव आदि
- सेवाएँ: बैंकिंग, वित्तीय सहायता, सामाजिक समर्थन, जानकारी

## मीडिया निगरानी केंद्र – महाराष्ट्र

- उद्देश्य: प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व डिजिटल मीडिया की निगरानी और विश्लेषण
- संचालन: सूचना एवं प्रचार निदेशालय
- बजट: ₹10 करोड़
- कार्य: भ्रामक/तथ्यात्मक समाचारों का विश्लेषण, सरकारी योजनाओं की छवि निर्माण में सहयोग

## समावेशिता एवं PwDसशक्तिकरण

- पर्पल फेस्ट 2025 स्थान: राष्ट्रपति भवन, दिल्ली | तिथि: 21 मार्च 2025
- उद्देश्य: दिव्यांगजनों की समावेशिता और पहुंच बढ़ाना
- आयोजक: सामाजिक न्याय मंत्रालय के अंतर्गत DePwD
- सांकेतिक भाषा में विधानसभा कार्यवाही – पंजाब पंजाब पहली राज्यसभा बनी जहाँ विधानसभा सत्र को सांकेतिक भाषा में प्रसारित किया गया
- शुरुआत: राज्यपाल का अभिभाषण सांकेतिक भाषा में

## राजीव युवा विकास योजना – तेलंगाना

- उद्देश्य: हाशिए पर मौजूद युवाओं के लिए स्वरोजगार व उद्यमिता
- लक्ष्य वर्ग: SC, ST, BC, अल्पसंख्यक समुदाय
- सहायता: ₹3 लाख तक रियायती ऋण, 60–80% तक सब्सिडी

## फिट इंडिया कार्निवल 2025

- तिथि: 16–18 मार्च | स्थान: जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, दिल्ली
- उद्घाटन: डॉ. मनसुख मांडविया
- उद्देश्य: फिटनेस जागरूकता, मोटापा नियंत्रण
- विशेष: खेलो इंडिया पैरा गेम्स के शुभंकर, लोगो और थीम सॉन्ग का अनावरण

## मत्स्य पालन स्टार्टअप कॉन्क्लेव 2.0 – हैदराबाद

- आयोजन: 8 मार्च 2025
- उद्देश्य: स्टार्टअप्स और ई-गवर्नेंस के माध्यम से क्षेत्रीय नवाचार
- प्रमुख घोषणाएँ:
  - NFDP मोबाइल ऐप
  - स्टार्टअप ग्रैंड चैलेंज 2.0
  - स्टार्टअप उद्यमी मॉडल स्वीकृति

### हर जिले में कैंसर डे केयर सेंटर घोषणा

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा
- लक्ष्य: अगले 3 वर्षों में देश के सभी जिलों में कैंसर सेंटर
- वर्ष 2025 में 200 जिलों में स्थापना प्रारंभ
- उद्देश्य: शीघ्र निदान और उपचार सुनिश्चित करना

### त्रिपुरा की दो नई बालिका योजनाएँ

- **मुख्यमंत्री बालिका समृद्धि योजना:**
  - BPL बालिकाओं हेतु ₹50,000 का बांड
  - 18 वर्ष की आयु पर परिपक्व होकर ₹10 लाख
- **मुख्यमंत्री कन्या आत्मनिर्भर योजना:**
  - मेधावी छात्राओं के लिए
  - CBSE, ISC, TBSE बोर्ड कवर करेगा।

### 'रिपल्स ऑफ चेंज' पुस्तक का विमोचन

- जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल द्वारा

### e-Bkray और Bankne tपोर्टल

- e-Bkray (2019): बैंकों की जब्त परिसंपत्तियों की ऑनलाइन नीलामी
- Banknet (2025): NPA मामलों के लिए पारदर्शी निपटान प्रणाली
- दोनों पोर्टलों को अब एकीकृत कर प्रस्तुत किया गया।
- विशेषताएँ: सुरक्षित भुगतान, KYC, बुद्धिमान नीलामी प्रणाली

### 'बॉन्ड सेंट्रल' पोर्टल

- संचालक: SEBI व OBPP एसोसिएशन
- उद्देश्य: कॉरपोरेट बॉन्ड्स की प्रमाणिक जानकारी का केंद्रीय पोर्टल
- विशेषता: निशुल्क उपयोग | आम जनता के लिए खुला
- पर्यटन और सांस्कृतिक बुनियादी ढांचा

### उत्तर प्रदेश के 5 नए आध्यात्मिक गलियारे

- प्रयागराज-काशी, अयोध्या-गोरखपुर, लखनऊ-नैमिषारण्य, चित्रकूट, मथुरा-वृंदावन मार्ग
- उद्देश्य: धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा, सांस्कृतिक एकता
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महाकुंभ के बाद घोषणा

## प्रमुख सम्मेलन

### अंतर्राष्ट्रीय रामायण कॉन्क्लेव

- तिथि: 26 मार्च, स्थान: कोलंबो, श्रीलंका
- आयोजक: स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र, कोलंबो
- सहयोगी: उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग और भारतीय उच्चायोग
- महत्वपूर्ण स्थल: सीता एलिया, मनावरी मंदिर, मुन्नेश्वरम मंदिर

### फेस्टिवल ऑफ लेटर्स 2025 (एशिया का सबसे बड़ा साहित्य महोत्सव)

- तिथि: 7–12 मार्च 2025, स्थान: नई दिल्ली
- आयोजक: साहित्य अकादमी, संस्कृति मंत्रालय
- उद्घाटन: गजेंद्र सिंह शेखावत
- मुख्य अतिथि: महेश दत्तानी (नाटककार)

### योग महोत्सव 2025

- तिथि: 13 मार्च, स्थान: नई दिल्ली
- उद्घाटन: प्रताप राव जाधव (आयुष राज्यमंत्री)
- उद्देश्य: अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले जागरूकता

### COAIEMA-2025 सम्मेलन

- स्थान: लखनऊ
- मुख्य विषय: AI की चुनौतियाँ एवं अवसर – इंजीनियरिंग और प्रबंधन में
- आयोजक: Council of Asian Industry and Emerging Market Alliances
- उद्देश्य: नवाचार, हरित प्रौद्योगिकी और डिजिटलीकरण

### बोधिपथ फिल्म महोत्सव 2025

- तिथि: 10–11 मार्च, स्थान: इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली
- आयोजक: IBC और दलाई लामा फाउंडेशन
- थीम: बुद्ध की शिक्षाएँ और समसामयिक मानसिक स्वास्थ्य

### 'पर्यावरण–2025' राष्ट्रीय सम्मेलन

- तिथि: 29–30 मार्च, स्थान: नई दिल्ली
- आयोजक: राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT)
- उद्घाटन: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू
- उद्देश्य: पर्यावरणीय समस्याओं व समाधान पर चर्चा

### PSCF 2025 – Private Sector Collaboration Forum

- तिथि: 25–27 मार्च, स्थान: मुंबई
- मेजबान: RBI और वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग)
- उद्देश्य: FATF सदस्य देशों और निजी क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा

### ग्रिडकॉन 2025 – विद्युत क्षेत्र

- तिथि/स्थान: 9–11 मार्च, नई दिल्ली
- उद्घाटन: मनोहर लाल खट्टर
- आयोजक: पावरग्रिड व CIGRE इंडिया
- उद्देश्य: अक्षय ऊर्जा, डिजिटल ग्रिड और परिसंपत्ति प्रबंधन पर चर्चा

**टेककृति 2025**

- एशिया का सबसे बड़ा तकनीकी महोत्सव
- स्थान: IIT कानपुर (27–30 मार्च)
- उद्घाटन: CDS जनरल अनिल चौहान
- विशेष आयोजन: मिनी डिफेंस एक्सपो
- थीम: विज्ञान, टेक्नोलॉजी और स्टार्टअप इनोवेशन

**नारी शक्ति से विकसित भारत सम्मेलन**

- तिथि/स्थान: 8 मार्च, नई दिल्ली
- उद्घाटन: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू
- अभियान आरंभ: #SheBuildsBharat
- आयोजक: महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

**जल स्थिरता सम्मेलन 2025**

- तिथि/स्थान: 12 मार्च, नई दिल्ली
- उद्घाटन: जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल
- आयोजक: NWM, BWUE, TERI
- विषय: जल उपयोग दक्षता एवं उद्योगों में सतत जल प्रबंधन

**विश्व टीबी दिवस 2025 – राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन**

- तिथि: 24 मार्च
- थीम: Yes! We Can End TB: Commit, Invest, Deliver
- उद्घाटन: जगत प्रकाश नड्डा
- उपलब्धि: टीबी उपचार कवरेज 59% → 85%

**आहार 2025**

- कृषि और खाद्य महोत्सव
- स्थान: भारत मंडपम, नई दिल्ली
- आयोजक: ITPO व APEDA
- थीम: कृषि उत्पादों और प्रोसेसिंग नवाचार का वैश्विक प्रदर्शन

**नैनो-इलेक्ट्रॉनिक्स सम्मेलन और रोड शो**

- तिथि: 27 मार्च, बेंगलुरु
- संयुक्त आयोजक: MeitY, IISc, IITs
- थीम: सेमीकंडक्टर, क्वांटम टेक्नोलॉजी, न्यूरोमॉर्फिक कंप्यूटिंग
- उद्देश्य: स्वदेशी नवाचार और शोध साझेदारी

**'हैक द फ्यूचर' हैकथॉन 2025 – IIT गांधीनगर**

- तिथि: 23 मार्च
- आयोजक: NSO India
- भागीदारी: IIT, NIT, IIIT की 18 टीमें
- उद्देश्य: बहु-हितधारक नवाचार सहयोग

**भारतीय नवाचार इकोसिस्टम में तालमेल – राष्ट्रीय कार्यशाला**

- तिथि/स्थान: 22 मार्च, गिफ्ट सिटी, गांधीनगर
- आयोजक: नीति आयोग
- उद्देश्य: स्टार्टअप्स, सरकार और उद्योग के बीच नवाचार सहयोग को बढ़ाना

**स्नो मैराथन लाहौल – 2025 (4वाँ संस्करण)**

- तिथि/स्थान: 23 मार्च, सिस्सू (हिमाचल प्रदेश)
- **विशेषताएँ:**
  - एशिया की एकमात्र और दुनिया की सबसे ऊँची स्नो मैराथन (11,000 फीट)
  - 42, 21, 10 व 5 किमी की श्रेणियाँ
  - सेना, वायुसेना, ITBP, SSB की भागीदारी

**बिल्ड भारत एक्सपो 2025**

- तिथि/स्थान: 19–21 मार्च, भारत मंडपम, नई दिल्ली
- उद्घाटन: जीतन राम मांझी (MSME मंत्री)
- उद्देश्य: MSMEs को तकनीकी नवाचार, व्यापार और वैश्विक संपर्क के लिए मंच प्रदान करना

**भारत 2047: जलवायु-लचीला भविष्य निर्माण सम्मेलन**

- तिथि/स्थान: 19–22 मार्च, भारत मंडपम
- आयोजक: MoEFCC, हार्वर्ड, SAI संस्था
- थीम: जलवायु अनुकूलन और बहु-हितधारक नीति संवाद

**भारत नवाचार शिखर सम्मेलन – टीबी उन्मूलन**

- तिथि/स्थान: 18–19 मार्च, नई दिल्ली
- उद्घाटन: अनुप्रिया पटेल
- आयोजक: DHR-ICMR, CTD
- उद्देश्य: 2025 तक TB उन्मूलन के लिए अग्रणी तकनीकी समाधान

**विविधता का अमृत महोत्सव 2025**

- तिथि/स्थान: उद्घाटन – 5 मार्च, राष्ट्रपति भवन
- केंद्रबिंदु: दक्षिण भारत + लक्षद्वीप-पुडुचेरी
- उद्देश्य: सांस्कृतिक विविधता और संवाद का उत्सव
- साझेदार मंत्रालय: संस्कृति, वस्त्र, जनजातीय कार्य, पर्यटन

**डेयरी क्षेत्र: सस्टेनेबिलिटी व सर्कुलरिटी कार्यशाला**

- तिथि/स्थान: 3 मार्च, नई दिल्ली
- उद्घाटन: अमित शाह
- आयोजक: DAHD और NDDB
- थीम: संसाधन कुशलता, टिकाऊ डेयरी उत्पादन

## विजिटर सम्मेलन 2024-25

- आयोजन स्थल: राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली
- तिथि: 3 मार्च 2025 (दो दिवसीय सम्मेलन)
- उद्घाटनकर्ता: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु
- **उद्देश्य:**उच्च शिक्षा की गुणवत्ता सुधारना, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना और भारत को वैश्विक ज्ञान केंद्र के रूप में स्थापित करना

**विजिटर पुरस्कार 2024-25 विजेता सूची**

| **श्रेणी** | **विजेता** | **संस्थान** |
|---|---|---|
| नवाचार पुरस्कार | प्रो. सरिपेल्ला श्रीकृष्ण | बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (BHU) |
| भौतिक विज्ञान अनुसंधान | प्रो. अश्विनी कुमार नांगिया | हैदराबाद विश्वविद्यालय |
| जैविक विज्ञान अनुसंधान (संयुक्त) | प्रो. रीना चक्रवर्ती और प्रो. राज कुमार | दिल्ली विश्वविद्यालय और पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय |
| प्रौद्योगिकी विकास पुरस्कार | डॉ. वेंकटेश्वरलू चिंताला | गति शक्ति विश्वविद्यालय |

# 10. इंडेक्स एवं रिपोर्ट

## विश्व खुशहाली रिपोर्ट 2025

- जारीकर्ता: संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समाधान नेटवर्क (UN-SDSN) और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय का वेलबीइंग रिसर्च सेंटर
- तिथि: 20 मार्च 2025
- कुल देश: 147

| शीर्ष देश | निचले 5 देश |
|---|---|
| 1. फिनलैंड (लगातार 8वाँ वर्ष) | 1. ज़िम्बाब्वे (143) |
| 2. डेनमार्क | 2. मलावी (144) |
| 3. आइसलैंड | 3. लेबनान (145) |
| 4. स्वीडन | 4. सिएरा लियोन (146) |
| 5. नीदरलैंड | 5. अफगानिस्तान (147) – लगातार चौथा वर्ष अंतिम स्थान |

- भारत की रैंक: 118वाँ
- पड़ोसी देशों की रैंक:
  - चीन – 68
  - नेपाल – 92
  - पाकिस्तान – 109
  - श्रीलंका – 133
  - बांग्लादेश – 134

## हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2025 – महिला अरबपति और भारत की स्थिति

- रोशनी नादर:भारत की पहली महिला जो शीर्ष 10 वैश्विक अमीर महिलाओं में शामिल हुई।
  - रैंक: 5वीं
  - कंपनी: HCL टेक्नोलॉजीज
  - संपत्ति: ₹3.5 लाख करोड़ (≈$40 बिलियन)

## दुनिया की शीर्ष 5 सबसे धनी महिलाएँ:

| रैंक | नाम | संपत्ति (बिलियन डॉलर) | कंपनी |
|---|---|---|---|
| 1. | एलिस वाल्टन (यूएसए) | 102 | वॉलमार्ट |
| 2. | फ्रैंकोइस बेटेनकोर्ट मेयर्स (फ्रांस) | 67 | लोरियल |
| 3. | जूलिया कोच एंड फैमिली (यूएसए) | 60 | कोच इंडस्ट्रीज |
| 4. | जैकलीन मार्स (यूएसए) | 53 | मार्स इंक |
| 5. | रोशनी नादर (भारत) | 40 | HCL टेक्नोलॉजीज। |

## भारत में अरबपतियों की स्थिति:

| रैंक | नाम | संपत्ति (लाख करोड़ रुपये) | कंपनी |
|---|---|---|---|
| 1 | मुकेश अंबानी एवं परिवार | 8.6 | रिलायंस |
| 2 | गौतम अडानी एवं परिवार | 8.4 | अदानी |
| 3 | रोशनी नादर एवं परिवार | 3.5 | एचसीएल |
| 4 | दिलीप सांघवी एवं परिवार | 2.5 | सन फार्मा |
| 5 | अज़ीम प्रेमजी और परिवार | 2.2 | विप्रो |

- कुल अरबपति: 284 (13 नए जुड़ाव)

## ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स (GTI) 2025

- जारीकर्ता: Institute for Economics & Peace (IEP)
- आधार: 163 देशों में आतंकी हमलों, मृतकों, घायलों, और आर्थिक-राजनीतिक प्रभाव का मूल्यांकन
- भारत की रैंक: 14वीं
- **GTI 2025 – शीर्ष 5 आतंकवाद प्रभावित देश:**

| क्रमांक | देश का नाम |
|---|---|
| 1 | बुर्किना फासो |
| 2 | पाकिस्तान |
| 3 | सीरिया |
| 4 | माली |
| 5 | नाइजर |

- प्रमुख तथ्य: तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (TTP) – सबसे तेजी से उभरता आतंकी समूह
- इस्लामिक स्टेट – दुनिया का सबसे खतरनाक आतंकी संगठन
- साहेल क्षेत्र – आतंकवाद का नया केंद्र

## ग्लोबल फाइनेंशियल सेंटर्स इंडेक्स (GFCI) – रिपोर्ट

- जारीकर्ता: Z/Yen Group
- कुल अध्ययन: 133 वित्तीय केंद्र (119 मुख्य सूचकांक में शामिल)
- गिफ्ट सिटी (Gujarat International Finance Tec-City): वैश्विक रैंकिंग में सुधार: 52 → 46वाँ स्थान
- फिनटेक श्रेणी में रैंक: 45 → 40वाँ स्थान
- Reputational Advantage श्रेणी: प्रथम स्थान
- एशिया-प्रशांत क्षेत्र: टॉप 15 में
- मूल्यांकन संकेतक: कारोबारी माहौल, अवसंरचना, मानव संसाधन, प्रतिस्पर्धात्मकता आदि

## भारत: विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक

- स्थिति: 1998 से लगातार विश्व में प्रथम स्थान
- 2023-24 उत्पादन: 239.2 मिलियन टन
- वैश्विक योगदान: 25%
- 10 वर्षों में वृद्धि: 63.56% (2014-15 में 146.3 मिलियन टन)
- प्रति व्यक्ति उपलब्धता: 471 ग्राम/दिन (विश्व औसत: 322 ग्राम)
- **प्रमुख उत्पादक राज्य:**
    - उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, पंजाब

## वैश्विक मुक्त भाषण सूचकांक 2024

- जारीकर्ता: The Future of Free Speech (अमेरिकी थिंक टैंक)
- शोध शीर्षक: "Who Supports Free Speech Around the World?"
- देशों की संख्या: 33
- भारत की रैंक: 24वाँ, स्कोर: 62.6
- शीर्ष देश: नॉर्वे (87.9)
- उल्लेखनीय सुधार: पाकिस्तान, इंडोनेशिया, मलेशिया
- गिरावट: अमेरिका, इज़राइल, जापान
- आश्चर्यजनक उच्च स्कोर वाले सत्तावादी देश:
    - हंगरी (85.5), वेनेजुएला (81.8)

## विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2025 – IQAir द्वारा

- आधार: PM2.5 स्तर पर सूक्ष्म कणीय प्रदूषण
- विश्व में सबसे प्रदूषित शहर: बर्नीहाट (मेघालय), PM2.5 – 128.2 $\mu g/m^3$
- विश्व की सबसे प्रदूषित राजधानी: नई दिल्ली – लगातार छठे वर्ष (PM2.5 – 91.8 $\mu g/m^3$)
- भारत के 13 शहर टॉप 20 प्रदूषित शहरों में शामिल
- भारत की वैश्विक रैंक: 5वाँ सर्वाधिक प्रदूषित देश (2024 में 3rd)

**विश्व स्तर पर सबसे प्रदूषित पाँच देश:**

1. चाड
2. बांग्लादेश
3. पाकिस्तान
4. डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ़ कांगो
5. भारत

- भारत के 6 सैटेलाइट शहर: फरीदाबाद, लोनी, दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, ग्रेटर नोएडा
- सबसे स्वच्छ शहर: मायाग्यूज़ (प्यूर्टो रिको), PM2.5 – 1.1 $\mu g/m^3$
- WHO मानक प्राप्त करने वाले केवल 7 देश: ऑस्ट्रेलिया, बहामास, बारबाडोस, एस्टोनिया, ग्रेनेडा, आइसलैंड, न्यूजीलैंड
- विश्व का सबसे स्वच्छ क्षेत्र: ओशिनिया (57% शहर WHO मानकों पर)

## वैश्विक हथियार हस्तांतरण रिपोर्ट 2025 – SIPRI द्वारा

| 5 सबसे बड़े हथियार निर्यातक देश (अवधि: 2020-24) | 5 सबसे बड़े हथियार आयातक देश (अवधि: 2020-24) |
|---|---|
| 1.संयुक्त राज्य अमेरिका | 1. यूक्रेन |
| 2.फ्रांस | 2. भारत |
| 3.रूस | 3. कतर |
| 4.चीन | 4. सऊदी अरब |
| 5. जर्मनी | 5. पाकिस्तान |

**प्रमुख आँकड़े:**

- वैश्विक हथियार हस्तांतरण में कुल 0.6% गिरावट
- अमेरिका के निर्यात में 21% वृद्धि, रूस के निर्यात में 64% गिरावट
- भारत के हथियार आयात में 9.3% गिरावट (2015–19 की तुलना में)
- भारत के हथियार आयात में 36% हिस्सा रूस का
- पाकिस्तान के आयात में 61% वृद्धि, जिनमें 81% आपूर्ति चीन से
- चीन पहली बार 1990–94 के बाद शीर्ष 10 आयातकों से बाहर
- NATO यूरोपीय देशों के आयात में 155% वृद्धि, 64% हिस्सा अमेरिका से

**क्षेत्रीय हिस्सेदारी (2020–24):**

1. एशिया-ओशिनिया: 33%
2. यूरोप: 28%
3. मध्य पूर्व: 27%
4. अमेरिका: 6.2%
5. अफ्रीका: 4.5%

## संयुक्त राष्ट्र विश्व जल विकास रिपोर्ट 2025 – यूनेस्को द्वारा प्रकाशित

- रिपोर्ट का शीर्षक: "पर्वत एवं ग्लेशियर : जल मीनार" (Mountains and Glaciers: Water Towers)
- जारी तिथि: 21 मार्च, 2025 (प्रथम ग्लेशियर दिवस के अवसर पर)
- प्रकाशन: यूएन-वॉटर द्वारा, यूनेस्को के विश्व जल मूल्यांकन कार्यक्रम (WWAP)
- **मुख्य उद्देश्य:**
- पर्वतीय क्षेत्रों में बढ़ते तापमान और ग्लेशियरों के पिघलने के प्रभाव को रेखांकित करना।

- पर्वतीय जल स्रोतों पर निर्भर समाजों के सतत विकास पर इसके प्रभाव को समझाना।
- **विश्व जल संसाधनों की स्थिति:**
- **मीठे जल का उपयोग:**72% जल कृषि क्षेत्र में उपयोग होता है।15% जल उद्योग में उपयोग होता है।
- बचे हुए जल का उपयोग घरेलू उपयोग के लिए किया जाता है।
- **वैश्विक जल उपयोग में वृद्धि:**
- 2000 से 2021 के बीच 14% वृद्धि दर्ज की गई।
- वृद्धि की औसत दर 0.7% प्रति वर्ष रही।

# 11. महत्वपूर्ण दिवस

**शून्य भेदभाव दिवस (1 मार्च)**
- उद्देश्य: भेदभाव मुक्त समाज का प्रोत्साहन और समान अधिकार प्रदान करना।
- 2025 की थीम: "We Stand Together" (हम एक साथ खड़े हैं)
- प्रकाशन: संयुक्त राष्ट्र और संयुक्त राष्ट्र एड्स कार्यक्रम द्वारा।

**विश्व नागरिक सुरक्षा दिवस (1 मार्च)**
- उद्देश्य: नागरिक सुरक्षा रणनीतियों और लोगों की सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना।
- 2025 का विषय: "नागरिक सुरक्षा, जनसंख्या के लिए सुरक्षा की गारंटी"

**विश्व वन्यजीव दिवस (3 मार्च)**
- उद्देश्य: जंगली जानवरों और पौधों की सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना।
- 2025 की थीम: "वन्यजीव संरक्षण वित्त: लोगों और ग्रह में निवेश"

**विश्व श्रवण दिवस (3 मार्च)**
- उद्देश्य: श्रवण क्षमता की कमी और बहरेपन की रोकथाम के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना।
- 2025 की थीम: "मानसिकता बदलना: कान और श्रवण देखभाल को सभी के लिए एक वास्तविकता बनाने के लिए स्वयं को सशक्त बनाना"

**जन औषधि दिवस (7 मार्च)**
- उद्देश्य: सस्ती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं के उपयोग को बढ़ावा देना।
- 2025 की थीम: "दाम कम, दवाई उत्तम"

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च)**
- उद्देश्य: महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का उत्सव मनाना।
- 2025 की थीम: "सभी महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए: अधिकार, समानता सशक्तिकरण"

**अंतर्राष्ट्रीय महिला न्यायाधीश दिवस (10 मार्च)**
- उद्देश्य: न्यायपालिका में महिलाओं के योगदान को उजागर करना और न्यायिक भूमिकाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना।
- महत्वपूर्ण तथ्य: भारत की पहली महिला उच्च न्यायालय न्यायाधीश अन्ना चांडी (1937) थीं।

**CISF का 56वां स्थापना दिवस (10 मार्च)**
- स्थापना: 15 मार्च 1969, भारतीय संसद के एक अधिनियम के तहत।
- मुख्य उद्देश्य: भारत में बड़े सार्वजनिक एवं निजी संस्थानों को सुरक्षा प्रदान करना।

**धूम्रपान निषेध दिवस (12 मार्च, 2025)**
- उद्देश्य: लोगों को धूम्रपान के दुष्प्रभावों से परिचित कराना और जागरूकता फैलाना।

**विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस (15 मार्च)**
- उद्देश्य: उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उनके संरक्षण की आवश्यकता को याद दिलाना।
- 2025 की थीम: "स्थायी जीवन शैली के लिए एक उचित परिवर्तन"

**राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस (16 मार्च)**
- उद्देश्य: टीकाकरण के माध्यम से रोगों की रोकथाम में सार्वजनिक स्वास्थ्य की भूमिका को उजागर करना।
- इतिहास: 1995 में इस दिन पल्स पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम की शुरुआत हुई थी।
- 2025 की थीम: "टीके सभी के लिए काम करते हैं" (Vaccines Work For All)

**विश्व गौरैया दिवस (20 मार्च)**
- उद्देश्य: गौरैया की घटती संख्या को लेकर जागरूकता और संरक्षण को प्रोत्साहन देना।
- इतिहास: इसकी शुरुआत 2010 में 'नेचर फॉरएवर' फाउंडेशन द्वारा की गई थी।
- 2012 में, गौरैया को दिल्ली का राज्य पक्षी घोषित किया गया।

**अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस (20 मार्च)**
- उद्देश्य: खुशी को बढ़ावा देना और इसके महत्व को समझाना।
- 2025 की थीम: "देखभाल और साझा करना" (Happiness For All, Forever)
- इतिहास: इस दिवस की शुरुआत संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2012 में की गई थी।

**अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस (21 मार्च)**
- उद्देश्य: वनों के महत्व के प्रति जागरूक करना और वैश्विक वन संरक्षण प्रयासों को प्रोत्साहित करना।
- 2025 की थीम: "वन और भोजन" (Forests and Food)

**विश्व कविता दिवस (21 मार्च)**
- उद्देश्य: कविता के माध्यम से शांति, समावेश और सांस्कृतिक संवाद को बढ़ावा देना।
- 2025 की थीम: "शांति और समावेश के लिए एक सेतु के रूप में कविता"

**विश्व जल दिवस (22 मार्च)**

- उद्देश्य: जल और स्वच्छता संकट के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समाधान हेतु कार्रवाई को प्रेरित करना।
- 2025 की थीम: 'ग्लेशियर संरक्षण'

**विश्व मौसम विज्ञान दिवस (23 मार्च)**

- उद्देश्य: मौसम विज्ञान और इसके विज्ञान के बारे में जागरूकता बढ़ाना।
- इतिहास: 23 मार्च 1950 को विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) की स्थापना की याद में यह दिवस मनाया जाता है।
- 2025 की थीम: "एक साथ प्रारंभिक चेतावनी अंतर को बंद करना"

**शहीद दिवस (23 मार्च)**

- उद्देश्य: भारत के क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव थापर और शिवराम राजगुरु की शहादत को याद करना।
- इतिहास: 23 मार्च 1931 को लाहौर की सेंट्रल जेल में इन शहीदों को फांसी दी गई थी।

**विश्व क्षय रोग दिवस (24 मार्च)**

- उद्देश्य: तपेदिक (टीबी) के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इसके उन्मूलन के प्रयासों को प्रोत्साहित करना।
- 2025 की थीम: "Yes! We Can End TB: Commit, Invest, Deliver"
- इतिहास: पहला विश्व टीबी दिवस 24 मार्च 1982 को WHO द्वारा मनाया गया था।

**विश्व रंगमंच दिवस (27 मार्च)**

- उद्देश्य: रंगमंच कला के महत्व को पहचानना और उसे प्रोत्साहित करना।
- 2025 की थीम: "Theatre and a Culture of Peace"

**अंतर्राष्ट्रीय शून्य अपशिष्ट दिवस (30 मार्च)**

- उद्देश्य: शून्य अपशिष्ट की अवधारणा को बढ़ावा देना, जिसमें कचरे को पूरी तरह से समाप्त करने या न्यूनतम करने पर बल दिया जाता है।
- इतिहास: इसे संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 14 दिसंबर 2022 को पारित प्रस्ताव के तहत मान्यता दी गई।

**विश्व ग्लूकोमा सप्ताह (9-15 मार्च)**

- उद्देश्य: ग्लूकोमा (काला मोतियाबिंद) रोग के बारे में जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक रोगियों की पहचान करना।

**जन औषधि सप्ताह (1 से 7 मार्च)**

- उद्देश्य: सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाओं के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना।
- आयोजन: केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और रसायन मंत्रालय के तत्वावधान में।
- 2025 की विशेषता: 7 मार्च को 'जन औषधि दिवस' के रूप में मनाया जाएगा।

CIVIL SERVICES DAY के अवसर पर बढ़ाएँ प्रशासनिक सेवा की ओर कदम...

**Samyak**
An Institute For Civil Services

Presents

CSO
CIVIL SERVICES OLYMPIAD

# IAS RAS

## की तैयारी के लिए 100% तक स्कॉलरशिप पाने का स्वर्णिम अवसर

YOU MAY GET

1st PRIZE
BIKE + 100% SCHOLARSHIP



UPTO 100% SCHOLARSHIP

2nd PRIZE
LAPTOP + 90% SCHOLARSHIP



3rd-5th PRIZE
MOBILE + 80% SCHOLARSHIP



**TO ALL PARTICIPANTS**

- NCERT नींव निर्माण COURSE ~~₹10000~~ FREE
- Certificate of Appreciation
- MINIMUM 25% SCHOLARSHIP
- IAS/RAS PRE & MAINS SOLVED PAPERS BOOKLET FREE

रजिस्ट्रेशन शुल्क ₹51

SCAN QR FOR REGISTRATION

**SYLLABUS**
NCERT OF 9th & 10th : SOCIAL STUDIES, SCIENCE & TECH.
NCERT OF 11th : INDIAN CONSTITUTION
CURRENT AFFAIRS : OCT. 2024 - MAR. 2025

परीक्षा की तिथि 20th APRIL
परीक्षा का समय 10:00 AM-11:30 AM

रजिस्ट्रेशन के लिए
मिस कॉल भी कर सकते है 9785722722

www.civilservicesolympiad.com

**परीक्षा केंद्र**
1. जयपुर, 2. भरतपुर, 3.सीकर, 4.शाहपुरा, 5. झुंझुनूं , 6. उदयपुर,
7. दौसा, 8. अजमेर, 9. चुरू, 10. नागौर, 11. श्री गंगानगर, 12. गंगापुर सिटी,
13. जोधपुर, 14. बीकानेर,15. कोटा, 16. पावटा

H.O. NEAR RIDDHI - SIDDHI, JAIPUR 9875170111